भोपाल
सोमवार, 10 फरवरी 2025
माघ मास शुक्ल पक्ष -13
वर्ष : 11, अंक : 317
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 29
न्यून. 15

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

अक्षयवट और श्री बड़े हनुमानजी का करेंगी दर्शन



## राष्ट्रपति मुर्मू आज संगम में लगाएंगी आस्था की डुबकी

प्रयागराज। प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदम रखेंगी और इसकी भव्यता व दिव्यता की साक्षी बनेंगी। वे आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी और इस दौरान संगम स्नान के साथ ही यहां अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। वे डिजिटल महाकुंभ अनुभव केंद्र का अवलोकन करेंगी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। इससे शेष पेज 6 पर

विश्व की सबसे बड़ी टायर निर्माता कंपनियों में से एक ब्रिजस्टोन मप्र में अपनी मौजूदा इकाई का विस्तार करेगी। नई उत्पादन लाइन, अनुसंधान, विकास केंद्र और कौशल विकास केंद्र की स्थापना की योजना भी बनी है।

इन्वेस्टर्स के लिए आइडियल डेस्टिनेशन बन रहा है मप्र, जीआईएस से प्रदेश का इंडस्ट्रियल सेक्टर होगा बूस्ट-अप

# यूके, जर्मनी और जापान की कंपनियां तकनीक के क्षेत्र में भी मप्र को 'संवारेंगी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) अब कई मामलों में खास होने जा रही है। एक तरफ भोपाल के आसपास के औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप, बगरोदा, पीलूखेड़ी, गोविंदपुरा, अचारपुरा और फंदा के उद्यमियों को इसका लाभ मिलेगा साथ में उन युवाओं में भी खासा उत्साह है, जो नई तकनीक को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूर्ण करने में सहभागी बनना चाहते हैं।

विदेशी कंपनियों के निवेश से भी मप्र में रोजगार व उद्योग में इजाफा होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेश संबंधी अपने विदेश दौरे शेष पेज 6 पर

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24, 25 फरवरी 2025
भोपाल



### व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष फ्रेमवर्क

मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जेट्रो) के अध्यक्ष सुसुमु काताओका के साथ बैठक में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष फ्रेमवर्क पर सहमति बनी है। जेट्रो मप्र में अपना शेष पेज 6 पर

## जर्मन निवेशक को जर्मनी में ही भूमि आवंटन-पत्र प्रदान किया

नवंबर 2024 में मुख्यमंत्री के 6 दिवसीय यूके और जर्मनी दौरे में उद्योगपतियों और निवेशकों से निवेश प्रस्ताव मिले थे। मुख्यमंत्री के यूके-जर्मनी दौरे से पहले सागर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में प्रस्ताव आया था कि तकनीकी क्षेत्र में जर्मनी और भारत संयुक्त रूप से भोपाल के अचारपुरा में इकाई स्थापित करेंगे। इस कंपनी के जर्मन निवेशक को जर्मनी में भूमि आवंटन-पत्र प्रदान किया गया। कंपनी भोपाल में 100 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करेगी। सॉफ्टवेयर और आईटी पार्क के निर्माण पर विभिन्न इंटरेक्टिव सेशन और राउंड टेबल डिस्कशन भी हुए। वुडपैकर सॉफ्टवेयर ने रसायन और आईटी सेक्टर में 1,100 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है।

### जापान जीआईएस में कंट्री पार्टनर के रूप में शामिल होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव पूरे आत्मविश्वास से कहते हैं कि इस बार जापान, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कंट्री पार्टनर के रूप में शामिल होगा, जिससे दोनों देशों के बीच आर्थिक और औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। जापान की कंपनियों ने मप्र में मेडिकल डिवाइस, ऑटोमोबाइल्स, मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और टैक्सटाइल (रेडिमेड गारमेन्ट्स) सेक्टर में निवेश करने की इच्छा जताई है। जापान की कंपनियों के सहयोग से हम प्रदेश को इन्वेस्टमेंट के लिए एक आइडियल डेस्टिनेशन और इंडस्ट्री फ्रेंडली स्टेट बनाने की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

*इंपैक्ट फीचर*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### श्रद्धा वाल्कर के पिता की हार्ट अटैक से मौत

**नई दिल्ली।** तीन साल पुराने श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड का फैसला अभी तक नहीं आया, लेकिन श्रद्धा के पिता विकास वालकर का रविवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। विकास अपनी बेटी का केस लड़ रहे थे। उन्हें बेटी की अस्थियों का इंतजार था ताकि उसका अंतिम संस्कार कर पाते, इससे पहले ही उनका निधन हो गया। श्रद्धा की हड्डियां सबूत के तौर पर रखी गईं हैं।



### सीएम यादव आज देंगे करोड़ों की सौगात

**देवास।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जिले के पीपलरावां पहुंचेंगे। जहां भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। साथ ही 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को 1553 करोड़, 81 लाख किसानों को किसान कल्याण योजना के तहत 1624 करोड़, 56 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 337 करोड़ सिंगल क्लिक कर राशि प्रदान करेंगे।



### आज परीक्षा पे चर्चा करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी आज यानी सोमवार को परीक्षा पे चर्चा करेंगे। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी स्टूडेंट्स को बोर्ड परीक्षा के टिप्स देते नजर आएंगे। इस साल पीपीसी का अंदाज काफी बदला हुआ है। परीक्षा पे चर्चा का 8वां संस्करण 8 एपिसोड्स में टेलीकास्ट किया जाएगा और पीएम मोदी के साथ ही कुछ गेस्ट्स भी नजर आएंगे। पढ़ें पेज 09 भी



**दो जवान शहीद दो घायल हुए**

मुठभेड़ सुबह इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में हुई, यह नक्सलियों के लिए सुरक्षित ठिकाना

# दनादन गोलीबारी के बीच नक्सलियों की मांद में घुसे जवानों ने 31 को ठोक डाला

मारे गए नक्सलियों में 20 पुरूष 11 महिलाएं शामिल

बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के लिए तीन चार जगह सुरक्षित मानी जाती हैं। इनमें अबूझमाड़, नेशनल पार्क और साउथ बस्तर भी शामिल है। इस बार जवानों ने जहां कार्रवाई की है वह नक्सलियों का आदर्श क्षेत्र था।

इससे पहले अक्टूबर 2024 को दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले की सीमा पर थुलथुली गांव में 35 नक्सली मारे गए थे। 16 अप्रैल 2024 को मुठभेड़ में 33 नक्सली ढेर किए गए थे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबल के जवानों ने रविवार को मुठभेड़ के दौरान 31 नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मियों भी शहीद हुए हैं जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस साल नक्सलियों के खिलाफ यह सबसे बड़ा अभियान है। इस साल अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने 81 नक्सलियों को मार गिराया है।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ सुबह इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में हुई। जब विभिन्न सुरक्षाबलों का एक संयुक्त दल नक्सल रोधी अभियान पर निकला था। अधिकारियों ने बताया कि शेष पेज 6 पर

### घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षाबलों को भेजा गया, दो घायल जवानों को निकालने के लिए जगदलपुर से एमआई-17 हेलीकॉप्टर मौके पर पहुंचा

**खास बातें**

- इस साल राज्य में अभी तक 81 नक्सलियों को मार गिराया
- बीजापुर डीआरजी एसटीएफ और बस्तर फाइटर के जवानों की नक्सलियों की खिलाफ यह सबसे बड़ी कार्रवाई
- मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में एके 47 एसएलआर, इंसास राइफल, बीजीएल लांचर हथियार और विस्फोटक पदार्थ बरामद


नक्सलियों के शव

### राहतः खतरे से बाहर हैं घायल जवान

पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मियों ने भी जान गंवाई है। जिनमें से एक राज्य पुलिस के जिला रिजर्व गार्ड से तथा दूसरा विशेष कार्य बल से था। दो अन्य सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। उन्होंने घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर शेष पेज 6 पर

### अब नक्सलवाद के चलते किसी भारतीय की नहीं जाएगी जान: शाह

31 नक्सलियों के ढेर होने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह से नक्सलवाद खत्म करने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि इसके बाद देश के किसी भी नागरिक की शेष पेज 6 पर

### ये भी मुठभेड़

- **25 मई 2024**: सुकमा और बीजापुर जिले में 3 नक्सली ढेर
- **08 जून** : अबूझमाड़ के आमदई एरिया में 6 नक्सली मारे गए
- **10 मई** : बीजापुर में 12 नक्सलियों को मौत की नींद सुलाया
- **15 जून** : नारायणपुर जिले के ओरछा थाना के फरसबेड़ा-धुरबेड़ा के बीच 8 नक्सली ढेर
- **03 सितंबर** : दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा पर नौ माओवादी ढेर
- **05 सितंबर** : छत्तीसगढ़ और तेलंगाना बॉर्डर पर 6 नक्सली ढेर
- **22 नवंबर** : सुकमा जिले के थाना भेज्जी इलाके में 10 नक्सली ढेर

प्रयागराज जाने वाले रास्ते ठप, करीब 10 हजार वाहन फंसे

# मप्र-यूपी बॉर्डर पर 20 किमी लंबा जाम, 'वाहनों' में ही रात गुजार रहे



- हाइवे पर वाहन रोके जाने से मैहर में भीड़ उमड़ने की संभावना
- महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों से प्रयागराज जाने का एकमात्र रास्ता एनएच 30

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना/मैहर/रीवा/कटनी

प्रयागराज महाकुंभ में भीड़ बढ़ने से जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। लिहाजा, वहां वाहनों की नो एंट्री हो जाने से एनएच 30, कटनी, मैहर और रीवा में वाहनों को रोका गया। जाम में फंसे लोगों ने वाहनों में ही रात गुजारी। वाहनों की गति इतनी धीमी रही कि एक दो किमी का सफर 4 से 5 घंटे में पूरा हो शेष पेज 6 पर

### शव लेकर जा रहा परिजनों का वाहन जाम में फंसा

रायसेन। महाकुंभ में रायसेन की 50 वर्षीय महिला की हार्ट अटैक से मौत हो गई। शनिवार को महिला अपने परिवार के साथ महाकुंभ स्नान के लिए आई थीं। रविवार सुबह संगम घाट के पास उन्हें हार्ट अटैक आया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। मृतका का नाम उषा चतुर्वेदी शेष पेज 6 पर



### 14 तक संगम स्टेशन बंद, स्थानीय सड़कें भी हुई जाम

प्रयागराज। महाकुंभ मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की चौतरफा रेलमपेल भीड़ हो गई। अनियंत्रित हुई भीड़ को देखते हुए प्रशासन 14 फरवरी तक के लिए संगम स्टेशन बंद कर दिया। इधर अफवाह फैली की प्रयागराज स्टेशन बंद कर दिया गया। हालांकि प्रशासन की सूझबूझ से अफवाह बेअसर हो गई। इसके बाद दारागंज रोड, नागवासुकि मार्ग सहित स्थानीय सड़कें शेष पेज 6 पर

राज्य में मई 2023 से जातीय हिंसा चल रही

# मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने दिया इस्तीफा, शाह से की मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने रविवार शाम मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

- 200 लोगों के मारे जाने के बाद उन पर था इस्तीफे का दबाव

शनिवार रात को उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। पिछले साल के अंत में राज्य शेष पेज 6 पर



### इस्तीफे की वजह थी सरकार गिरने की आशंका

बीरेन सिंह ने रविवार सुबह दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद इंफाल लौटकर इस्तीफा दे दिया। मणिपुर विधानसभा का सत्र सोमवार से शुरू शेष पेज 6 पर

इंदौर से बहन की शादी में विदिशा आई थी

# महिला संगीत में डांस कर रही युवती की मंच पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शादी समारोह में महिला संगीत के कार्यक्रम के दौरान मंच पर डांस करते-करते एक युवती की मौत हो गई। युवती इंदौर की रहने वाली थी। विदिशा में अपनी कजिन सिस्टर की शादी में शामिल होने आई थी।

ये घटना शनिवार रात करीब 10 बजे की है। इसका वीडियो रविवार को सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि परिणीता (23) नाम की युवती मंच पर डांस कर रही है। इसी दौरान 'लहरा के बलखा के..' गाना बजता है। युवती इस गाने पर डांस स्टेप करती है। तभी अचानक खड़े-खड़े ही मुंह के बल मंच पर गिर जाती है। आशंका है कि डांस करते समय ही शेष पेज 6 पर



पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे से वापसी के बाद होगा शपथ समारोह

# अगले 10 दिन में मिल जाएगा दिल्ली को 'नया मुख्यमंत्री'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के प्रभारी बैजयंत पांडा ने कहा कि दिल्ली को अगले 10-15 दिन में नया मुख्यमंत्री मिल जाएगा। दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 13 फरवरी के बाद होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 13 फरवरी तक फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। भाजपा 27 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है। पार्टी चाहती है कि नई सरकार के शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहें। इसलिए, शपथ ग्रहण समारोह शेष पेज 6 पर


सचदेवा के घर जुटे विधायकों को उन्होंने बधाई दी

*मोदी 10 से 13 फरवरी तक फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर रहेंगे*

### सचदेवा ने एलजी से मांगा मिलने का वक्त

भाजपा ने रविवार को उपराज्यपाल से मिलने का समय भी मांग लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एलजी विनय सक्सेना से अपने नए 48 विधायकों और सात सांसदों संग मिलने के लिए पत्र लिखकर वक्त मांगा है। उधर, सीएम आतिशी ने रविवार को अपना इस्तीफा एलजी को सौंप दिया।

रात के तापमान में उतार-चढ़ाव के साथ हल्की सर्दी का दौर

# दो दिन में 7 डिग्री उछला भोपाल का पारा, शाम की हवाओं में सर्दी

प्रदेशभर में दिन में हवाएं दक्षिण पूर्वी और शाम से हो रहीं उत्तरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को राजधानी सहित प्रदेशभर में दिन के तापमान में तेजी से बढ़त रही। भोपाल में दो दिन में अधिकतम पारा 7 डिग्री से अधिक बढ़ने से मौसम सामान्य रहा। अधिकांश जिलों में दिन के तापमान में औसतन दो डिग्री तक बढ़त के बाद औसत दिन का पारा सामान्य से दो डिग्री तक अधिक पहुंच गया है। इससे दिन में मौसम खुशनुमा रहेगा, लेकिन शाम से हवाएं उत्तरी होने से हल्की ठंडक घुली रही। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन बाद तापमान में और बढ़त होगी।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार दक्षिण पश्चिमी राजस्थान के ऊपर एक इन्ड्यूस्ड सिस्टम बना हुआ है। इससे हवाएं बदल रही हैं। राजधानी में शनिवार को दिन के तापमान में 4 शेष पेज 6 पर


शीतलदास की बगिया का दृश्य

*केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में कई साल से चुनिंदा शहर ही टॉप थ्री में आ रहे हैं, इसलिए ये नई व्यवस्था*

# स्वच्छता के लिए टॉप थ्री शहरों की बनेगी 'अलग लीग'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

परमाणु ऊर्जा, आवास व शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में कई सालों से चुनिंदा शहर ही टॉप थ्री में आ रहे हैं। इसके लिए अब नई व्यवस्था बनाई जा रही है।

टॉप थ्री शहरों की अलग से लीग बनाकर उनके बीच प्रतिस्पर्धा कराई जाएगी। इसमें जो शहर पास नहीं होंगे, उन्हें बाहर सामान्य कैटेगरी में शेष पेज 6 पर

होगी प्रतिस्पर्धा, पास न हुए तो सामान्य श्रेणी में रखे जाएंगे

इससे नए शहर जो प्रयास कर रहे हैं उनमें से फर्स्ट सेकंड व थर्ड आ सकेंगे



### तीन शहरों में जो सबसे नीचे, वह हो जाएगा बाहर

केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि हम लोगों की शिकायत का समाधान ढूंढ़ रहे हैं। इसके लिए पिछले चार सालों से फर्स्ट, सेकंड, थर्ड आने वाले शहरों के लिए अलग लीग बनाएंगे। फर्स्ट, सेकंड, थर्ड आने वाले शहरों में जो सबसे नीचे रहेगा ,उसे इस लीग से बाहर कर दिया जाएगा। वह शहर नए शहरों के साथ कम्पीट करेगा। इससे शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

### केजरीवाल का 'जहर वाला बयान' उनको महंगा पड़ गया

खट्टर ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों के संदर्भ में कहा कि पानी को लेकर विवाद कई राज्यों के बीच में है। इसे सुलझाने की कोशिश करने की बजाए अरविंद केजरीवाल कहते थे कि 2025 का चुनाव यमुना को साफ करने के बाद ही लड़ूंगा। यमुना साफ नहीं कर पाए तो हरियाणा पर पानी में जहर घोलने का अरोप जड़ दिया। उन्होंने कहा कि यह बयान केजरीवाल शेष पेज 6 पर

## एकात्म धाम में आदिगुरु शंकराचार्य के जीवन प्रसंग पर हुई कथा, शामिल हुए उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा

# आदिगुरु शंकराचार्य ने हमें अपने अंदर बैकुंठ के दर्शन करने की सिखाई प्रक्रिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग मप्र शासन द्वारा अद्वैत वेदान्त दर्शन के लोकव्यापीकरण एवं सार्वभौमिक एकात्मता की संकल्पना के उद्देश्य से महाकुम्भ क्षेत्र के सेक्टर 18 में स्थापित एकात्म धाम मंडपम, हरीशचंद्र मार्ग में आचार्य शंकर के जीवन दर्शन पर केंद्रित 'शंकरो लोकशंकरः' कथा के दूसरे दिन मप्र के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा सम्मिलित हुए। उन्होंने न्यास प्रदर्शित अद्वैत लोक, पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कथा व्यास राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविन्ददेव गिरि महाराज का पुष्पहार एवं आचार्य शंकर का चित्र भेंटकर स्वागत किया। कथा का आयोजन 12 फरवरी तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से होगा।

### श्रीमद् भागवत जैसा शुद्ध वेदांत आपको कहीं नहीं मिलेगा, यह स्वयं में पूर्ण

आचार्य शंकर की कथा कहते हुए पूज्य गोविंद गिरि महाराज ने श्रेष्ठ आचरणों पर बात करते हुए कहा कि आप परमात्मा के प्रति होते हैं तो संपूर्ण सृष्टि आपकी सेवा के लिए लालायित हो उठती है। आचार्य शंकर के दर्शन और स्वाध्याय पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति साधना को महत्व देता है, धीरे-धीरे उसके अंदर दैवीय गुण उत्पन्न होने लगते हैं। आदिगुरु शंकराचार्य ने हमें बैकुंठ जाने जैसे छोटी चीजें नहीं सिखाई, उन्होंने हमें अपने अंदर बैकुंठ के दर्शन करने की प्रक्रिया सिखाई। श्रीमद् भागवत जैसा शुद्ध वेदांत आपको कहीं नहीं मिलेगा,यह स्वयं में पूर्ण है।

## इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन एकात्म धाम पहुंचे

इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन भी एकात्म धाम शिविर पहुंचे, जहां उन्होंने अद्वैत लोक प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की व विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि यहां आकर मुझे आदिगुरु शंकराचार्य का आशीर्वाद मिला, यह मेरे लिए प्रसन्नता का विषय हैं। इसरो देश की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाले पहले देश बने और वहां पानी के संकेत ढूंढने में सफल हुए। इसरो की आज जो उपलब्धि है, वह भारत के प्राचीन ज्ञान और आध्यात्मिक मूल्यों की देन है। उन्होंने कहा कि इसरो के सभी कर्मचारी अपनी पूरी क्षमता के साथ देश की सेवा के लिए संकल्पित हैं। आगामी परियोजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि चंद्रयान 4, चंद्रयान 5, नए लॉन्चर्स और लॉन्चपैड्स जैसे कई प्रोजेक्ट्स इसरो द्वारा विकसित किए जाएंगे।

## अपाक्स की बैठक में उठीः एडवोकेट जनरल को हटाने की मांग

# सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी का पक्ष मजबूती से रखे सरकारः पटेल

▶ पदाधिकारियों ने कहा, बेवजह पिछड़ा वर्ग आरक्षण का केस सुप्रीम कोर्ट में किया ट्रांसफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट में पिछड़ा वर्ग आरक्षक के हक में विधि विशेषज्ञ को खड़ा कर सरकार ओबीसी का पक्ष दृढ़ता से रखे। साथ ही एडवोकेट जनरल को तत्काल हटाए, क्योंकि इनके कारण अनावश्यक रूप से पिछड़ा वर्ग आरक्षण का केस सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर हुआ है। यह मांग रविवार को मप्र पिछड़ा वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा (अपाक्स) के संयोजक भुवनेश पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक प्रदेश भर से आए पदाधिकारियों ने की।

बैठक में पिछड़ा वर्ग के वकील रामेश्वर ठाकुर ने पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने के मामले की कानूनी स्थिति से अवगत कराया। इस मौके पर सर्व सम्मति से पांच मांगों का एक प्रस्ताव भी पारित हुआ। बैठक में मोर्चा की ओर से शासन को एक मांग पत्र सौंपने का भी निर्णय हुआ। बैठक में बहादुर सिंह लोधी, सीएस यादव, तुलसीराम चौहान, विजय कुमार, कमलेंद्र सिंह, जीपी माली, रामगोपाल राजपूत, उदयवीर सिंह आदि शामिल हुए।

### सुप्रीम कोर्ट ने नहीं लगाई कोई रोकः विभा

बैठक में संरक्षक अपाक्स विभा पटेल ने कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा किसी भी प्रकार से पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। महाधिवक्ता के अभिमत से 87/13 का फार्मूला बनाकर भर्ती नियम लागू कराया गया, जिसके कारण लाखों अभ्यार्थी प्रभावित हुए और सरकारी नौकरी से वंचित हो गए। इस कारण ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण के आधार पर होल्ड की गई तमाम सरकारी पदों की भर्तियों को तुरंत बहाल करने की मांग की गई।

### 14 फरवरी को सुनवाई में अनुभवी अधिवक्ता को रखे

अपाक्स के संयोजक भुवनेश पटेल ने शासन से 14 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तावित सुनवाई में छत्तीसगढ़ की तर्ज पर किसी योग्य, अनुभवी, विधि जानकार को पिछड़ा वर्ग का पक्ष रखने की मांग की है। मंत्रियों की निजी पद स्थापना में पिछड़े वर्ग को प्रथम या द्वितीय श्रेणी अफसर के रूप में सेवाएं ली जाए। शासकीय अधिवक्ताओं के रूप में सभी वर्गों के वकीलों को समान रूप से प्रतिनिधित्व मिले।

# भक्ति में दृढ़ता रखने वाले भक्त की मदद ईश्वर करते हैंः शशांक शेखर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगत के वश में है भगवान... भक्त यदि भगवान के चरणों में आत्मसमर्पण कर दे तो ईश्वर भी उसके साथ रहना स्वीकार कर लेते हैं। ऐसा कहना है कथा वाचक आचार्य शशांक शेखर महाराज का। नर्मदापुरम रोड स्थित दुर्गा नगर में चल रही देवी भागवत के तीसरे दिन मधु-कैटभ वध, सृष्टि के निर्माण, सत्यव्रत की कथा सहित विभिन्न



भक्तों के भक्तिभाव का वर्णन करते हुए नरसी मेहता के कथा का वाचन किया गया। आचार्य ने कहा कि एक बार नरसी मेहता के बेटी के ससुराल में वैवाहिक कार्यक्रम हुआ, जिसके लिए उनके समधी ने सामान की एक लंबी लिस्ट भेजी, किन्तु गरीबी के कारण कोई भी परिवारजन उनके साथ जाने को तैयार न हुए, इसलिए नरसी अपने सांवरिया सेठ पर दृढ़ विश्वास रखते हुए 16 संतों के साथ बेटी के ससुराल जाने लगते हैं। जंगल में नरसी मेहता भजन से भगवान को पुकारते हैं। भगवान उनकी मदद के लिए आते हैं। भक्त के अपमान को सांवरिया देख नहीं पाते और नानी बाई के ससुराल भात लेकर जाते हैं।

# अभा ब्राह्मण समाज ने पीड़ित परिवार के लिए मांगी दो करोड़ की आर्थिक सहायता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जबलपुर के टिमरी गांव में दो ब्राह्मण परिवारों के चार सदस्यों की निर्मम हत्या के मामले में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने पीड़ित परिवारों की मदद मांग की है। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित संजय त्रिपाठी और प्रदेश अध्यक्ष पंडित पुष्पेन्द्र मिश्र ने पदाधिकारियों के साथ भोपाल में एक बैठक की। पंडित संजय त्रिपाठी व पंडित पुष्पेन्द्र मिश्र ने बताया कि अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की ओर से पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और प्रत्येक परिवार को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

इस दौरान समाज के नेताओं ने पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। अपराधियों को फांसी की सजा दिलवाने के लिए प्रयास करने की बात कही। साथ ही सरकार से प्रत्येक पीड़ित परिवार को दो करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग की है। समाज के लोगों ने बैठक में अपराधियों के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की जाती, तो आने वाले दिनों ब्राह्मण समाज उग्र आंदोलन करने का निर्णय लिया।

# एफपीओ कॉन्क्लेव आज, जुटेंगे 100 से ज्यादा एफपीओ के किसान सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के 100 से ज्यादा किसान उत्पादक संगठनों एफपीओ के सदस्य, नवाचारी किसान, एग्री बिजनेस, और स्टार्टअप सोमवार को राजधानी में जुटेंगे। नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागृह में सुबह 11 बजे से कृषि क्रांति : एफपीओ कॉन्क्लेव होने जा रही है।

उद्घाटन उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह तथा सहकारिता एवं खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारग करेंगे। कॉन्क्लेव का आयोजन भूमिषा ऑर्गेनिक्स, डिक्की एवं सर्च एंड रिसर्च डेवलपमेंट सोसायटी द्वारा किया जा रहा है। भूमिषा ऑर्गेनिक्स की संस्थापक प्रतिभा तिवारी ने बताया कि कॉन्क्लेव का उद्देश्य किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), नवाचारी किसानों एवं एग्री बिजनेस क्षेत्र के उद्यमियों को एक मंच पर लाना तथा उन्हें मार्केट से जोड़ने के लिए सहयोग प्रदान करना है। डिक्की अध्यक्ष डॉ. अनिल सिरवैया ने बताया कि इस कॉन्क्लेव के माध्यम से एफपीओ की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। सर्च एंड रिसर्च डेवलपमेंट सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. मोनिका जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से कृषि को विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जोड़ने का प्रयास है। एग्रीवेस्ट, बायोचार और बायो रिसोर्स सेंटर की स्थापना करके किसानों को लाभ पहुंचाया जाएगा।

# निःशुल्क कैंसर परीक्षण शिविर में डॉक्टरों ने जांच कर मरीजों को दिया उपचार परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इटारसी संयुक्त व्यापार महासंघ ने स्थानीय अग्रवाल भवन में निःशुल्क कैंसर परीक्षण शिविर आयोजित किया, जिसमें कृष्णा हॉस्पिटल भोपाल के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार एवं उनकी टीम ने मरीजों की जांच कर कैंसर के निदान एवं उपचार के लिए परामर्श दिया।

निःशुल्क कैंसर परीक्षण एवं उपचार कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मप्र के प्रवक्ता, सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं पूर्व निगम अध्यक्ष डॉ. हितेश वाजपेयी शामिल हुए। डॉ. हितेश ने डॉ. सुनील कुमार एवं संयुक्त व्यापार महासंघ इटारसी को इस तरह के सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार जनहितैषी योजनाओं के साथ-साथ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मध्यप्रदेश सरकार की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने सदैव सेवाभावी कार्यक्रमों में सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर प्रमुख रुप से संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष दीपक हरिनारायण अग्रवाल, सन्मुखदास चेलानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र दीक्षित, जिला मंत्री उमेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पार्षद शिवकिशोर रावत, प्रमेश मालवीय, विशाल अग्रवाल, राजू अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार जम्मू सिंह उप्पल सहित संयुक्त व्यापार महासंघ के पदाधिकरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे(




## चार एसडीएम, एक हजार पुलिस कर्मी, 25 डंपर, 10 जेसीबी लगीं कार्रवाई में

# मोती नगर में बुलडोजर एक्शन: 40 साल पुराना और 110 दुकानों वाला मार्केट 6 घंटे में जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच सुभाष नगर के मोतीनगर में अवैध रूप से बनाई गई 110 दुकानों को प्रशासन ने हटा दिया है। सुबह पांच बजे शुरू हुई कार्रवाई दोपहर दो बजे तक चली। इस दौरान कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला को उनके ही घर में नजरबंद कर रखा गया। बुलडोजर एक्शन के दौरान कोई भी बाहरी व्यक्ति प्रवेश न कर सके, इसके लिए सुभाष नगर, रचना नगर, पुल बोगदा व रायसेन रोड की तरफ थ्री लेयर बैरिकेडिंग की गई थी। मीडिया समेत आमजन को भी बैरिकेडिंग कर रोक दिया गया था। 40 साल पुराने मार्केट की करीब 110 से ज्यादा दुकानों को छह से सात घंटे में जमींदोज कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान 10 जेसीबी, 25 डंपर 10 ट्रैक्टर ट्रॉली, दो पोकलेन मशीन और 50 लोडिंग गाड़ियां लगाई गई थी। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए चार एसडीएम और एक हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी व अधिकारी भी ड्यूटी पर तैनात किए गए थे। इसके साथ ही 4 तहसीलदार, 10 नायब तहसीलदार, 10 राजस्व निरीक्षक, 50 पटवारी, 50 कोटवार के साथ ही नगर निगम और रेलवे के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। दरअसल, सुभाष नगर आरओबी की थर्ड लेन निर्माण और चौथी रेल लाइन बिछाने के लिए मोती नगर बस्ती से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। यहां बसे 384 मकान और करीब 110 दुकानें हटाई जा रही हैं।

**सुबह 5 बजे से शुरू हुई कार्रवाई, जो दोपहर दो बजे तक चली**



कार्रवाई के दौरान मलबा उठाते नगर निगम के श्रमिक।

**पुलिस के साथ पहुंचे मैरिज गार्डन**

मोती नगर बस्ती के पास में ही एक मैरिज गार्डन भी है। यहां सगाई का कार्यक्रम होना है। लड़की पक्ष के लोग गार्डन जाने के लिए पहुंचे थे। पुलिस ने उनकी गाड़ियां बैरिकेडिंग के पास में ही रुकवा दी। इसके बाद पुलिस उन्हें अपने साथ मैरिज गार्डन तक लेकर गई।




### 384 मकानों को भी हटाया जाएगा

सुभाषनगर ब्रिज की थर्ड लेन और रेलवे की चौथी लाइन के लिए यहां के 384 मकान और करीब 110 दुकानों को तोड़ा जा रहा है। अतिक्रमण हटाने के लिए छह फरवरी तक का अल्टीमेटम दिया गया था। रविवार को दुकानें हटा दी गई हैं। जल्द ही मकानों को भी तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी।
**कौशलेंद्र विक्रम सिंह**, कलेक्टर

» *थ्री लेयर बैरिकेडिंग लगाकर एक किमी दूर से ही रोक दी गई थी आवाजाही*

» *कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला को घर में किया नजरबंद*



यहां एक दिन पहले तक थी शराब दुकान। अब सिर्फ मलबा।

### हंगामे और पथराव की थी आशंका, बंद कर दिया आरओबी

*जिला प्रशासन ने कार्रवाई के दौरान सुभाष नगर आरओबी को भी बंद कर दिया गया था। अधिकारियों को आशंका था कि कार्रवाई के दौरान हंगामे की स्थिति बन सकती है। ऐसे में ब्रिज के ऊपर से भी पत्थरबाजी होने की संभावना थी। इसलिए दोनों ओर से ब्रिज पर पुलिस कर्मी तैनात कर दिए गए।*



### कोहेफिजा पुलिस रही शुक्ला के घर मौजूद

नरेला विधानसभा के मोतीनगर बस्ती में जिला प्रशासन की बेदखली कार्यवाही आज सुबह से प्रारंभ हुई, सुबह 7 बजे से मोतीनगर को तोड़ने के लिए पूरा प्रशासन वहां मौजूद है। मोतीनगर स्थित दुकानों को आज तोड़ा जाना है। वहीं दूसरी तरफ बस्ती को तोड़ने का विरोध कर रहे मनोज शुक्ला के घर सुबह 7:45 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक टीआई कोहेफिजा अपनी टीम के साथ उनको नजरबंद करा। उन्होंने उनको कहीं बाहर जाने से मनाही की एवं घर में ही रुकने को कहा। मनोज शुक्ला ने कहा कि मोती नगर राजनीतिक नफ़रत की भेंट चढ़ गया है। आज भाजपा सरकार ने भोपाल की गंगा-जमुनी तहजीब को कलंकित करने का काम मोतीनगर तोड़कर किया है, में इसकी कड़ी शब्दों में निंदा करता हूं।



### पूरे क्षेत्र को किया गया था सील



मोती नगर के करीब 110 दुकानों को हटाने से पहले सुभाषनगर ब्रिज को भी बंद कर दिया था। मीडिया को भी कवरेज करने की अनुमति नहीं थी। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। रचना नगर, रायसेन रोड, सुभाष नगर और बोगदा पुल की तरफ बैरिकेडिंग की गई। किसी को भी आने जाने नहीं दिया जा रहा था। बैरिकेडिंग तीन लेयर पर की गई थी। जबकि सुभाष नगर ब्रिज के दोनों तरफ पुलिस तैनात रही।

### राजधानी में जाम, घंटों तक रेंगते रहे सैकड़ों वाहन

**भोपाल।** भोपाल की मोती नगर बस्ती में रविवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई दोपहर 2 बजे तक चलती रही। इस दौरान पुलिस ने चारों तरफ से एक किमी दूर बेरिकेड्स लगाकर आवाजाही को रोक दिया। इसके चलते कई प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक दवाब बढ़ने से जाम की स्थिति बन गई। सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक वाहन रैंगते नजर आए। लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## बैरक से बाहर प्रार्थना के समय तीनों के आपस में मिलने पर भी पाबंदी

# जेल में सौरभ, चेतन और शरद से मिलने वालों पर भी जांच एजेंसियों की कड़ी नजर

जेल प्रबंधन ने तीनों को अलग अलग सेल में किया बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आय से अधिक संपत्ति के मामले में आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा, उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल केंद्रीय जेल में ज्यूडिशियल कस्टडी पर है। इनसे जेल मिलने आने वालों पर ईडी, लोकायुक्त सहित अन्य जांच एजेंसियों की नजर है। जांच एजेंसियों से जुड़े अफसर जेल प्रबंधन से इसकी जानकारी ले रहे हैं कि तीनों से अभी तक कौन-कौन मिलने पहुंचा। तीनों आरोपियों को ब खंड में अलग अलग स्पेशल सेल में बंद किया गया। तीनों को ऐसे बंदियों के साथ हैं, जिनका व्यवहार और आचरण जेल में संतोषप्रद है।



### आज भी ईडी कर सकती है पूछताछ

सुबह जेल परिसर में होने वाली प्रार्थना में तीनों के बाहर निकलने पर कोई बात न कर सकें, इस पर भी पांबदी है।स्पेशल सेल इंचार्ज से रोजाना तीनों के व्यवहार और आचरण की जानकारी ली जा रही है। बाहर आने पर तीनों की निगरानी के लिए अलग से दो-दो जवानों को तैनाती की गई है। खाने में तीनों को सुबह 6 रोटी सब्जी और शाम को 6 रोटी-दाल दी जा रही है। अभी तक ईडी 3 बार तीनों से पूछताछ कर चुकी है। सोमवार को भी ईडी जेल में तीनों से पूछताछ कर सकती है।

◆ सौरभ से रिश्तेदारों और करीबियों ने बनाई दूरी, अभी तक केवल मां पहुंची मिलने

### मां ने की दो बार सिर्फ 5 मिनट मुलाकात

सौरभ के रिश्तेदार और करीबियों ने दूरी बना ली है। अभी तक जेल में उससे मिलने केवल उसकी मां उमा शर्मा दो बार पहुंची है वो भी केवल पांच पांच मिनट की मुलाकात ही की। जबकि जेल प्रबंधन के नियमों के मुताबिक अधिकतम 20 मिनिट तक बंदियों से विंडो के माध्यम से सामान्य मुलाकात की जा सकती है। इधर, चेतन से पहली मुलाकात 5 फरवरी को पिता प्रताप सिंह और दूसरी मुलाकात उसकी बहन चित्रा सिंह गौर ने की है। हालांकि अभी तक तीनों आरोपी अनुशासित व्यवहार कर रहे हैं और जेल प्रबंधन के नियमों का भी पालन कर रहे हैं।

### शरद के हाल जानने पहुंची थी महिला मित्र

सौरभ के पार्टनर शरद जायसवाल का हाल चाल जानने उसकी एक महिला मित्र 5 फरवरी को पहुंची थी। वहीं दूसरी मुलाकात उसकी भतीजी ने 7 को की थी। इसके अलावा और कोई भी उसे मुलाकात करने नहीं पहुंचा। कोर्ट के आदेश पर तीनों आरोपी सौरभ ,चेतन और शरद 17 फरवरी तक की रिमांड पर है।

### रात 10 बजे तक देख सकते हैं टीवी

*तीनों आरोपी अपनी अपनी बैरक में टीवी रात 10 बजे तक देख सकते हैं। हालांकि उनको अखबार नहीं दिया जा रहा है। अन्य कैदियों की तरह तीनों को लाइब्रेरी में जाकर अखबार या अन्य किताबें पढ़ने की अनुमति भी नहीं है। विचाराधीन बंदी नंबर की बात की जाय तो सौरभ को 5882, शरद को 5881 और चेतन को 5880 आवंटित किया गया है।*

## खुशनुमा मौसम के बीच शाम को हल्की सर्द हवा

# बोट क्लब पर कम दिखे सैलानी, नजर आने लगी हैं जीआईएस की तैयारियां

दीवारों पर की गई सुंदर चित्रकारी मोह रही पर्यटकों का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में जैसे-जैसे हवाएं बदल रहीं हैं, मौसम सुहाना हो रहा है। रविवार को शहर के विभिन्न पिकनिक स्पॉट्स पर सैलानी पहुंचे, लेकिन बोट क्लब पर सैलानियों की संख्या सीमित ही दिखी। झील किनारे, बोट क्लब और आने- जाने के रास्तों पर ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईए) को लेकर चल तैयारियां भी नजर आने लगी हैं।

दीवारों पर आकर्षक लेखन और प्रदेश की कला-संस्कृति का परिचय कराने वाली चित्रकारी यहां पहुंचने वाले सैलानियों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। बोट क्लब पर परिवार सहित पहुंचे राजेश शर्मा ने बताया कि संडे अवकाश के कारण पिकनिक के लिए आए हैं। यहां



तीन महीने पहले आए थे, उस समय इतनी अच्छी पेंटिंग आदि नहीं थीं, इस बार काफी बदलाव दिख रहा है। मेरे साथ परिवार ने भी नाव की सवारी भी की है। घूमने का आनंद बढ़ गया है। दोपहर में आए थे, शाम को वापस जाएंगे।

### कहां क्या दिखा खास

दिन में जहां झील की लहरों पर नावों में सैलानियों की सैर दिखी, तो शाम को बोट क्लब पर रंगीन रोशनी और रास्तों पर खास तौर पर तैयार की जा रही स्ट्रीट लाइटें दिखने लगी हैं। यहां दीवारों पर पेंटर्स खास तरह की आकृतियां और चित्रण करते दिख रहे हैं। इस बीच मानव संग्रहालय की ओर पहुंचने वाले रोड़ पर भी लोगों का आकर्षण दिखा, लेकिन सबसे अधिक संख्या बोट क्लब के मुख्य फ्लोर पर ही दिखी।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह मार्च 2025

जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट

नोट : 1 मार्च से 31 मार्च तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 15 फरवरी 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार – 1 तोला, 5 ग्राम सोने का हार

द्वितीय पुरस्कार – 1 स्कूटी (EV)

तृतीय पुरस्कार – 2 नग रेफ्रीजरेटर

चतुर्थ पुरस्कार – 3 नग LED TV

सांत्वना पुरस्कार – 1100

कार्यालय प्रति

पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि — ग्राहक प्रति — जन्मदिन उत्सव

पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

खबर संक्षेप



## एनएसएस कैडेट्स को प्रदान किए मेडल

**औबेदुल्लागंज।** वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय के इकलबाड़ा गांव में लगाए गए 7 दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने एनएसएस के प्रोत्साहन के लिए सदैव अपना सहयोग देने की बात कही। सरपंच नेमीचंद भल्लावी, अनीता भल्लावी ने एनएसएस के स्वयं सेवकों को प्रमाण-पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. रवीन्द्र योधा ने आभार व्यक्त किया। एनएसएस प्रभारी डॉ. एमएल गढ़वाल ने स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. अनस मुस्तुफा, डॉ. सपन राज, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. आकांक्षा बुरबुरे, विवेक मालवी, रामलखन प्रजापति व महाविद्यालयी स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जहरीला पदार्थ पीकर युवक ने दी जान

**भोपाल।** टीलाजमालपुरा में जहरीला पदार्थ पीने से एक युवक की मौत हो गई। उसने करीब छह दिन पूर्व जहरीला पदार्थ पीया था। उसे परिजन हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मरने से पूर्व मृतक के बयान नहीं होने से आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार जितेंद्र कुमार पिता दौलत सिंह (25) गांव टीला जमालपुरा में रहता था और प्राइवेट काम करता था। करीब छह दिन पहले उसने जहरीला पदार्थ पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जितेंद्र के बयान दर्ज करने चाहे थे, लेकिन वह बयान देने की स्थिति में नहीं था। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## वन मंडल में 17 से की जाएगी गिद्ध गणना

**मंडीदीप।** औबेदुल्लागंज वन मंडल में 17 फरवरी से गिद्ध गणना कराई जाएगी। 19 फरवरी तक चलने वाली यह गणना टाइगर रिजर्व के साथ डिवीजन के अंतर्गत आने वाले सभी 10 रेंज और 176 बीट में कराई जाएगी। इसमें रेंजर से लेकर बीट गार्ड तक करीब 500 वनकर्मी शामिल होंगे। सभी कर्मचारियों को इसका प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

## कांग्रेस के लिए समर्पित को बनाएं ब्लॉक अध्यक्ष

**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस में कहीं खुशी, कहीं गम की चर्चा है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि कांग्रेस मजबूत हो रही है। ब्लॉक अध्यक्ष के लिए संजय सिंह चौहान, विनोद इरपाचे, राजू मेहरा के नाम की चर्चा है। कांग्रेस को समर्पित भाव से काम करने वाला ही ब्लॉक अध्यक्ष बने, विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को धोखा देकर भाजपा की मदद करने वाले न आ जाए ,क्योंकि कांग्रेस के पर्यवेक्षकों को ऐसे चेहरों को उजागर करने कई कांग्रेसियों ने बताया। बरहाल कांग्रेस में खलबली मची है।

रास्ते में रोकने के प्रयास में बेरिकेड्स तोड़कर भागा

# डायल 100 को टक्कर मारकर भागा नशे में धुत स्कॉर्पियो चालक, पीछा कर साक्षी तिराहे पर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित राज ढाबा मुर्गी फार्म के पास मुख्य सड़क पर भ्रमण कर रही डायल-100 को स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद उसे रोकने का प्रयास किया गया तो वह तेज रफ्तार में स्कॉर्पियो लेकर भागने लगा।

उसे रोकने पुलिस ने बेरीकेडिंग लगाई तो वह बेरिकेडिंग भी तोड़ते हुए भाग निकला। हालांकि पुलिस उसका पीछा कर रही थी और उसे साक्षी ढाबे के पास रोक लिया गया। वह शराब के नशे में था।

### डायल-100 का बंपर, साइड ग्लास टूटा

ड्राइवर साइड से टक्कर लगने से डायल-100 वाहन का पिछला बंपर, ड्राइवर साइड वाला साइड ग्लास टूट गया। खरे ने आवाज देकर व इशारे से गाड़ी रोकने का प्रयास किया तो कार का चालक खतरनाक तरीके से चलाता हुआ नीलबड़ की तरफ भाग निकला। पुलिसकर्मियों ने नीलबड़ व साक्षी तिराहे पर लगे स्टाफ को सूचना देकर कार को रोकने के लिए सूचना दी। डायल-100 भी पीछा करती रही। नीलबड़ तिराहे पर पुलिसकर्मियों ने बेरिकेट लगाया, लेकिन कार चालक बेरीकेट तोड़ते हुए आगे की तरफ भाग गया। बाद में साक्षी तिराहे पर लगे पुलिस स्टाफ ने बमुश्किल उसे रोका। चालक को नीचे उतारा। वह नशे में मिला। टक्कर मारने वाले चालक ने अपनी पहचान साकेत नगर निवासी तेजस्वी शर्मा के रूप में बताई। पुलिस ने एल्कोवायजर मशीन से चेक किया। इस दौरान तेजस्वी एल्कोहल पीये हुए मिले।

### रातीबड़ में मुर्गी फार्म के पास मारी टक्कर

*पुलिस के अनुसार सुरभि परिसर पटेल कॉलेज के पास रहने वाले 24 साल के रितिक खरे डायल-100 वाहन चलाते हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि 8 फरवरी की रात 12 बजे थाने से रात्रि गश्त की जा रही थी। गश्त में प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र शर्मा और आरक्षक सोहन त्यागी थे। नीलबड़ इलाके में गश्त की जा रही थी। राज ढाबे से थोड़ा आगे मुर्गी फार्म के सामने पहुंचा, तभी पीछे से सफेद रंग की स्कार्पियो कार का चालक अपनी कार से डायल-100 वाहन में टक्कर मार दी।*

डिवाइडर पर चढ़ी कार



**भोपाल।** शनिवार देर रात नर्मदापुरम रोड पर एक कार सड़क हादसे का शिकार होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। दुर्घटना में गाड़ी चकनाचूर हो गई।



नर्मदापुरम रोड पर शनि मंदिर और केपिटल मॉल पंप के बीच हुआ हादसा

# कार को बचाने डिवाइडर से टकरा कर पलटी बस, 12 यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्मदापुरम सड़क पर शनि मंदिर और केपिटल मॉल के बीच मुख्य सड़क पर शनिवार देर रात क्रेटा एसयूवी को टक्कर मारने के बाद यात्री बस पलट गई। हादसा ओवरटेक कर रही क्रेटा को बचाने के प्रयास में हुआ। क्रेटा को टक्कर लगने के बाद बस डिवाइड से टकराते हुए पलटी थी। हादसे के समय बस में पचास यात्री थी।

इनमें 12 यात्रियों को चोट आई और उन्हें जय प्रकाश, एम्स और आसपास के अस्पताल में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रधान आरक्षक दीपक शुक्ला ने बताया कि रमाशिव ट्रैवल्स की बस, इंदौर से बनारस जाती है। शनिवार को बस दो घंटा लेट हो गई। बस को भोपाल से रात दस बजे निकलना था, लेकिन देरी होने कारण बस 12 बजे निकली।

◆ *क्रेटा एसयूवी को ड्राइव कर रहे युवक ने बस को ओवरटेक करने का प्रयास किया*



### दो घंटे देरी से चल रही थी बस, समय कवर कर रहा था ड्राइवर

यात्रा में हुई देरी को कवर करने बस ड्राइवर बस को तेज चला रहा था। दानिश तिराहा से से निकलकर बस शनिवार मंदिर और केपिटल मॉल के बीच पहुंची थी। रात करीब 12 बजे के आसपास बस के सामने ट्रक चल रहा था, जबकि पीछे क्रेटा एसयूवी थी। क्रेटा एसयूवी को ड्राइव कर रहे युवक ने बांई ओर से बस को ओवरटेक करने का प्रयास किया। सामने ट्रक चल रहा था और इस प्रयास में बस से कार की टक्कर हो गई। टक्कर होते ही बस अनियंत्रित होकर ड्राइवर साइड से डिवाइडर से टकराई और पलट गई।

### कार सवार तीनों युवक भागे

हादसे में बस में सवार 12 यात्री घायल हो गए जबकि ड्राइवर बस से कूदकर फरार हो गया। हादसे के समय क्रेटा एसयूवी में तीन युवक सवार थे। बस पलटने के बाद वह भाग गाड़ी छोड़कर भाग निकले। सूचना मिलते ही मिसरोद पुलिस और आसपास के थानों से पुलिस पहुंच गई थी। सभी घायलों को जेपी अस्पताल, एम्स और नर्मदा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायल अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई थी।

### पांच घंटे बाद तीन क्रेन की मदद से सीधी की बस

रात 12 बजे हुए हादसे के बाद राहगीरों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया था। कुछ लोगों ने बस में मौजूद यात्रियों को बस से बाहर निकाल लिया, जबकि पुलिस की टीम पहुंची और सभी यात्रियों का सामान उन्हें सुरक्षित सौंपा गया। ट्रैफिक सुचारू रहे इसलिए पुलिस ने बस को हटाने के लिए क्रेन बुलाई थी, लेकिन एक क्रेन से बस सीधी होना मुश्किल था। लिहाजा दो अन्य क्रेन बुलाई गई और सुबह करीब पांच बजे के आसपास बस को सीधा कर थाने ले जाया गया।

## घर के बाहर खेल रहा 12 साल का बच्चा लापता

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित देवकी नगर करोंद में 12 साल का बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजन ने उसकी आसपास और परिचित के घर तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस को शिकायत की गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर अपहरण का मामला दर्ज कर बच्ची की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कविता तिवारी, देवकी नगर करोंद में दुर्गा मंदिर के पीछे रहती हैं। उनका 12 साल का बेटा कृष्णा तिवारी 7 फरवरी शुक्रवार रात करीब 8 बजे घर के बाहर खेल रहा था। उन्होंने कृष्णा से कहा कि घर आ जाओ। इसके बाद भी वह बाहर खेलता ही रहा। मां ने उसे फटकार लगाते हुए कहा कि रुक पापा के आने के बाद उन्हें बताती हूं। यह सुनने के बाद भी वह घर के बाहर खेलता रहा और एकाएक लापता हो गया।

बेचने की फिराक में घूम रहे आरोपी पकड़ाए

# दो तस्करों से सवा लाख की 14.01 ग्राम एमडी बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच की टीम ने श्यामला हिल्स आहता रूस्तम खान की गलियों से दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 14.01 ग्राम एमडी जब्त किया है। जब्त एमडी की कीमत 1 लाख 30 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर एमडी के बारे में पूछताछ कर रही है।

### अठारह पन्नियों में रखा था एमडी

क्राइम ब्रांच के अनुसार मुखबिर की सूचना पर आहता रूस्तम खान, श्यामला हिल्स की गलियों से दो युवकों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उनकी पहचान समीरउद्दीन पिता शरीफउद्दीन (20) अनवर मछली के घर के पास बुधवारा तलैया और सोहेल खान पिता अनवर खान (23) मछली के घर के पास बुधवारा तलैया के रूप में की गई। आरोपियों के पास से प्लास्टिक की कुल 18 छोटी पन्नी मिली। पन्नी में एमडी रखा था। तौलने पर पता चला कि एमडी 14.01 ग्राम है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1 लाख 30 हजार रुपए है।

वसई गांव में बिजली के सब स्टेशन पर ऑपरेटर ने लगाई फांसी

# सुसाइड नोट में लिखा, खुशी-खुशी खुद को प्रभु को समर्पित कर रहा हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित वसई गांव में बिजली सब-स्टेशन में रविवार दोपहर कंप्यूटर ऑपरेटर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सब स्टेशन के अन्य कर्मचारी की नजर पड़ते ही उसने इंजीनियर और पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया।

पुलिस को उसके पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने अपनी मां को संबोधित करते हुए लिखा कि मैं खुशी-खुशी अपने आप को भगवान को समर्पित कर रहा हूं। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से नजीराबाद निवासी संजय मेहर उर्फ संजू (22) यहां वसई में बिजली सब-स्टेशन में प्राइवेट ऑपरेटर था। रविवार दोपहर ड्यूटी पर आने के बाद उसने पंखे के कुंद में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। साथी कर्मचारियों ने उसे फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें मृतक ने अपनी मर्जी से आत्महत्या करने की बात लिखी है। सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं खुशी-खुशी अपने आप को भगवान को समर्पित कर रहा हूं।



### मां से मांगी माफी, कहा-रोना नहीं

*सुसाइड नोट में मां को संबोधित करते हुए संजय मेहर ने सुसाइड नोट में लिखा है कि मां मैं जा रहा हूं। आप सबको ऊपर जाकर बहुत मिस करूंगा। मुझे बहुत रोना आ रहा है। ऊपर जाकर भगवान से कहूंगा कि अगले जन्म में भी आपका बेटा बनूं। और हां, आप यह मत सोचना कि किसी लड़की की वजह से या अन्य किसी कारण से आत्महत्या कर रहा हूं। मैं बस खुशी-खुशी अपने आप को भगवान को समर्पित कर रहा हूं। बस इतने ही दिनों के लिए मैं दुनिया में आया था। मेरे मरने का कोई कारण नहीं है। इसका जिम्मेदार मैं खुद हूं।*

## अष्ट द्रव्यों से पूजन कर भगवान अभिनंदननाथ का जन्म और तप कल्याणक महोत्सव मनाया



**मंडीदीप।** नगर में श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर अभिनंदननाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव से मनाया गया। कमेटी के सचिव अभिनेष जैन आषु ने बताया कि रविवार को प्रातः मंगलाष्टक पढ़ कर श्रीजी को पाण्डुक शिला में श्रीकार लेखन कर विनय भाव से विराजमान किया गया। 4 रजत कलशों में प्रासुक जल भरकर स्थापना कर अभिषेक प्रारंभ किया गया। इस दौरान शांति धारा हुई। तत्पश्चात भगवान की आरती कर अष्ट द्रव्यों से पूजन कर विश्व में सुख शांति समृद्धि की कामना करते हुए मंत्रोचार के साथ अर्घ्य समर्पित किए गए।

# नर्मदा मैया की पूजा-अर्चना कर विधायक पटवा ने मांगी मप्र की सुख-समृद्धि, शांति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रविवार को विधायक सुरेंद्र पटवा ने नर्मदा मैया की शाहगंज घाट पहुंचकर पूजा-अर्चना की। पटवा ने भोजपुर वासियों एवं मध्यप्रदेश में सुख-शांति, समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक पटवा ने कन्या पूजन कर बालिकाओं के पैर धोए। कन्हैया नंदवंशी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, मनोज चौरसिया, कांता पटेल, राम किशोर चौहान, जीतू नंदवंशी, माधव यादव ने भी मां नर्मदा की पूजा अर्चना की।



### कार्तिकेय, कुणाल को दी शुभकामनाएं

विधायक सुरेंद्र पटवा ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय, कुणाल के विवाह रस्म समारोह में जैत पहुंचकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कन्हैया नंदवंशी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, दीपू परमार, माधव यादव, बागीश अग्रवाल, देवेंद्र सिंह राजू, सुरजीत सिंह बिल्ले, वचन लोधी, पदम चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, कांता पटेल, रामकिशोर चौहान, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, सुरजीत चौहान, जीतू नंदवंशी, मनोज चौरसिया, राजेंद्र गुड्डू साहू, नरेश सेठी, सोनू चौकसे, सुजीत यादव, भवानी आदि मौजूद रहे।

कटारा हिल्स स्थित 70 क्वार्टर का मामला

# रात दस बजे जर्जर मकान की दीवार गिरने से बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित 70 क्वार्टर में एक जर्जर मकान की दीवार गिर गई। हादसा शनिवार रात करीब दस बजे के आसपास का है। दीवार गिरने से पास बैठे बुजुर्ग मलबे में दब गए।

उन्हें मलबे से निकालकर पास ही स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रामप्रसाद प्रजापति (85) लहारपुर में 70 क्वार्टर में रहते थे।

### बेटा और पत्नी पड़ोस में गए हुए थे

रामप्रसाद के परिवार में पत्नी के अलावा बेटा है। शनिवार रात बेटा और पत्नी पड़ोस में गए हुए थे। घर पर राम प्रसाद अकेले थे। रात करीब 10 बजे उनके मकान की दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार गिरने से राम प्रसाद मलबे में दब गए गए थे। आसपास के लोगों ने तत्काल मलबा हटाया और परिजन की मदद से उन्हें लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने मारपीट का मामला किया दर्ज

# जुआरी पति ने की मारपीट, बोला मेरे साथ रहना है तो पैसे लाओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छतरपुर में एक जुआरी पति ने पत्नी से मारपीट की। वहीं उसने कहा कि पैसा ले आओ, नहीं तो वह साथ में नहीं रखेगा। इसके अलावा धमकी भी दी कि जुए के दाव में उसे ही लगा देगा।

यह सुनकर पत्नी बौखला गई और उसका विरोध किया। इसके बाद पति ने रात भर जमकर पत्नी से मारपीट की। दूसरे दिन पत्नी थाने पहुंची और पुलिस से मामले की शिकायत की। पुलिस ने इस मामले पति प्रदीप गौर सहित देवर और सास पर प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामला आपसी विवाद का है। घटना छतरपुर के गुलगंज थाना इलाके वोकना गांव की है। महिला ने पति पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने मारपीट की और बोला कि साथ रहना है तो पैसा लाना पड़ेगा। थाना प्रभारी गुरूदत्त शेषा का कहना है कि पत्नी की शिकायत पर पति प्रदीप गौड़ देवर और सास पर मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। अभी तक जुए की बात सामने नहीं आई है। यदि अफसरों को आवेदन दिया है तो उसकी अलग जांच की जाएगी।

मुख्यमंत्री का बालिका के पिता ने माना आभार, एयरलिफ्ट कर एम्स में कराया भर्ती

# पीएमश्री एयर एम्बुलेंस से 4 साल की बच्ची को लाए भोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को बालाघाट से लालबर्रा निवासी 4 वर्षीय बालिका स्मोली अवधिया को उपचार के लिए पीएमश्री एयर एम्बुलेंस से भोपाल एम्स के लिए एयरलिफ्ट किया गया।

ऑर्गन फेलियोर की समस्या से ग्रसित स्मोली का उपचार बालाघाट में चल रहा था। स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकीय सलाह से बालिका स्मोली को उच्च स्तरीय उपचार के लिए भोपाल लाया गया।

ऑर्गन फेल्योर से ग्रसित बालाघाट की स्मोली को इलाज के लिए लाए राजधानी






### गरीबों के लिए वरदान बनी सुविधा

बालिका स्मोली के पिता राहुल अवधिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार माना, जिनके प्रयासों से गरीब वर्ग के लिए विपरीत परिस्थितियों में पीएमश्री एयर एम्बुलेंस योजना शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि हम जैसे गरीब तबके के लोग बीमारी की स्थिति में उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सेवाएं नहीं ले पाते हैं। आज मेरी बेटी के भोपाल में उपचार के लिए एयर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई गई। इसके लिए मुख्यमंत्री का बहुत-बहुत आभार। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट डॉ. मनोज पाण्डे ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से पीएमश्री एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई, जिससे बालिका स्लोमी को उच्च स्तरीय उपचार के लिए एम्स भोपाल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इसके पहले भी नक्सल घटना में घायल शिव कुमार शर्मा को उपचार के लिए पीएमश्री एयर एम्बुलेंस से दिल्ली भेजा गया था।

# वैश्विक टैक्सटाइल उद्योग के विस्तार की मध्य प्रदेश में हैं अपार संभावनाएं

**जीआईएस टैक्सटाइल उद्योग को और गति देने का माध्यम बनेगा**

**मध्यप्रदेश गारमेंट हब के रूप में उभर रहा**

**बुनकर समुदायों की उत्कृष्ट कला से उद्योग बढ़ेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र टैक्सटाइल और परिधान उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनाओं वाला राज्य बन चुका है। राज्य की समृद्ध कृषि पृष्ठभूमि, पारंपरिक बुनकर समुदायों की उत्कृष्ट कला, आधुनिक औद्योगिक आधार और निवेशक-अनुकूल नीतियां प्रदेश को इस क्षेत्र में अग्रणी बना रही हैं। सरकार के सुविचारित प्रयासों से मप्र तेजी से भारत के प्रमुख टैक्सटाइल और गारमेंट हब के रूप में उभर रहा है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 इस औद्योगिक यात्रा को और गति देने का माध्यम बनेगा, जहां दुनिया भर के निवेशकों को प्रदेश में उपलब्ध अवसरों से अवगत कराया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र का टैक्सटाइल उद्योग केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण मूल्य श्रृंखला का निर्माण कर रहा है, जिसमें कच्चे माल के उत्पादन से लेकर परिधान निर्माण और वैश्विक निर्यात तक सभी चरण शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मप्र भारत के 43% और वैश्विक स्तर पर 24% ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादन में योगदान देता है। यह आंकड़ा न केवल प्रदेश की क्षमता को दर्शाता है, बल्कि इसे पर्यावरणीय रूप से सतत और उच्च गुणवत्ता वाले वस्त्र निर्माण के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है।



### कपास, रेशम और आधुनिक फाइबर मप्र की बुनियादी ताकत

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश कपास उत्पादन में अग्रणी है। साथ ही यहां का रेशम उद्योग भी लगातार विस्तारित हो रहा है। राज्य प्रतिवर्ष 200 टन से अधिक रेशम उत्पादन करता है, जिससे परंपरागत हथकरघा और आधुनिक सिल्क उत्पाद दोनों को बढ़ावा मिल रहा है। इसके अलावा मप्र आधुनिक कृत्रिम फाइबर उत्पादन के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे टेक्निकल टैक्सटाइल और स्पेशलिटी फाइबर निर्माण को बल मिल रहा है। धार जिले में विकसित किया जा रहा पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टैक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पार्क प्रदेश के कपड़ा उद्योग को नया आयाम देगा। 2,100 एकड़ में फैले इस पार्क में टैक्सटाइल और गारमेंट उद्योगों के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा उपलब्ध होगा। यह पार्क न केवल निवेश आकर्षित करेगा, बल्कि प्रदेश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी बनाएगा।*

### मध्यप्रदेश पारंपरिक कला और आधुनिक टैक्सटाइल का अनूठा संगम

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की पहचान केवल बड़े कपड़ा उद्योगों तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां की पारंपरिक कला भी टैक्सटाइल क्षेत्र की एक बड़ी ताकत है। चंदेरी, महेश्वरी, बाग प्रिंट, बाटिक प्रिंट और जरी-जरदोजी जैसे उत्कृष्ट हथकरघा उत्पाद मप्र की विरासत को दर्शाते हैं। इन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। महेश्वरी साड़ी, बाग पैटर्न और चंदेरी कॉटन को जीआई टैग प्राप्त हो चुका है, जिससे इन उत्पादों की ब्रांडिंग और बाजार में स्थिति और मजबूत हुई है।*

### 60 से अधिक बड़ी कपड़ा मिल्स, 4,000 से अधिक करघे, 25 लाख स्पिंडल्स कार्यरत

*प्रदेश में 60 से अधिक बड़ी कपड़ा मिल्स, 4,000 से अधिक करघे और 25 लाख स्पिंडल्स कार्यरत हैं। इंदौर, भोपाल, उज्जैन, धार, देवास, ग्वालियर, छिंदवाड़ा और जबलपुर प्रमुख टैक्सटाइल हब के रूप में विकसित हो रहे हैं। इंदौर का रेडीमेड गारमेंट क्लस्टर 1,200 से अधिक इकाइयों के साथ प्रदेश में रेडीमेड वस्त्र निर्माण की प्रमुख इकाई बन चुका है। यहां स्थित अपैरल डिजाइनिंग सेंटर और स्पेशल इकोनॉमिक जोन उद्योगों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान कर रहे हैं।*

---

## बजट के प्रावधानों से मप्र के हर क्षेत्र में खुलेंगे तरक्की के द्वार: मुख्यमंत्री

# केंद्रीय बजट से सशक्त होंगे गरीब युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति

*कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री खट्टर ने पेश की बजट की आर्थिक तस्वीर*

*केंद्रीय बजट का उपयोग कर मध्य प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाया जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र में सरकार बनी थी। उस समय केंद्र सरकार का बजट करीब 16 लाख करोड़ का था। इस साल का बजट करीब 50 लाख करोड़ का है, जो 2013-14 की तुलना में तीन गुना से अधिक है। जिस तेजी के साथ हमारे बजट का आकार बढ़ा है, वह दिखाता है कि भारत की अर्थव्यवस्था बीते एक दशक में कितनी तेजी से आगे बढ़ी है। उन्होंने कहा कि चार जातियों गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के कल्याण की बात प्रधानमंत्री करते हैं और बजट इसी ज्ञान पर केंद्रित है।

केंद्रीय मंत्री खट्टर रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में बजट 2025-26 पर चर्चा दौरान प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी पत्रकारों को संबोधित किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री भगवान दास सबनानी, मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, वरिष्ठ नेता राहुल कोठारी समेत अन्य लोग मौजूद थे। खट्टर ने वर्ष 2014 के बाद 2025 तक की अर्थव्यवस्था की तस्वीर भी पत्रकारों के सामने रखी। केन्द्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

**देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए**




### स्टार्टअप की संख्या 350 से बढ़कर 1.60 लाख हुई

खट्टर ने कहा कि स्टार्टअप के लिए लोन की सीमा 10 करोड़ तक बढ़ाई गई है। ब्याज रहित लोन के लिए एक लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि 2014 में स्टार्टअप की संख्या महज 350 थी, अब यह बढ़कर 1.60 लाख हो गई है। नए बजट में भी खेलो इंडिया के लिए 1000 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। इस योजना के तहत 23 हजार, 80 एथलीटों को सहायता दी गई है।

### नए केंद्रीय बजट में पीएम धन धान्य योजना शुरू की गई

खट्टर ने कहा कि नए बजट में पीएम धन धान्य योजना शुरू की गई है, जिसका लाभ देश के 100 जिलों के 1.70 करोड़ लोगों को मिलेगा। यूरिया की उपलब्धता के लिए असम में तीन प्लांट लगाए जा रहे हैं। दालों पर आत्मनिर्भरता के लिए योजना शुरू की जा रही है, वहीं बिहार में मखाना बोर्ड का गठन किया जा रहा है। किसान क्रेडिट कॉर्ड पर लोन की लिमिट को पांच लाख रुपए तक बढ़ा दिया गया है। किसानों के लिए डिजिटल एग्री मिशन शुरू किया जा रहा है। पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए गोकुल मिशन शुरू किया जा रहा है।

### बजट के हर प्रावधान का उपयोग कर मप्र को बनाएंगे अग्रणी: सीएम

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केंद्रीय बजट के हर प्रावधान का लाभ मप्र को मिलेगा। केंद्रीय बजट का उपयोग कर मप्र को देश का अग्रणी राज्य बनाएंगे। केंद्रीय बजट में कपास उत्पादन का प्रावधान है, इससे मप्र का निमाड़ से लगा हुआ पूरा मालवा और आगे तक का क्षेत्र शामिल है। कपास उत्पादन से कपड़ा उद्योग जुड़ा है, उद्योग लगेंगे जो निवेश से जुड़ा है। फैक्ट्री, कारखाने जो भारी उद्योग के तहत आते हैं उनकी भी संभावनाएं हैं। कपड़े से बने हुए सारे रेडीमेड गारमेंट उद्योग भी कपास से जुड़े हैं। योजना में हमारी लाड़ली बहना योजना भी आ गई है। हमारी सरकार ने पॉलिसी बनाई है, एमएसएमई इंडस्ट्री स्थापित होगी तो उससे लोगों की आय बढ़ेगी, निर्यात से भी आय होगी।*

### डे-केयर सेंटर व गिग वर्कर्स को ई-श्रम पोर्टल से मिला लाभ

*आयुष्मान भारत योजना में मुफ्त उपचार के अलावा देश भर के 200 जिला अस्पतालों में डे-केयर सेंटर भी बनाया जा रहा है। गिग वर्कर्स को ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से हितलाभ दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में 3 करोड़ नए घर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए बजट में 78 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना में छोटे कारीगरों के लिए 5100 करोड़ का बजट रखा गया है।*

### 50 हजार स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब

*खट्टर ने कहा कि शोध के प्रति रुचि जागृत करने देश के 50 हजार स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब बनाया जा रहा है। भारत नेट के अंतर्गत 2.5 लाख पंचायतों में इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। मेडिकल एजुकेशन में फिलहाल 10 हजार सीटें हैं। आगे चलकर 75 हजार सीटें बढ़ाने का लक्ष्य है। युवाओं में शोध को बढ़ावा देने के लिए पीएम रिसर्च फैलोशिप योजना शुरू की गई है। आईआईटी के इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार किया जा रहा है। सेंटर फॉर एक्सीलेंस फॉर एआई के लिए 500 करोड़ का बजट रखा गया है।*

### मुख्यमंत्री से केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री खट्टर ने की सौजन्य भेंट



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से रविवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में केन्द्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर खजुराहो सांसद वीडी शर्मा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री खट्टर का बुके देकर आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया और निवास कार्यालय कक्ष से बड़ी झील के सौंदर्य का अवलोकन कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह झील ही भोपाल की सबसे बड़ी पहचान है। झीलों के शहर में आपका स्वागत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय मंत्री खट्टर के भोपाल प्रवास को स्मरणीय बताया और प्रतीक स्वरूप उन्हें राजा भोज की प्रतिमा देकर सम्मानित भी किया।*

---

## आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे राशि वितरित

# 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित होंगे 1553 करोड़ रुपए

**सोनकच्छ के ग्राम पीपलरावां में होगा मुख्य कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को देवास जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम पीपलरावां में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और किसान कल्याण योजना के हितग्राही किसानों के खातों में राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हितग्राहियों से संवाद कर योजना के लाभ की जानकारी भी लेंगे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपए अंतरित करेंगे। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ रुपए और किसान कल्याण योजना में 81 लाख हितग्राही किसानों के खाते में 1624 करोड़ रुपए अंतरित की जाएगी।

**56 लाख सामाजिक सुरक्षा के पेंशन हितग्राहियों और 81 लाख किसानों के खाते में राशि होगी अंतरित**



### सीएम 144 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 144 करोड़ के 53 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे। इसमें 102 करोड़ रुपए के 37 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 42 करोड़ रुपए के 16 विकास कार्यों का शिलान्यास शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विभिन्न शासकीय योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी करेंगे।*

---

## हिंदी भवन में हुई श्रद्धांजलि सभा में डॉ. यादव ने दी श्रद्धांजलि

# कर्मठ व्यक्तित्व के धनी थे स्व. रामदयाल प्रजापति, सबको साथ लेकर चलते थे: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को हिन्दी भवन में स्व. रामदयाल प्रजापति को श्रद्धांजलि अर्पित की। हिन्दी भवन में रामदयाल प्रजापति को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित की गई सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रामदयाल प्रजापति ने एक श्रेष्ठ जन-प्रतिनिधि की पहचान बनाई। उनका जीवन श्रेष्ठ कर्मों और कुशल व्यवहार से जाना गया है।

उनके निधन के बाद उनके प्रति विभिन्न जन-प्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा व्यक्त विचारों से भी यह सिद्ध होता है कि वे एक कर्मठ व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखा। उनके व्यक्तित्व का यह अनूठा गुण था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रजापति सदैव कार्यकर्ता भाव से सौंपे गए दायित्व पूरे करते रहे। संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, विधायक सबनानी ने भी सभा को संबोधित किया।



---




### दिल्ली विजय से मप्र भाजपा को 'दोहरी खुशी'

दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी जीत और अरविंद केजरीवाल की हार से भाजपा गदगद है। दिल्ली की यह विजय प्रदेश भाजपा के लिए दोहरी खुशी लेकर आई है। पहली यही कि पार्टी पूरे 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापस आ रही है। दूसरी खुशी यह कि आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को प्रवेश वर्मा ने हराया है। वर्मा का मप्र से गहरा नाता है। वे भाजपा के वरिष्ठ नेता विक्रम वर्मा और विधायक नीना वर्मा के दामाद हैं। केजरीवाल को हराने के कारण प्रवेश वर्मा मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। वे पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय साहब सिंह वर्मा के बेटे हैं।

### कांग्रेस के दो और विधायक देंगे पार्टी को गच्चा....!

पार्टी की नजर में कांग्रेस के दो और विधायकों की निष्ठा संदिग्ध हो गई है। ये हैं हरदा के आरके दोगने और टिमरनी से पहली बार जीते अभिजात शाह। दोनों को संघ से जुड़े एक कार्यक्रम में देखा गया है, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ संघ के सुरेश सोनी भी मौजूद थे। दोगने ने पूर्व मंत्री कमल पटेल को दूसरी बार हराया है। दूसरे टिमरनी विधायक अभिजात शाह प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह के भतीजे हैं। उन्होंने टिमरनी में अपने चाचा संजय शाह को हराया है। उनका परिवार भाजपाई है, इसलिए उन पर भी नजर रखी जा रही है। दोगने-शाह ने कांग्रेस छोड़ी तो यह पार्टी के लिए बड़ा झटका होगा।

### सौरभ केस में जांच एजेंसियों कुछ कर पाएंगी?

परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा मामले में लोकायुक्त और ईडी जैसी जांच एजेंसियों की निष्पक्षता पर सवाल उठने लगे हैं। सौरभ ने जिस तरह पहले सरेंडर का नाटक किया और लोकायुक्त पुलिस ने जिस तरह उन्हें गिरफ्तार किया, उसे देखकर जांच में लीपापोती की आशंका व्यक्त की जाने लगी है। पहले यह आरोप कांग्रेस ही लगा रही थी लेकिन अब भाजपा नेत्री पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती ने ही सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि 'चेक पोस्ट घोटाले में कुछ लोग पकड़े गए हैं। अगर जांच में यही साबित होता है कि सिर्फ इन्हीं लोगों ने घोटाला किया है, तो मामला और भी गंभीर हो सकता है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों पर लोगों का भरोसा है। देखना यह है कि एजेंसियां इस मामले को यहीं खत्म कर देती हैं या गहराई से जांच करती हैं। असली अपराधियों को पकड़कर उन्हें सजा दिलाना एजेंसियों के लिए एक बड़ी चुनौती है।'

### विधानसभा का छोटा बजट सत्र, बड़ा सवाल

प्रदेश में लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर विधानसभा का बजट सत्र एक बार फिर चर्चा में है। वजह है इसका छोटा होना। कुछ साल पहले तक बजट सत्र महीनों चलता था। बजट के साथ अनुदान मांगों पर विस्तार से चर्चा होती थी। पर अब ये बीते दिनों की बात हो गई। बजट सत्र की अधिसूचना के अनुसार इस बार भी सिर्फ 9 बैठकें होंगी। पिछले कुछ सत्रों के हश्र को देखते हुए यह कहना कठिन है कि ये 9 बैठकें भी हो पाएंगी या नहीं, क्योंकि हंगामें की आड़ में सदन की कार्रवाई अनिश्चिकाल के लिए स्थगित करना परंपरा जैसी बन गई है। बजट सत्र के इतना छोटा होने से न कांग्रेस के विधायक खुश हैं, न ही सत्तापक्ष भाजपा के। कांग्रेस ने विरोध में राज्यपाल से मुलाकात की है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने उनसे हस्तक्षेप का आग्रह किया।

### स्पीकर नहीं कर सके निर्मला मामले का निबटारा

बीना विधायक निर्मला सप्रे एक बार फिर चर्चा में आ गईं। विधानसभा के अंदर वे भाजपा की सदस्य हैं या कांग्रेस की, स्पष्ट नहीं है। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर भी उनके मामले का निबटारा नहीं कर सके। उनके द्वारा भाजपा और कांग्रेस अध्यक्षों से पूछा गया कि निर्मला उनके दल की सदस्य हैं या नहीं, पर जवाब नहीं मिला। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा की ओर से जवाब आया कि निर्मला ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण नहीं की है और कांग्रेस ने तो स्पीकर के सामने उनकी सदस्यता रद्द करने की अर्जी लगा रखी है। अब वे यह कहने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहीं कि वे भाजपा में शामिल हो गई हैं। ऐसा कहा तो उनकी सदस्यता रद्द हो सकती है। उन्हें उप चुनाव का सामना करना पड़ सकता है। इसमें वे जीत ही जाएंगी इसकी गारंटी नहीं है। इधर निर्मला की सदस्यता रद्द कराने कांग्रेस कोर्ट तक पहुंच गई है।

दिनेश निगम 'त्यागी'

---

## पुरानी पेंशन मुद्दे का असर चुनाव परिणामों पर भी लगा पड़ने: पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संगठन (एनएमओपीएस) का संभागीय सम्मेलन रविवार को गांधी भवन के सभागार में हुआ।

सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरसरि पटेल ने की। सम्मेलन में एनएमओपीएस के प्रांतीय संरक्षक सुधीर नायक, मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार पटेल, लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा उपस्थित हुए। पटेल ने कहा कि पुरानी पेंशन राष्ट्रीय मुद्दा बन चुका है और इस मुद्दे का असर चुनाव परिणामों पर पड़ने लगा है। इसी संघर्ष से कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हुई है यूपीएस भी कर्मचारियों को स्वीकार्य नहीं है इसलिए पुरानी पेंशन का लक्ष्य पूरा होने तक संघर्ष जारी रहेगा।



## स्व. रामदयाल को दवे ने अर्पित की श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के अनेक दायित्वों का निर्वाहन करने वाले वरिष्ठ नेता, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष तथा मध्यप्रदेश शासन में माटी कला बोर्ड अध्यक्ष स्वर्गीय रामदयाल प्रजापति को भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक एवं प्रभारी दक्षिण-पश्चिम विधानसभा महेंद्र दवे ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर अजाज मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पूनम प्रजापति ने पुष्पांजलि दी।

---

**शारदा विहार आवासीय विद्यालय में प्रांतीय पूर्व आचार्य गटनायक सम्मेलन आयोजित**

# विद्या भारती की प्रेरणा से राष्ट्र जीवन के लिए कार्य कर रहे पूर्व आचार्य: टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के प्रांतीय पूर्व आचार्य गटनायक सम्मेलन का आयोजन राजधानी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, शारदा विहार आवासीय विद्यालय में हुआ। सम्मेलन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दे रहे शिशु मंदिर के पूर्व आचार्यों ने सहभागिता की और अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यतीन्द्र शर्मा (अभा सह संगठन मंत्री, विद्या भारती), डॉ. आदित्य मिश्र (उपाध्यक्ष, विद्या भारती मध्य क्षेत्र), विशिष्ट अतिथि मोहनलाल गुप्ता (अध्यक्ष, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मप्र), क्षेत्रीय संगठन मंत्री भलचंद्र रावले, प्रांतीय संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नीलाभ तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि यतीन्द्र शर्मा के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता गौतम टेटवाल (राज्यमंत्री, कौशल विकास एवं रोजगार, मप्र शासन) ने की। टेटवाल स्वयं भी सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व आचार्य रहे हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यालय के खट्टे-मीठे अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा दिए संस्कारों के कारण ही आज हम राष्ट्र जीवन में समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नीलभ तिवारी ने बताया कि मध्यभारत प्रांत में 4500 से अधिक पूर्व आचार्य समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं। वे सभी निरंतर राष्ट्र उन्नति में अपना योगदान अपनी जड़ों से जुड़े रहकर करें, इसलिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी सत्र में विद्या भारती मध्यभारत प्रान्त की गौरव गाथा विकास पथ पुस्तक का लोकार्पण किया गया। आयोजन में विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के पदाधिकारी, शिक्षाविद्, एवं समाज जीवन में कार्य करने वाले विद्याभारती के 500 से अधिक पूर्व आचार्य उपस्थित रहे।




### संस्कारयुक्त पीढ़ी से ही राष्ट्र निर्माण संभव: शर्मा

*मुख्य अतिथि यतीन्द्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारयुक्त पीढ़ी से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। विद्या भारती जिस लक्ष्य को लेकर विद्यालय संचालित करता है आज उसी के अनुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बनी है और अधिकतम सरस्वती शिशु मंदिर में लागू भी हो चुकी है। इस विचार के साथ राष्ट्र निर्माण में हम पूर्व आचार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर विचार-विमर्श किया गया तथा भारतीय शिक्षा प्रणाली में सकारात्मक परिवर्तन के लिए पूर्व आचार्यों की भूमिका पर चर्चा हुई।*

बड़ा बदलाव

# यूपीएससी आवेदन अब 18 तक, सुधार का मौका भी

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 फरवरी तक बढ़ा दी है। आवेदन के बाद सुधार का भी मौका मिलेगा। इससे पहले परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 फरवरी शाम 6 बजे तक थी। यूपीएससी द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का चयन करने के लिए सिविल सेवा परीक्षा तीन चरणों में प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है।

### आवेदन की तिथि बढ़ी आगे

आयोग की वेबसाइट पर जारी एक नोट में कहा गया है कि सिविल सेवा (प्रारंभिक)-2025 और भारतीय वन सेवा (प्रारंभिक)-2025 परीक्षाओं के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 18 फरवरी शाम 6 बजे तक बढ़ा दी गई है। इस बात की जानकारी आयोग की वेबसाइट पर जारी एक नोट में दी गई है।

रायगढ़ के पुसौर इलाके के रहने वाले थे मृतक

# बोलेरो-ट्रेलर की टक्कर, कुंभ से लौट रहे चार श्रद्धालुओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

प्रयागराज में आयोजित कुंभ मेले से गंगा स्नान कर वापस घर लौट रहे बोलेरो सवार 4 लोगों की मौत हो गई, वहीं 6 लोगों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। रायगढ़ विधायक एवं वित्त मंत्री ने घायलों से बातचीत करके उनके बेहतर उपचार की व्यवस्था कराई है। घटना रविवार सुबह करीब 5 बजे यूपी के सोनभद्र जिले के बभनी थाना क्षेत्र अंतर्गत दरनखाड मे घटित हुई है।मिली जानकारी के मुताबिक सूरजपुर के अलावा केशपाली गांव के एक दर्जन से भी अधिक लोग प्रयागराज में आयोजित कुंभ मेले में नहाने गए थे।



### सीएम साय और योगी ने जताया दुख

हादसे को लेकर छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, सीएम योगी ने घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

पहली बार दो सेना प्रमुखों ने एक साथ भरी उड़ान

# एयर चीफ ने उड़ाया तेजस, को-पायलट बने आर्मी चीफ

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल ए.पी. सिंह और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को एक साथ एक ही लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। वायुसेना और थलसेना प्रमुख ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में यह उड़ान भरी है। यह पहला अवसर है जब दोनों सेनाओं के प्रमुखों ने एक साथ स्वदेशी लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। तेजस देश में ही बना सिंगल इंजन लाइट कॉम्बेट एयरक्राफ्ट है। इस दौरान वायुसेना प्रमुख पायलट और थलसेना प्रमुख को-पायलट सीट पर थे।

वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल ए.पी. सिंह ने जनरल उपेंद्र द्विवेदी के साथ यह ऐतिहासिक उड़ान तेजस लाइट कॉम्बेट एयरक्राफ्ट के टू-सीटर ट्रेनर वर्जन में बेंगलुरु के येलहंका एयरबेस से भरी। इस उड़ान के दो प्रमुख संदेश माने जा रहे हैं।





### रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन

मित्र देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी की दिशा में बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत, 'ब्रिज- अंतर्राष्ट्रीय रक्षा वैश्विक जुड़ाव के माध्यम से सुगम बनाना' विषय पर रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यह गतिशील भू-राजनीतिक स्थितियों और आपसी समृद्धि के मार्ग को समाहित करता है, जिसे सुरक्षा और विकास के साझा दृष्टिकोण वाले देशों के बीच सहयोग के माध्यम से जोड़ा जा सकता है।

### वायुसेना प्रमुख ने निभाया वादा

यहां एयरो इंडिया की शुरुआत से ठीक एक दिन पहले सेना प्रमुखों की इस संयुक्त उड़ान से विश्व के प्रभावशाली देशों में भारतीय सेनाओं के मिलकर काम करने, प्रगति और बढ़ती ताकत का संदेश गया है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने हाल ही में कहा था कि वायुसेना प्रमुख ने उनसे वादा किया है कि वे जब तेजस उड़ाएंगे तो मुझे भी साथ ले जाएंगे। रविवार को एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने अपना यह वादा पूरा किया।

## पेज एक का शेष

### राष्ट्रपति मूर्मू आज ...

मौजूद रहेंगे। इससे पहले भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ में पावन स्नान किया था।

### यूके, जर्मनी और...

में कंपनियों को तकनीकी रूप से भी मप्र के विकास में सहभागी बनने का निमंत्रण दिया है। यूके, जर्मनी और जापान की कंपनियों ने तकनीक के क्षेत्र में भी मप्र को आगे बढ़कर संवारने का वादा किया है।

### व्यापार और निवेश को ....

कार्यालय स्थापित कर सकता है, जिससे जापानी कंपनियों को प्रदेश में निवेश के लिए मार्गदर्शन मिलेगा। विश्व की सबसे बड़ी टायर निर्माता कंपनियों में से एक ब्रिजस्टोन मप्र में अपनी मौजूदा इकाई का विस्तार करेगी। नई उत्पादन लाइन, अनुसंधान एवं विकास केंद्र और कौशल विकास केंद्र की स्थापना की योजना बनी है। यह निवेश न केवल प्रत्यक्ष रोजगार सृजन करेगा बल्कि ऑटोमोटिव सेक्टर के पूरे ईको-सिस्टम को मजबूत करेगा।

### दनादन गोलीबारी...

घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी जब्त किए गए हैं। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में एके 47, एसएलआर, इंसास राइफल, बीजीएल लांचर हथियार और विस्फोटक पदार्थ बरामद हुए हैं। छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जवानों को नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी। इसके बाद 600 से ज्यादा जवानों ने ऑपरेशन को लांच किया था। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर जवानों ने नक्सलियों का एनकाउंटर किया है वह जगह नक्सलियों की सबसे सुरक्षित स्थान माना जाता था। जवानों ने नक्सलियों के मांद में घुसकर हमला बोला है।

**सीएम साय बोले-जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा:** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मुठभेड़ में 2 जवान बलिदान एवं 2 जवान के घायल होने की भी दुःखद खबर प्राप्त हुई है। जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। मार्च 2026 तक हमारा प्रदेश नक्सलवाद मुक्त होकर रहेगा।

### राहत: खतरे...

बताई जा रही है और उन्हें उपचार के लिए बेहतर चिकित्सा प्रतिष्ठान में ले जाया जा रहा है। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षाबलों को भेज दिया गया है तथा क्षेत्र में तलाशी अभियान अब भी जारी है। एनकाउंटर बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में हुआ है। अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है। बीजापुर डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर के जवानों ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। आईजी ने बताया कि नक्सलियों के बड़ी संख्या में जमा होने की सूचना मिली थी, इसके बाद मौके पर फोर्स रवाना की गई है। सुबह से ही रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है।

### अब नक्सलवाद के ...

इसकी वजह से अपनी जान नहीं गंवानी पड़ेगी। शाह ने एक्स पर लिखा कि भारत को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में सुरक्षा बलों को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता मिली है। इस ऑपरेशन में 31 नक्सली मारे गए और भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने मानव विरोधी नक्सलवाद को खत्म करने के प्रयास में अपने दो बहादुर जवानों को भी खो दिया है और देश हमेशा इन वीरों का ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं शहीद सैनिकों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।

### मप्र - यूपी बॉर्डर ...

सका। अमरपाटन के खरमसेड़ा के पास हाइवे पर वाहनों की लगभग 3 किलोमीटर लंबी कतारें लग गई है। महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एकमात्र रास्ता एनएच 30 है जो कटनी मैहर तथा रीवा होते हुए गुजरता है। प्रशासन के मुताबिक
करीब 10 हज़ार से ज्यादा वाहन जाम में फंसे रहे हैं, जिनको बारी-बारी छोड़ा जा रहा है। उधर, हाइवे पर वाहन रोके जाने की वजह से मां शारदा की नगरी मैहर में भक्तों की भीड़ फिर बढ़ने का अनुमान है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, असम से लेकर अन्य राज्यों से पहुंची गाड़ियों का काफिलों से पूरा हाइवे जाम हो चुका है। कटनी जिला प्रशासन की ओर से यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे अपने स्टाफ के साथ सड़कों पर उतरकर पहले तो सभी को रोका और फिर बैरिकेड लगाकर लोगों को माइक के माध्यम से समझाईश दी। मप्र-यूपी बॉर्डर पर प्रशासन ने वाहनों को रोक लिया। रातभर से लोग फंसे रहे। मात्र 6 घंटे की समयावधि में सोहागी टोल प्लाजा से करीब 14000 वाहन प्रयागराज के लिए निकल चुके थे।

### शव लेकर ...

पति एडवोकेट राजू चतुर्वेदी है। उनके देवर भाजपा नेता बृजेश चतुर्वेदी ने बताया कि परिजन प्रयागराज की ओर रवाना हो चुके हैं। हालांकि, भारी जाम के कारण उन्हें वहां पहुंचने में काफी कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा कि अंतिम संस्कार के स्थान का निर्णय परिवार के सभी सदस्य मिलकर करेंगे।

### 14 तक संगम स्टेशन...

पूरी तरह जाम हो गईं। सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने अपील की कि यात्री किसी भी जानकारी के लिए रेलवे के टोल फ्री नंबर 18004199139 पर 139 पर मदद ले सकते हैं।

### मणिपुर के सीएम ...

में जातीय हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने जनता से माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था कि यह पूरा साल बेहद खराब रहा। राज्यपाल को सौंपे गए अपने इस्तीफे में उन्होंने लिखा कि मणिपुर के लोगों की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। मैं केंद्र सरकार अत्यंत आभारी हूं, जिन्होंने समय पर कार्यवाही, हस्तक्षेप, विकास कार्य और विभिन्न परियोजनाओं को लागू किया, ताकि मणिपुर के हर एक नागरिक के हित की रक्षा की जा सके। राज्य में मई 2023 से जातीय हिंसा चल रही है, जिसमें अब तक 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। नवंबर में मणिपुर के जिरीबाम में तीन महिलाओं और उनके तीन बच्चों की हत्या के बाद भी बवाल हुआ। राज्य में लगातार हो रही हिंसा के चलते एन बीरेन सिंह भारी दबाव में थे और उनको पद से हटाने की मांग जोर पकड़ रही थी। एनडीए की सहयोगी एनपीपी ने भी मणिपुर सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था और नेतृत्व परिवर्तन करने की मांग की थी।

### इस्तीफे की वजह ...

हो रहा है और उसमें विपक्ष सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी में था। भाजपा को आशंका थी के उसके विधायकों का एक बड़ा हिस्सा इस दौरान सदन से अनुपस्थित हो सकता है।ऐसे में सदन के भीतर सरकार के गिरने की आशंका थी। इसे देखते हुए भाजपा नेतृत्व ने बीरेन सिंह को हटाने का फैसला किया। भाजपा नेतृत्व मणिपुर में अब नए मुख्यमंत्री के चयन की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार, नया मुख्यमंत्री राज्य के बहुसंख्यक मैतेई समुदाय से ही होगा, लेकिन वह व्यक्ति दोनों समुदाय के लिए स्वीकार होगा। जिन नामों की चर्चा है, उनमें विधानसभा अध्यक्ष थोकचोम सत्यव्रत सिंह, मंत्री थोंगम विश्वजीत सिंह और युमनाम खेमचंद सिंह का नाम भी शामिल है।

### महिला संगीत में...

उसे हार्ट अटैक आ गया, जिससे उसकी स्टेज पर ही गिरकर मौत हो गई। शादी में मौजूद डॉक्टरों (रिश्तेदार) ने उसको सीआरपी देने की कोशिश की लेकिन फिर भी कोई हलचल नहीं हुई। तत्काल उन्हे विदिशा के प्राइवेट अस्पताल ले गए,जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।परिणीता की मौत के बाद रात के समय साधारण तरह से फेरे हुए। रविवार को होने वाले सारे कार्यक्रमों को निरस्त कर दिया। विदिशा में सारे रिश्तेदार होने के कारण उसका यहीं पर अंतिम संस्कार किया गया।

### 10 दिन में मिल ...

13 फरवरी के बाद आयोजित होने की पूरी संभावना है। दिल्ली में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह भव्य होगा, इसलिए थोड़ा समय लिया जा रहा है। कार्यक्रम में एनडीए नेताओं को बुलाया जाएगा। इसके साथ ही सभी एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह का हिस्सा होंगे। इधर, भाजपा में सीएम फेस पर मंथन शुरू हो गया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच करीब डेढ़ घंटे तक बातचीत हुई। माना जा रहा है कि बैठक में दिल्ली की नई सरकार की रूपरेखा पर चर्चा हुई है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी रविवार की शाम को पार्टी विधायकों की बैठक बुलाई। वे सभी जीते हुए विधायकों से मिले।

### दो दिन में 7 डिग्री...

डिग्री के बाद रविवार को 3.2 डिग्री की बढ़त रही। दो दिन में कुल 7.2 डिग्री की बढ़त के साथ पारा 30.4 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 2.8 डिग्री अधिक है। रात का पारा 1.2 डिग्री बढ़कर 10.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.6 डिग्री कम है। पांच जिलों में रात का पारा 7 डिग्री से कम रहा। इनमें सबसे कम शहडोल में 4.6 डिग्री रहा। शहडोल और मंडला में शीतलहर का असर रहा। अशोकनगर 4.8, मंडला 5.8, नौगांव 6 और पचमढ़ी में 6.8 डिग्री रहा है।

### स्वच्छता के लिए ...

रखा जाएगा। खट्टर भोपाल में रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब भी स्वच्छता में रैंकिंग की बात आती है तो इंदौर पहले नंबर पर आता है। 6-7 सालों से लगातार पहले नंबर पर आ रहा है। कुछ लोगों की शिकायत है कि अगर बार-बार फर्स्ट एक ही शहर को आना है, तो हम प्रतियोगिता में हिस्सा ही क्यों लें?

### तीन शहरों में जो ...

नए शहर जो प्रयास कर रहे हैं, उनमें से फर्स्ट, सेकंड व थर्ड आ सकेंगे।

### केजरीवाल का 'जहर...

को महंगा पड़ गया। अगर वे यह बयान न देते तो संभव है 5-7 सीटें ज्यादा जीत जाते।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यकता
पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898.
R-07 to 21-02-2025

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-09 to 12/2/2025- not-14,26,27,03

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

लेकसिटी हॉस्पिटल
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस., एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
डायबिटिक फुट के लक्षण :
डायबिटिक से होने वाले पैरों के घाव, पैर में सुन्नपन, पैरों में बिना दर्द का छाला एवं घाव, बार-बार रक्तस्त्रव होना, दुर्गन्ध, दर्द, तरल पदार्थ या मवाद का निकलना, त्वचा का रंग बदलना, गैंग्रीन
अपने पैरों को बचाएं
Email : lakecityhospital@gmail.com
www.lakecityhospital.net
www.youtube.com/dranandiayantkale
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.) +91 95229 69980

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष:** मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क:** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला:** वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु:** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन:** मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5774



**बाएँ से दाए**
1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी -2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

### शब्द पहेली- 5773 का हल



## सूडोकु नवताल - 5784

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5783 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## खबर संक्षेप



### कोल इंडिया का सीएसआर पर खर्च 36.5 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल पर खर्च चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह (अप्रैल-जनवरी) के दौरान 36.5 प्रतिशत बढ़कर 497 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी ने सीएसआर पर 364 करोड़ रुपए खर्च किए थे। अधिकारी ने बताया कि घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी सीआईएल अपने सीएसआर कोष का 70 प्रतिशत से अधिक स्वास्थ्य सेवा, पोषण एवं स्वच्छता तथा शिक्षा एवं आजीविका पर खर्च करती है।

### फोर्टिस हेल्थकेयर का शुद्ध मुनाफा 89 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 89 प्रतिशत बढ़कर 254.3 करोड़ रुपए हो गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 134.23 करोड़ रुपए रहा था। फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड (एफएचएल) ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसकी एकीकृत परिचालन आमदनी 1,928.26 करोड़ रुपए रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 1,679.68 करोड़ रुपए थी।




### नैबफिड चालू तिमाही में 30 हजार करोड़ जुटाएगी

**नई दिल्ली।** नैबफिड (राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण एवं विकास बैंक) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजकिरण राय ने कहा है कि कंपनी देश में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए चालू तिमाही के दौरान 30,000 करोड़ जुटाने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि हमें इस साल (वित्त वर्ष 2024-25 में) एक लाख करोड़ के ऋण मंजूरी के आंकड़े को छूने की उम्मीद थी। हम इसके बहुत करीब हैं और इस साल इस लक्ष्य को पार कर लेंगे। हमारा इस वित्त वर्ष में 60000 करोड़ वितरित करने का लक्ष्य है।



### मारुति सुजुकी ने आईटीबीपी को जिम्नी की 60 इकाइयां सौंपी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि उसने अपनी एसयूवी 'जिम्नी' की 60 इकाइयां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) को सौंप दी हैं। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में पहली बार इस मॉडल को शामिल किया गया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इन वाहनों को लेह-लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा कि मारुति सुजुकी का सशस्त्र बलों के साथ पुराना संबंध है।



### बीते सप्ताह अधिकांश तेल तिलहन की कीमतों में सुधार

**नई दिल्ली।** विदेशों में आयातित खाद्य तेलों के दाम बढ़ने तथा आगामी त्योहारों की वजह से आवक घटने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने तथा विनिमय दर बढ़ाए जाने से भी खाद्य तेलों में सुधार को बल मिला। बाजार सूत्रों ने कहा कि इन सबके अलावा विनिमय दर बढ़ाए जाने से भी खाद्य तेल कीमतों में मजबूती रही।



# जुकरबर्ग की कंपनी में फिर बड़ी छंटनी, इस हफ्ते 3000 लोगों की जाएगी नौकरी

## अमेरिका सहित अधिकांश देशों में प्रभावित कर्मचारियों को नोटिस भेजे जाएंगे

जेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप की पैरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स अगले सप्ताह छंटनी की योजना बना रही है। एक आंतरिक मेमो के अनुसार, यह छंटनी सोमवार सुबह 5 बजे (अमेरिका समयानुसार) से शुरू होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार मेटा के हेड ऑफ पीपल जैनेल गेल द्वारा लिखे गए आंतरिक पोस्ट के अनुसार, अमेरिका सहित अधिकांश देशों में प्रभावित कर्मचारियों को सोमवार सुबह से नोटिस भेजे जाएंगे।

हालांकि, जर्मनी, फ्रांस, इटली और नीदरलैंड्स में कर्मचारियों को "स्थानीय नियमों" के कारण छंटनी से छूट दी गई है। अन्य देशों में 11 फरवरी से 18 फरवरी के बीच छंटनी की सूचना दी जाएगी। मेटा ने इस छंटनी या भर्ती प्रक्रिया को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

### कम प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों की होगी छंटनी

मेटा ने पहले ही पुष्टि की थी कि वह अपने सबसे कम प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों में से लगभग 5 प्रतिशत की छंटनी करेगा। हालांकि, कुछ पदों को फिर से भरा जाएगा। गेल ने इन कटौतियों को "प्रदर्शन समाप्ति" कहा है। पिछली छंटनी के विपरीत, इस बार मेटा के कार्यालय खुले रहेंगे और छंटनी को लेकर कोई अतिरिक्त जानकारी साझा नहीं की जाएगी।




### मशीन लर्निंग इंजीनियरों की तेजी से भर्ती

इसी बीच, मेटा मशीन लर्निंग इंजीनियरों और अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए भर्ती प्रक्रिया तेज कर रहा है। कंपनी के मोनेटाइजेशन डिवीजन के वीपी ऑफ इंजीनियरिंग, पेंग फैन द्वारा पोस्ट किए गए एक अन्य मेमो में कर्मचारियों से कहा गया कि वे 11 फरवरी से 13 मार्च के बीच तेजी से भर्ती प्रक्रिया में सहायता करें।

### 2022-23 के बाद की सबसे बड़ी छंटनी

वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी ने अपने कर्मचारियों की संख्या के लगभग एक चौथाई लोगों को नौकरी से निकाल दिया था। जिनकी संख्या 21 हजार थी। उसके बाद से अब कंपनी बड़ी संख्या में छंटनी करने जा रही है। जिन लोगों को नौकरी से निकाला जा रहा है उन्हें 10 फरवरी तक सूचित कर दिया जाएगा। कर्मचारियों को पहले से तय नियमों के अनुसार भत्ता भी दिया जाएगा।

## सरकार ने जुलाई 2024 में सोने पर से आयात शुल्क में कटौती की घोषणा की

# आयात शुल्क में कटौती के बाद सोने की तस्करी में आई उल्लेखनीय कमी : सीबीआईसी प्रमुख

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार द्वारा जुलाई, 2024 में बहुमूल्य धातु पर आयात शुल्क में कटौती के बाद से सोने की तस्करी में उल्लेखनीय कमी आई है। अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने यह बात कही है।

■ आयात शुल्क को घटाकर छह प्रतिशत किया गया

सरकार ने जुलाई, 2024 में सोने पर आयात शुल्क घटाकर छह प्रतिशत किया गया था। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सीमा शुल्क और डीआरआई अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून की अवधि में देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर 544 करोड़ रुपए मूल्य का 847 किलोग्राम सोना जब्त किया है।




### सीमा शुल्क 15 प्रतिशत रहा

जुलाई में, सरकार ने सोने पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया था। अग्रवाल ने कहा, पिछले साल के बजट में सोने पर शुल्क की दर कम किए जाने के बाद सोने की तस्करी में उल्लेखनीय कमी आई है।"

### वाणिज्यिक कार्गो पर नियमित निगरानी

हालांकि, अग्रवाल ने जब्त किए गए सोने की मात्रा या मूल्य का खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी भी मार्ग से मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात, सीमाओं और देश में आने वाले वाणिज्यिक कार्गो पर नियमित निगरानी रख रहे हैं।

### सीमा पर माल की मुफ्त आवाजाही

तस्करी, सीमा शुल्क या आयात या निर्यात प्रतिबंधों से बचने के लिए राष्ट्रीय सीमाओं के पार माल की गुप्त आवाजाही है। यह आमतौर पर तब होता है जब सीमा शुल्क इतना अधिक होता है कि तस्कर ऐसे उत्पादों को चोरी-छिपे लाकर अधिक लाभ कमा सकते हैं।

### 2023-24 में 1319 किलो सोना किया गया जब्त

सीबीआईसी के तहत राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) भारत में तस्करी-रोधी क्षेत्र में भारतीय सीमा शुल्क की शीर्ष एजेंसी है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, अकेले डीआरआई अधिकारियों ने 1,319 किलोग्राम सोना जब्त किया था। यह 2023-24 में सीमा शुल्क अधिकारियों सहित सीबीआईसी द्वारा जब्त किए गए 4,869.6 किलोग्राम सोने का हिस्सा है।

### 1922 लोगों को किया गया गिरफ्तार

वर्ष के दौरान सीबीआईसी द्वारा 1,922 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। दिसंबर में जारी डीआरआई की भारत में तस्करी पर रिपोर्ट के अनुसार, भारत अवैध सोने के आयात का एक प्रमुख गंतव्य बन गया है। इसमें सोना और चांदी मुख्य रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों से आते हैं, जहां ये धातुएं कम कीमतों पर उपलब्ध हैं।

### हवाई मार्ग से तस्करी प्रमुख माध्यम

भारत में हवाई मार्ग के माध्यम से सोने की तस्करी एक प्रमुख माध्यम है। पश्चिम एशियाई और दक्षिण पूर्व एशियाई देश पारंपरिक रूप से इसके मुख्य उद्गम स्थल रहे हैं। हाल ही में नैरोबी और अदीस अबाबा जैसे अफ्रीकी हवाई अड्डे, साथ ही ताशकंद जैसे हवाई अड्डे भी तस्करी के के लिए प्रमुख स्थान बनकर उभरे हैं।

# मारुति सुजुकी चार्जिंग बुनियाद करेगी मजबूत

## कंपनी जल्द ई-विटारा उतारने जा रही

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की प्रमुख वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का लक्ष्य ई-विटारा को बाजार में उतारने से पहले देश में चार्जिंग बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी अपने इस मॉडल को देश के परिवारों का प्रमुख वाहन बनाना चाहती है।

■ इस मॉडल को कंपनी परिवारों का प्रमुख वाहन बनाना चाहती है

वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ने बिक्री के बाद सहायता बढ़ाने, लीजिंग मॉडल लाने तथा ग्राहकों को मॉडल खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने को 'वित्तपोषण' के अधिक विकल्प उपलब्ध कराने की भी योजना बनाई है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने बातचीत में कहा, /"ग्राहकों के लिए सबसे बड़ी चिंता चार्जिंग के मामले में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की कमी है। इसलिए हम शीर्ष 100 शहरों में 10 किलोमीटर की दूरी पर फास्ट चार्जर लगाने की योजना बना रहे हैं।/" बनर्जी ने योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि देश में जितने भी इलेक्ट्रिक वाहन बिक रहे हैं, उनका अधिकांश हिस्सा यानी 97 प्रतिशत हिस्सा इन 100 शहरों से आ रहा है। बनर्जी ने कहा कि हमारा मानना है कि जो ग्राहक कार खरीदेगा वह शहर से बाहर भी जाएगा, इसलिए हम अपनी ई-विटारा को प्राथमिक कार बनाना चाहते हैं, न कि द्वितीयक कार।



### विटारा विदेशी बाजार में होगी निर्यात

एमएसआई ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में इलेक्ट्रिक एसयूवी का अनावरण किया था। ई-विटारा को पहले कुछ प्रमुख विदेशी बाजारों में निर्यात किया जाएगा और उसके बाद इसे भारत बेचा जाएगा।

# एफडीआई को बढ़ावा देने प्रक्रिया को आसान बनाने पर विचार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार देश में अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने के लिए कुछ क्षेत्रों में प्रक्रियाओं को और आसान बनाने पर विचार कर रही है। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी।

■ मानदंडों को आसान बनाने पर विचार किया जा रहा

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने विभिन्न सरकारी विभागों, नियामकों, उद्योग संघों, सलाहकार एवं कानूनी फर्मों, पेंशन कोषों, निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी कंपनियों के साथ हितधारक परामर्श आयोजित किया है। विभाग ने देश में एफडीआई को और अधिक आकर्षित करने के तरीकों पर उनके विचार मांगे। अधिकारी ने कहा कि हमने परामर्श पूरा कर लिया है। विभाग को विभिन्न मुद्दों पर सुझाव प्राप्त हुए हैं। अभी तक चीजों को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। प्रक्रियात्मक मोर्चे पर मानदंडों को आसान बनाने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, अधिकारी ने यह नहीं बताया कि सरकार किन क्षेत्रों में प्रक्रियागत ढील देने पर विचार कर रही है। परामर्श में जिन मुद्दों को उठाया गया उनमें ई-वाणिज्य कंपनियों को केवल निर्यात उद्देश्यों के लिए ऑनलाइन व्यापार के इन्वेंट्री-आधारित मॉडल में एफडीआई प्राप्त करने की अनुमति देना; लाभकारी स्वामित्व को परिभाषित करके प्रेस नोट-3 को आसान बनाना; तथा एकल-ब्रांड खुदरा व्यापार के लिए नीति में कुछ बदलाव करना शामिल था।




### भारत में निवेश सालाना आधार पर बढ़ा

इनमें से अधिकतम प्रवाह को आकर्षित करने वाले प्रमुख क्षेत्रों में सेवा क्षेत्र, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, दूरसंचार, व्यापार, निर्माण विकास, वाहन, रसायन और फार्मास्युटिकल्स शामिल हैं।

# एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से 7342 करोड़ रुपए निकाले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजारों से निकासी का सिलसिला जारी है। अमेरिका द्वारा कनाडा, मेक्सिको और चीन जैसे देशों पर शुल्क लगाने की वजह से वैश्विक व्यापार को लेकर जो तनाव बना है उसके चलते विदेशी निवेशकों ने चालू महीने के पहले सप्ताह में स्थानीय शेयर बाजारों से 7,300 करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की है। इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने भारतीय बाजारों से 78,027 करोड़ रुपए की निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर, 2024 में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 15,446 करोड़ रुपए का निवेश किया था। विशेषज्ञों का मानना है कि आगे चलकर बाजार की धारणा वैश्विक वृहद आर्थिक घटनाक्रमों, घरेलू नीतिगत उपायों और मुद्रा के उतार-चढ़ाव से तय होगी।

■ एफआईआई ने बाजार से 7300 करोड़ रुपए की निकासी की




### फाउंड्री उद्योग को 2000 करोड़ का मिलेगा निवेश

**कोलकाता।** प. बंगाल में फाउंड्री उद्योग को अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए 2,000 करोड़ रुपए का निवेश मिलेगा। यह निवेश नई परियोजनाओं और मौजूदा उद्योगों के विस्तार के लिए किया जाएगा। फाउंड्री उद्योग में धातु को पिघलाकर उसे ढालने, आकार देने और विभिन्न उत्पादों के रूप में बनाने का काम किया जाता है। इसमें धातु जैसे लोहे, इस्पात एल्युमिनियम आदि का प्रयोग होता है। इस निवेश का उद्देश्य उद्योग को लाभ पहुंचाना और इसकी क्षमता को बढ़ाना है। इंस्टिट्यूट ऑफ इंडियन फाउंड्रीमैन (आईआईएफ) के अध्यक्ष नवनीत बी अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में फाउंड्री उद्योग तेजी से बढ़ रहा है और इसकी वृद्धी राष्ट्रीय औसत से 50 प्रतिशत अधिक है। फाउंड्री उद्योग के विस्तार के लिए बड़े उद्योगों और सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) दोनों को ध्यान में रखते हुए, कुल 2,000 करोड़ रुपए का निवेश होगा।

कंपनी का इरादा आधुनिक ई-रिक्शा बाजार में पेश करने का

# बजाज ऑटो चालू वित्त वर्ष के अंत तक ई-रिक्शा बाजार में उतरेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बजाज ऑटो चालू वित्त वर्ष के अंततक घरेलू ई-रिक्शा बाजार में उतरने की तैयारी कर रही है। कंपनी का इरादा तेजी से बढ़ते, लेकिन काफी हद तक असंगठित ई-रिक्शा बाजार में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाना है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

बजाज ऑटो के कार्यकारी निदेशक राकेश शर्मा ने विश्लेषकों को बताया कि कंपनी को अपने ई-रिक्शा के लिए चालू तिमाही के अंततक नियामकीय मंजूरी मिलने की उम्मीद है, जिससे वह इस क्षेत्र में उतर सकेगी। ई-रिक्शा बाजार फिलहाल मासिक 45,000 इकाई का है। शर्मा ने कहा कि इस वित्त वर्ष के अंत तक हमारा इरादा एक आधुनिक 'ई-रिक्शा' पेश करने का है, जो इस खंड में बिल्कुल नया मानक स्थापित करेगा और मालिकों और यात्रियों दोनों को उच्च स्तर की संतुष्टि प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा खंड तिपहिया खंड जितना ही बड़ा है और नए ई-रिक्शा से नया कारोबार उत्पन्न होना चाहिए।



### सभी जरूरी मंजूरियां मिल जाएगी

समय सीमा के बारे में पूछे जाने पर शर्मा ने कहा कि हमें इस तिमाही के अंत तक, यानी चालू वित्त वर्ष के अंत तक ई-रिक्शा पेश करने की उम्मीद है। उस समय तक हमें इसके लिए सभी जरूरी मंजूरियां मिल जाएंगी। या हो सकता है कि यह अप्रैल के पहले सप्ताह तक आए। खुदरा बिक्री अप्रैल के पहले सप्ताह या मार्च के अंत तक भी शुरू हो सकती है।

## पीएलआई योजना से मिला बढ़ावा

# अब 2030 तक 103 अरब डॉलर तक पहुंचेगा भारत का सेमीकंडक्टर बाजार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत का सेमीकंडक्टर बाजार तेज गति से आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना के चलते इस क्षेत्र में बड़े निवेश हो रहे हैं। 2024-25 में इस बाजार का कुल मूल्य 52 अरब डॉलर है। 2030 तक सेमीकंडक्टर बाजार 13% की वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 103.4 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। भारत में सेमीकंडक्टर की सबसे अधिक मांग मोबाइल फोन, आईटी और इंडस्ट्रियल एप्लिकेशंस में है जो इस उद्योग के कुल राजस्व का 70% योगदान देते हैं। इसके अलावा, ऑटोमोबाइल और इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर भी तेजी से उभर रहे हैं। केंद्र सरकार सेमीकंडक्टर उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए फैब्स और ऑसेटस के लिए विशेष प्रोत्साहन, अनुसंधान और विकास में निवेश, और उद्योग के साथ मिलकर काम करने जैसी पहल कर रही है।



इंडियन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन के मुताबिक पिछले एक साल में सदस्य कंपनियों ने 21 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है जिससे इस क्षेत्र को और मजबूती मिलेगी।

**मुख्यालय, राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल, मध्यप्रदेश**
**पुलिस आफिसर मैस के सामने, नूरबाग कैम्प, भोपाल-462008**

क्रमांक/107/डिवी.कमा./आ.प्र./2025 भोपाल, दिनांक 06/02/2025

// ई-निविदा सूचना //

महानिदेशक, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन मध्य प्रदेश की ओर से संभागीय सेनानी, आपदा प्रबंधन, म.प्र. भोपाल, पुलिस आफिसर मैस के सामने, भोपाल द्वारा नीचे दर्शित तालिका अनुसार निम्नलिखित सामग्री हेतु आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स.क्र. | कार्य का नाम | बिड क्रमांक / दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | साफ - सफाई कार्य हेतु | GEM/2025/B/5918756 06-02-2025 |

होमगार्ड मध्यप्रदेश की वेबसाइट (www.homeguard.mp.gov.in) पर निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।

समय सारणी

- निविदा प्रपत्र क्रय / डाउनलोड प्रारम्भ करने की तिथि : 06/02/2025 के 16.00 बजे से
- ऑनलाईन निविदा जमा करने की प्रारम्भ तिथि : 06/02/2025 के 16.30 बजे से
- ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 27/02/2025 के 16.00 बजे से
- निविदा खोलने की तिथि : 27/02/2025 के 16.30 बजे से

संभागीय सेनानी
एसडीईआरएफ म.प्र. भोपाल

G-22788/24 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भोपाल संभाग भोपाल**
**पुराना सचिवालय, लोक आयुक्त कार्यालय के पास भोपाल**

Email Address - eeresbhopal@mp.gov.in, Phone no 0755-2541072

// निविदा विज्ञप्ति क्रं. 23/2024-25 //

क्रमांक/319/निविदा/ग्रायांसेवा/2025 भोपाल, दिनांक 04/02/2025

संभाग अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईटः http://mptender.gov.in देखा जा सकता है।

| क्रं. | ग्रायांसे संभागीय कार्यालय | सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का नाम | कार्यो की संख्या | निर्माण कार्यो की अनुमानित लागत (पी.ए.सी. लाख में) | अमानत राशि | प्रदत्त समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भोपाल | 2025_RES_396867_1 | बी.टी. एप्रोच रोड निर्माण कार्य मेन रोड से आई.ई.एस. कॉलेज तक | 01 | 14.69 | 30,000/- | 02 महीने वर्षाकाल रहित | 2000 |
| 2 | भोपाल | 2025_RES_400377_1 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य अटल टिकरिंग लेब हेतु शासकीय हाई सेकेण्डी स्कूल परवलिया सड़क फंदा मय विद्युत फिटिंग सहित भोपाल | 01 | 12.20 | 25,000/- | 02 महीने वर्षाकाल रहित | 2000 |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाईट : http://mptender.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 10/02/2025 समय प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 20/02/2025 समय 05:30 बजे तक है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाईट पर दी जायेगी। पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
भोपाल संभाग भोपाल

G-22802/24 " स्वच्छता ही सेवा "

चिंतन

# दिल्ली चुनाव के नतीजे में 'आप' के लिए सबक

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार आंदोलन से उभरे नेता अरविंद केजरीवाल की महत्वाकांक्षी राजनीति के अंत के साथ सबक है। 27 वर्ष वाद दिल्ली प्रदेश में कमल खिला है। यह भाजपा के धैर्य, जूझारू राजनीति, सांगठनिक क्षमता, पीएम नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और विकासोन्मुख समावेशी सियासत की जीत है। कांग्रेस की पराजय उसके वजूद के लिए संकट बन सकती है। बिना सीएम चेहरे के भाजपा ने आप के प्रमुख चेहरा अरविंद केजरीवाल को करारी शिकस्त दी है। आप की भी हार हुई और केजरी भी हारे। आप के अन्य दिग्गज नेता मनीष सिसोदिया, सोमनाथ भारती, सौरभ भारद्वाज, सतेंद्र जैन, राखी बिड़लान, अवध ओझा भी हार गए। दिग्गजों की हार दर्शाती है कि जनता में आम आदमी पार्टी के खिलाफ कितना आक्रोश था। भारतीय राजनीति की खासियत है कि वह कभी भी 'अति' को सहन नहीं करती है। चाहे इंदिरा गांधी की राजनीति हो या अभी अरविंद केजरीवाल की राजनीति, जनता के अपना संदेश दिया। दिल्ली में हार अरविंद केजरीवाल व उनकी पार्टी आप के लिए सही मायने में राजनीतिक यात्रा शुरू करेगी। पार्टी बनने के बाद आप ने सीधे सत्ता का स्वाद चखा। पार्टी को अपने राजनीतिक लक्ष्य के लिए कभी सड़क पर संघर्ष नहीं करना पड़ा। आंदोलन के बाद बने जनमत का आम आदमी पार्टी ने फायदा उठाया था। नई राजनीति के नाम पर दिल्ली के लोगों ने भरोसा किया। सेवक से येनकेन प्रकारेण सत्ताजीवी बनने की महत्वाकांक्षा अरविंद व उनके सिपहसलाहकारों को ले डूबी। दिल्ली विधानसभा का यह चुनाव आप के लिए बड़ा सबक है कि केवल फ्रीबिज और खोखले बयानों व सनसनीखेज आरोपों के भरोसे लंबे समय तक राजनीति नहीं की जा सकती है। अरविंद केजरीवाल के राजनीतिक अस्तित्व के लिए भी यह हार जरूरी सबक साबित होगी। या तो वे सीखेंगे व टिकेंगे या बोरिया बिस्तर समेट लेंगे। दिल्ली की जनता ने जिस उम्मीद व भरोसे के साथ नई नवेली पार्टी आप को सिर-आंखों पर बिठाया था और केजरीवाल को मौका दिया था, वे इस उम्मीद व भरोसे को कायम नहीं रख सके। भ्रष्टाचार के खिलाफ बनी पार्टी अंततः भ्रष्टाचार के आरोपों में सन कर सत्ता से बेदखल हो गई। केजरीवाल की 'मैं' शैली की राजनीति के चलते उनके बहुमूल्य योग्य साथी अलग हो गए। पार्टी के अंदर लोकतंत्र नहीं पनप सका। परिवर्तन लाने के मकसद से राजनीति में आने वाले लोग निराश हुए और अंत में दिल्ली की जनता के केजरीवाल के 'मैं' का अंत भी कर दिया। आज केजरीवाल अगर पीछे मुड़कर ईमानदारी से देखेंगे तो पता चलेगा कि वे जितना पाए, उससे अधिक उन्होंने खोया है। राजनीति जोड़ने का काम है, तोड़ने का नहीं। केजरीवाल अपने ही लोगों को सहेज कर नहीं रख सके। अपने पहले कार्यकाल के बाद केजरीवाल ने कभी भी शासन पर फोकस नहीं किया। केंद्र से टकराते रहे, एलजी से उलझे रहे, कोर्ट-कोर्ट खेलते रहे, एक के बाद एक आरोप मढ़ते रहे। कामकाज पर फोकस नहीं होने से दिल्ली के लोग पेयजल, स्वच्छ हवा, बिजली आपूर्ति, खराब सड़कें, बसों की किल्ल्त, कूड़े के ढेर, यमुना की गंदगी, खराब स्वास्थ्य सेवा आदि से जूझते रहे। इसलिए आप के फ्रीबिज भी काम नहीं आए। उम्मीद की जानी चाहिए कि दिल्ली में भाजपा सरकार विकसित दिल्ली के लिए काम करेगी, राष्ट्रीय राजधानी की जरूरतों को पूरा करेगी, इन्फ्रास्ट्रक्चर को संवारेगी और अपने चुनावी वादे पूरा करेगी। आम आदमी पार्टी भी रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी।



विश्लेषण
योगेश कुमार गोयल

भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे। भाजपा ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर आम आदमी पार्टी की इतनी बड़ी हार के पीछे क्या प्रमुख कारण रहे और क्यों पार्टी की राजनीतिक स्थिति इतनी कमजोर हुई? दिल्ली में आप सरकार के लंबे समय तक सत्ता में रहने से जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया, जिस कारण मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया।

# भाजपा की सुनामी में बह गई 'आप'!

दिल्ली में आम आदमी पार्टी का किला बुरी तरह ढह गया है। आतिशी को छोड़कर पार्टी के लगभग तमाम दिग्गज नेता चुनाव हार गए हैं और आप ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनावों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है। 2015 में आम आदमी पार्टी ने 67 सीटें जीती थी लेकिन 2020 में यह संख्या घटकर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 में मात्र 3 सीटें जीती थी जबकि 2020 में 8 सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई है।

27 साल पहले भाजपा की सुषमा स्वराज आखिरी बार कुल 52 दिन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थी और अब जाकर दिल्ली में भाजपा की सत्ता में बड़ी वापसी हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे और यह विधानसभा चुनाव इस बार आम आदमी पार्टी के लिए नाक का बहुत बड़ा सवाल था लेकिन भाजपा ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर आम आदमी पार्टी की इतनी बड़ी हार के पीछे क्या प्रमुख कारण रहे और क्यों पार्टी की राजनीतिक स्थिति इतनी कमजोर हुई? दिल्ली में आप सरकार ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया, जिसके परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया। अरविंद केजरीवाल ने यमुना को साफ करने, दिल्ली की सड़कों को पेरिस जैसा बनाने और साफ पानी उपलब्ध कराने जैसे जो तीन प्रमुख वादे दिल्ली की जनता से किए थे, वे एक दशक में भी पूरे नहीं हुए। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, सांसद संजय सिंह इत्यादि पार्टी के शीर्ष नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों और उनकी गिरफ्तारी ने पार्टी की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाते हुए 'आप' की भ्रष्टाचार विरोधी छवि को कमजोर किया। खासतौर से केजरीवाल की गिरफ्तारी और बाद में उनके इस्तीफे के कारण पार्टी के नेतृत्व में अस्थिरता आई और केजरीवाल की विश्वसनीयता में बड़ी कमी आई। केजरीवाल ने हमेशा से वीआईपी कल्चर पर सवाल उठाए थे लेकिन शीशमहल के मुद्दे पर वे स्वयं 'वीआईपी कल्चर' के मुद्दे पर बुरी तरह घिर गए थे। भाजपा-कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर आप को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्होंने लग्जरी गाड़ियां तो ली ही, केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की शीर्ष सुरक्षा भी ली।

पार्टी के भीतर आंतरिक कलह और नेतृत्व के मुद्दों ने भी आप की हार में बड़ा योगदान दिया। कई वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने या निष्क्रिय होने से संगठनात्मक ढांचे में कमजोरी आई। इसके अलावा नेतृत्व के प्रति असंतोष और निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी ने कार्यकर्ताओं



और समर्थकों के मनोबल को प्रभावित किया। आप सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सुविधाओं में मुफ्त सेवाओं की घोषणा की थी लेकिन विपक्ष ने इसे 'रेवड़ी संस्कृति' कहकर आलोचना करते हुए इसे आर्थिक रूप से अव्यवहारिक बताया। इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में आई समस्याओं ने जनता के बीच नकारात्मक धारणा बनाई, जिससे 'आप' की लोकप्रियता में गिरावट आई। दिल्ली में सड़क, परिवहन और स्वच्छता के क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढ़ांचे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। इसके अलावा प्रदूषण, जलभराव और कूड़े के ढेर जैसी समस्याओं का समाधान नहीं होने से जनता में केजरीवाल सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी थी। दिल्ली में आप की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को माना जाता रहा लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने भी 'आप' वाला ही दांव खेला और अपने चुनावी संकल्पों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की ही, साथ ही यह ऐलान भी किया कि वह सत्ता मिलने पर आप द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं को जारी रखेगी। भाजपा की इन घोषणाओं से आप की चुनौती बहुत बढ़ गई थी। विपक्ष और खासकर भाजपा की मजबूत रणनीति तथा भाजपा का मुखर प्रचार आप के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना। भाजपा ने आप सरकार की तमाम कमजोरियों को उजागर करने में सक्रिय भूमिका निभाई। कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे, जिसने कई सीटों पर आप को आसान जीत से रोकने में अहम भूमिका निभाई। भाजपा ने सामाजिक और धार्मिक मुद्दों को भी पुरजोर तरीके से उठाया, जिससे आप के समर्थन में बड़ी कमी आई। चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की चर्चाएं थी लेकिन हरियाणा विधानसभा में दोनों के बीच गठबंधन नहीं होने के कारण दिल्ली में भी दोनों दलों के बीच गठबंधन नहीं हो सका, जिसके चलते विपक्षी मतों का विभाजन हुआ और इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला। कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करने के फैसले ने आप की रणनीतिक कमजोरी को उजागर किया और विपक्षी एकता की कमी का स्पष्ट संकेत दिया। इसका भी दिल्ली के मतदाताओं पर विपरीत प्रभाव पड़ा। पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती थी। लेकिन इस बार कांग्रेस के मत प्रतिशत में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका नुकसान भी आप को भुगतना पड़ा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी हर चुनावी सभा में 'आप' को ऐसी 'आपदा' करार देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने का भरपूर प्रयास किया, जिसने जनता के फायदे के लिए मिलने वाली केंद्र की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने दिया, उससे मतदाताओं के बीच आप की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ा। देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के बड़े-बड़े दावों के बीच शराब घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के छींटे, केजरीवाल की तानाशाहीपूर्ण नेतृत्व शैली, उनका अड़ियल रवैया, इस तरह की बातों से मतदाताओं का केजरीवाल से मोहभंग होता गया और भाजपा एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरती गई। छठ पूजा के दौरान यमुना नदी में जहरीले झाग की समस्या, आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने देना, बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दों ने पूर्वांचली समुदाय में असंतोष बढ़ाया। इस उपेक्षा के कारण इस समुदाय का समर्थन आप से हटकर अन्य दलों की ओर गया और इसका नुकसान आप को भुगतना पड़ा। कुल मिलाकर, केजरीवाल की कथनी और करनी के बीच बड़ा अंतर आप की हार का बड़ा कारण रहा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही इस मुद्दे पर आप को घेरा, जिसने आप की लुटिया डुबोने में बड़ी भूमिका निभाई।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दिल्ली चुनाव
डॉ. चन्द्र त्रिखा



# केजरीवाल युग के अंत की शुरुआत!

तो क्या यह मान लिया जाए कि 'केजरीवाल के राजनीतिक दर्शन' को जनादेश ने पूरी तरह नकार दिया? दिल्ली में चौथी बार सरकार बनाने के स्वप्न बिखर जाने के बाद अब केजरीवाल व उनकी पार्टी का भविष्य कैसा रहेगा, फिलहाल निश्चित नहीं है। लेकिन यह निश्चित है कि इस देश का विशाल जनमत अब घृणा, हिकारत और कड़वाहट की राजनीति पसंद नहीं करता। वैसे पूरे विश्व में इन दिनों नकारात्मकता का प्रदूषण फैला है। इन दिनों कहीं भी किसी भी क्षेत्र में ताज़ी हवा नहीं बह रही। जले-भुने राजनेता, जले-भुने टीवी एंकर, जले-भुने प्रवक्तागण, गली सड़ी भाषा का पथराव। किसी भी प्रमुख नेता के चेहरे पर कोई दमक या ऊर्जा दिखाई नहीं देती। मेरी प्रपौत्री की उम्र 6 वर्ष है। पूछती है बड़े दादा। ये नेतागण कभी मुस्कराते या हंसते क्यों नहीं? राहुल गांधी, सोनिया, योगी आदित्यनाथ, केजरीवाल, मल्लिकार्जुन खड़गे को तो कभी किसी ने मुस्कराते भी नहीं देखा। यही शिकायत गृहमंत्री से भी हो सकती है। यही स्थिति विश्व पटल पर भी है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन, अमेरिकी-बॉस ट्रम्प, जेलेंस्की, शाहबाज़ शरीफ कोई भी तो संतुलित या खिलाखिला दिखाई नहीं देता।

बकौल दुष्यंत कुमार 'अब किसी को भी नज़र आती नहीं कोई दरार/ घर की हर दीवार पर/ चिपके हैं इतने इश्तिहार, रोज़ अखबारों में पढ़कर यह ख्याल आया हमें/इस तरफ आती तो हम भी देखते फसलें बहार'। यानि कहीं भी राहत, संतुष्टि वाली या सुखद हवा नहीं बहती दिखाई देती है। अब ऐसी शख्सियतों को हम अपना आदर्श नायक भी कैसे मानें? कुछ प्रश्नों के कोई उत्तर मिल ही नहीं पाते। इस प्रश्न का कोई उत्तर नहीं मिलेगा कि आखिर सादगी, पारदर्शिता और निष्कलंकता की प्रतिमूर्ति बने अरविंद केजरीवाल ने अपने आवास पर इतना खर्च कैसे करवा डाला? इस प्रश्न का भी उत्तर नहीं मिलेगा कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब गाज़ा पर क्यों कब्ज़ा करना चाहते हैं? आरोप यह भी है कि ट्रम्प मूल रूप से रियल एस्टेट कारोबारी भी हैं और कॉलोनाइजर्स भी, इसलिए टॉवर निर्माण में उनकी दिलचस्पी कुछ ज्यादा ही है। विश्वभर में उनकी सम्पत्तियां व आवासी टॉवर फैले हैं। यहां तक कि भारत में भी गुरुग्राम व पुणे में उनके टॉवर हैं। इन दोनों में फ्लैटों की कीमतें करोड़ों में हैं। आखिर अब्राहम लिंकन, रुज़वेल्ट, कैनेटी व ओबामा जैसे आदर्श राष्ट्रपतियों के वारिस ट्रम्प इतने बड़बोले, रुखे, लोभी व संवेदनशील क्यों हैं? स्थिति रूस व चीन में भी अच्छी नहीं है।

टालस्टाय, गोर्की, चेखव, तुर्गदेव और सोल्ज़ेनित्सिन वाला रूस बरसों से एक ऐसे नेता की मुट्ठियों में जकड़ा है जो मूल रूप से एक जासूस है। पुतिन की पृष्ठभूमि कभी भी एक जुझारू महानायक वाली नहीं रही। उन्होंने अपने ही देश में अपने प्रतिद्वंद्वियों को चुन चुनकर ठिकाने लगाया है। अब अपने देश को एक ऐसे देश के खिलाफ युद्ध में झोंके हुए है जो कभी सोवियत संघ का ही एक सदस्य देश था। अब पुतिन पुराने सोवियत संघ की बहाली का सपना भी देखने लगे हैं। वे चाहते हैं कि वे सभी देश, जो पहले सोवियत संघ का अंग थे, वापस उसी तरह के नए-नए राष्ट्र के रूप में उभरकर आएं ताकि नया सोवियत संघ अपनी पुरानी गरिमा बहाल कर सके। उधर, ट्रम्प महोदय, गाज़ा-पट्टी पर कब्जे के इलावा एक और रोडमैप बिछाने में लगे हैं। उन्होंने अपने अटार्नी जनरल को आदेश दिया है कि अमेरिका में चर्च-विरोधी तत्वों का भी सफाया किया जाए। यानि वह ईसाइयत की बहाली चाहते हैं। ट्रम्प कहते हैं, 'मैं 'गॉड' को वापस लाना चाहता हूं ताकि देश को उनकी शरण में रहने का अवसर मिले'। ट्रम्प 'गॉड' को फिर से क्यों बुलाना चाहते हैं, यह स्पष्ट नहीं है। यानि चारों ओर 'सनक' का साम्राज्य फैलता जा रहा है। 'आदर्श नायक' नाम की कोई भी प्रजाति किसी भी देश में दिखाई नहीं देती। लेकिन इस सारे अराजक माहौल में हमारा महाकुम्भ सभी तरह की आलोचनाओं के बावजूद पूरी तरह से समापन की ओर बढ़ता दिखाई देता है।

महाकुम्भ के आयोजन में जहां एक ओर शाही संगम स्नान अपनी छटा बिखेर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर 'एआई' अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भी धूम है। बाबाओं, साधुओं, महामण्डलेश्वरों के झोलों में उनके 'लैपटॉप' हैं और साथ ही साथ अत्याधुनिक 'गैजेट्स' से सम्पन्न संयंत्र भी। फिलहाल यह सही-सही अनुमान लगाना भी सम्भव नहीं है कि हम ऐसे माहौल में किस दिशा की ओर अग्रसर हैं। क्या विश्व-शांति की परिकल्पना समाप्त होने को है? इस अराजकता के माहौल में हम 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के आदर्श को बहाल कैसे कर पाएंगे?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार व साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# आत्मसंयमी होना व्यक्ति का प्रथम लक्षण



संकलित
दर्शन

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

# आखिर कर्म ही महान



संकलित
प्रेरणा

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## सटाका





## आज की पाती

### असंगठित बल को संगठित करने की पहल

हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं। असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के आंकड़े एकत्रित करने और उनके नि:शुल्क पंजीकरण के लिए प्रयास हुए हैं। *- साकेत अग्रवाल, महासमुंद*

## ट्रेंड

### हमारी गारंटी



दिल्ली के चौतरफा विकास और यहां के लोगों का जीवन उत्तम बनाने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे, यह हमारी गारंटी है। इसके साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विकसित भारत के निर्माण में दिल्ली की अहम भूमिका हो।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### साक्षी बनने को उत्सुक



द्विवार्षिक एयरो-इंडिया के 15वें संस्करण में भाग लेने के लिए बेंगलुरु के लिए रवाना हो रहा हूं। यह आयोजन अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों और वैश्विक विमानन उत्कृष्टता का प्रदर्शन करेगा। एयरोस्पेस क्षेत्र के 'भविष्य' का साक्षी बनने को उत्सुक हूं।"
**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### जनादेश स्वीकार



दिल्ली का जनादेश विनम्रता से स्वीकार करते हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके समर्पण और सभी मतदाताओं को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद। प्रदूषण, महंगाई और भ्रष्टाचार के विरुद्ध दिल्ली वासियों के अधिकारों की लड़ाई जारी रहेगी।
**- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**


### आपातकालीन व्यवस्था



प्रयागराज महाकुंभ में फँसे करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए तुरंत आपातकालीन व्यवस्था की जाए। हर तरफ़से जाम में भूखे, प्यासे, बेहाल और थके तीर्थयात्रियों को मानवीय दृष्टि से देखा जाए।
**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

## करंट अफेयर


# तीन देशों की साझेदारी उ. कोरिया के लिए खतरा



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि दक्षिण कोरिया और जापान से अमेरिका की सुरक्षा साझेदारी बढ़ने से उत्तर कोरिया के सामने गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। किम ने साथ ही अपने परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का संकल्प जताया है। सरकारी मीडिया में रविवार को आईं खबरों में यह जानकारी दी गई। किम पहले भी ऐसी चेतावनियां दे चुके हैं। उनके ताजा बयान से यह संकेत मिलता है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उनसे मुलाकात करने और कूटनीति को पुनर्जीवित करने की पेशकश को निकट भविष्य में स्वीकार नहीं करेंगे। सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' के अनुसार शनिवार को कोरियाई पीपुल्स आर्मी की 77वीं स्थापना दिवस के अवसर पर दिए गए भाषण में किम ने कहा कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की तरह क्षेत्रीय सैन्य संगठन बनाने की अमेरिकी साजिश के तहत स्थापित अमेरिका-जापान-दक्षिण कोरिया त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी कोरियाई प्रायद्वीप में सैन्य असंतुलन पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, यह साझेदारी हमारे देश के सुरक्षा हालात के लिए गंभीर चुनौती खड़ी कर रही है।

## ऑफ बीट

# लू के दौरान ठंडक बनाए रखने में पेड़ मददगार



लू दुनिया के सबसे घातक मौसमी खतरों में से एक है। हर साल, बड़ी संख्या में लोग भीषण गर्मी के कारण मर जाते हैं। दुर्भाग्यवश, शहरों में कोलतार की सड़कें, ईंट और कंक्रीट की संरचनाएं और छत की टाइल भारी मात्रा में गर्मी को अवशोषित करके उसे बनाए रख सकती है, जिसका अधिकांश हिस्सा सूर्योदय के बाद उत्सर्जित होता है। इससे शहरों में तापमान आसपास के इलाकों या ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में काफी अधिक हो सकता है जिसे 'शहरी ताप द्वीप प्रभाव' के रूप में जाना जाता है। पेड़ और हरियाली शहरी तापमान को कम कर सकते हैं लेकिन इन विशाल शीतलन प्रभावों को प्राप्त करने के लिए उन्हें मिट्टी से पानी खींचने में सक्षम होना चाहिए। दूसरे शब्दों में, कभी-कभी गर्मी के दौरान अपने पेड़ों को पानी देना मददगार हो सकता है। पेड़ दो महत्वपूर्ण तरीकों से शहरी तापमान को कम करते हैं। एक तो वे छाया प्रदान करते हैं और दूसरा उनके शीतलन प्रभाव के माध्यम से। पानी पौधे की जड़ों के माध्यम से अंदर जाता है, तने से होकर गुजरता है और फिर पत्तियों से स्टोमेटा नामक छोटे छिद्रों के माध्यम से हवा में मिल जाता है। पानी मिट्टी और अन्य सतहों से भी वाष्पित हो सकता है। पौधों और मिट्टी से पानी के संयुक्त नुकसान को वाष्पोत्सर्जन कहा जाता है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## इस शुभ दिन व्रत और विधिपूर्वक भगवान शिव की आराधना की जाती है

# 60 साल बाद श्रवण, धनिष्ठा नक्षत्र, परिघ योग, शकुनि करण और मकर राशि के चंद्रमा की मौजूदगी में 26 को मनेगी महाशिवरात्रि, 20 जगहों से निकलेगी शिव बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को अनेक दिव्य योग बन रहे हैं। महाशिवरात्रि हिंदू धर्म के पवित्र त्योहारों में से एक है। इस शुभ दिन पर शिवभक्त व्रत और विधि पूर्वक भगवान शिव की आराधना करते हैं। इस साल 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा।

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह दिवस के रूप में मनाया जाता है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस साल महाशिवरात्रि के लिए फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11:08 बजे से लेकर 27 फरवरी को सुबह 08:54 बजे तक है। इस बार उदया तिथि और पूजा मुहूर्त दोनों को देखा जाए तो महाशिवरात्रि 26 फरवरी को है। उस दिन ही महाशिवरात्रि का व्रत और पूजन होगा।

### चांदी के रथ पर सवार होंगे भगवान बटेश्वर, 8 किमी की निकलेगी बारात



इस मौके पर बड़वाले महादेव मंदिर से भगवान बटेश्वर की चांदी के रथ पर नंदी की सवारी करते हुए दूल्हा स्वरूप में बारात निकाली जाएगी। इस दौरान रथ पर विभिन्न देवी-देवताओं के स्वरूप में बाल और युवा कलाकार विराजमान होंगे। धार्मिक प्रसंगों पर आधारित कई झांकियां मौजूद रहेंगी। साथ ही सुर, नर, मुनि, किन्नर, असुर, यक्ष, गंवर्ध, भूत पिशाच के वेष में भी श्रद्धालु शामिल होंगे। बारात सिंधी मार्केट, जवाहर चौक जुमेराती, हनुमानगढ़, मंगलवारा, इतवारा, चिंतामन चौक, सावरकर चौक, लखेरापुरा से होते हुए करीब आठ किमी का सफर तय कर करीब 12 घंटे बाद रात मां भवानी मंदिर सोमवारा पहुंचेगी।



### भस्म आरती से होगा महादेव का अभिषेक

छोला विश्राम घाट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की भस्म आरती के साथ अभिषेक किया जाएगा। इस दौरान सुबह से मंदिर में शिव भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू होगा, जोकि देर रात तक शिव पूजा-अर्चना तक चलेगा।

### पशुपतिनाथ मंदिर से निकलेगी कलश यात्रा

महाशिवरात्रि के अवसर पर नेपाली समाज द्वारा गोविंदपुरा के पशुपति नाथ मंदिर में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। माता मंदिर से यात्रा शुरू होगी। जोकि दोपहर तक पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचेगी। जहां भगवान पशुपतिनाथ का अभिषेक किया जाएगा।

### गुफा मंदिर में भी होगी पूजा

गुफा मंदिर में भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। सुबह यहां शिव तांडव, रूद्री पाठ पंडितों द्वारा किया जाएगा। महंत रामप्रवेश दास के सानिध्य में भगवान शंकर का विशेष रुद्राभिषेक होगा। मंदिर परिसर में दिनभर सुबह चार बजे से मंदिर में दर्शन करने बड़ी संख्या भक्त पहुंचते है। यहां चारों प्रहर भगवान भोले का अभिषेक किया जाएगा।

---

## टीवी, रेडियो पर आज विद्यार्थी देख सकेंगे परीक्षा पे चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 फरवरी को सुबह 11 बजे देश के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री हर वर्ष परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं। यह कार्यक्रम सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश से 18 लाख 27 हजार विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने अपना पंजीयन कराया है।

कार्यक्रम का संचार माध्यमों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। दूरदर्शन, डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया एवं ऑल इंडिया रेडियो के सभी चैनल, पीएमओ वेबसाइट, mygov.in, यूट्यूब, एमओई, फेसबुक लाइव, स्वयंप्रभा चैनल एमओई, दीक्षा चैनल एमओई से भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण अन्य निजी चैनल भी करेंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं शिक्षक तथा अभिभावक उक्त लिंक के माध्यम से सहभागिता कर सकेंगे। प्रदेश के दूरदराज के क्षेत्रों में जहां टीवी देखने की व्यवस्था संभव नहीं होगी, वहां रेडियो, ट्रांजिस्टर की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। समस्त ज़िला कलेक्टर्स एवं मैदानी अधिकारियों को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लाइव प्रसारण में विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकों की सामूहिक रूप से सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इस कार्यक्रम का पहला संस्करण वर्ष 2018 में हुआ था। इस वर्ष इस कार्यक्रम का आठवां संस्करण है।

### स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह सहित अधिकारी भी होंगे शामिल

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल और स्कूल शिक्षा विभाग में अन्य वरिष्ठ अधिकारी राजधानी भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय से विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में भी राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद और सभी जिला शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थानों में हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विद्यार्थियों की लाइव प्रसारण में सहभागिता होगी। स्कूलों में टीवी प्रसारण के अलावा, इंटरनेट एक्सेस डिवाइस (कंप्यूटर लैपटॉप, मोबाइल इत्यादि) पर भी कार्यक्रम देखने की सुविधा दी जा रही है।

## व्याख्यान से छात्रों को मिली नई तकनीक की जानकारी

# सर्जरी की नई तकनीकों पर देश विदेश के सर्जनों ने किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में तीन दिवसीय एमपीएसीकॉन का रविवार को समापन हो गया। एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स आफ इंडिया, एमपी स्टेट चैप्टर का 42वां वार्षिक सम्मेलन एमपी ऐसीकान 2025 में देश-विदेश से आए सर्जरी विशेषज्ञों ने नई तकनीकों पर अपने व्याख्यान दिए। आयोजन समिति की मुख्य पैटर्न डॉ कविता एन सिंह डीन जीएमसी, समिति के अध्यक्ष डॉ अरविंद राय, चेयरमैन डॉ महीम कौशरिया एवं आयोजन सचिव डॉ अनुराधा चौधरी एसोसिएट प्रो. सर्जिकल विभाग जीएमसी थी।

डॉ अनुराधा ने बताया कि सम्मेलन में प्रमुख वक्ताओं में डॉ. प्रवीण सूर्यवंशी, डॉ. सी पालानीवेलू और डॉ. राजेश प्रजापति, डॉ. प्रजेश भूता शामिल हुए। रोबोटिक्स सर्जरी पर जानकारी डॉ. जयदीप पालेय और डॉ. मंदीप सिंह देंगे, जबकि लेजर और लेप्रोस्कोपिक सर्जरी पर डॉ. राजेश शिवहरे और डॉ. नीरज गोयल ने प्रस्तुति दी। इसके अलावा बेसिक सर्जिकल तकनीकों पर हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग, रिसर्च मेथडोलॉजी और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।




### सामान्य और जटिल सर्जरी का हुआ लाइव प्रदर्शन

तीन दिवसीय सम्मेलन में सामान्य और जटिल शल्य क्रियाओं का लाइव प्रदर्शन किया गया। सम्मेलन में नई तकनीकों, उपकरणों और शोध पर गहन चर्चा की गई। इसमें देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त सर्जन अपने अनुभव साझा करेंगे। सम्मेलन में वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ जीपी शर्मा और डॉ. एसएस शर्मा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं चिकित्सा क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए डॉ एवी मुतात्कर, डॉ. पीके शर्मा, डॉ. केएस बुधवानी और डॉ. एसके निगम को भी सम्मानित किया गया।

**डॉ आईके चुघ, मीडिया प्रभारी, एमपीएसीकॉन**

### रिक्शा चालकों को मिला प्रशिक्षण

## इमरजेंसी में हर एक सेकंड कीमती: डॉ. सिंह



यातायात पुलिस और ऑटो-रिक्शा चालकों जैसे व्यक्तियों को भी इमरजेंसी सेवा का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए क्योंकि ये अक्सर दुर्घटनास्थलों पर सबसे पहले पहुंचते हैं। आपातकालीन चिकित्सा में हर सेकंड कीमती होता है। पॉइंट ऑफ केयर अल्ट्रासाउंड ने मरीज के पास ही त्वरित और सटीक निदान की हमारी क्षमता में क्रांति ला दी है। यह बात एम्स भोपाल के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने कही। डॉ सिंह एम्स के ट्रॉमा और आपातकालीन चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित पॉइंट ऑफ केयर अल्ट्रासाउंड फॉर एक्यूट केयर इन ट्रामा एंड इमरजेंसी पर एक दिवसीय कार्यशाला में कही।

## आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग मेडिटेशन की शक्तियों से बनेगा स्वर्णिम संसार: बीके राजू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्मदापुरम रोड ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में स्वपरिवर्तन से विश्व परिवर्तन' योग तपस्या का आज दूसरा दिन शहर के नर्मदापुरम ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र में स्वपरिवर्तन से विश्व परिवर्तन' योग तपस्या कार्यक्रम के दूसरे व अंतिम दिन ब्रह्माकुमारीज अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से बीके राजू ने कहा कि योग तपस्या भट्ठी कराने भोपाल के ब्लेसिंग हाउस सेवाकेंद्र पर पधारे हुए हैं। स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन, योग तपस्या भट्ठी के अंतर्गत दूसरे दिन भी लगातार सुबह से ही ब्लेसिंग हाउस सेवाकेंद्र में योग साधनाएं चल रही हैं। आज स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन, योग तपस्या भट्ठी के दूसरे दिवस पर सुबह से ही शहर के लोग केंद्र पहुंचकर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन को समझने के लिए राजयोगी बीके राजू के व्याख्यानों को सुनने पहुंचने लगे। राजू भाई ने आध्यात्मिकता के पथ पर चलने वाले ब्रह्मावत्सों को आध्यात्मिक उन्नति के अनेक मंत्र दिए। इसमें जीवन में सुख, शांति, समृद्धि के लिए व्यवहार और परमार्थ का बैलेंस होना बताया।



राजू भाई ने कहा कि व्यवहार अर्थात अपने ही काम धंधे में ना लगे रहे, लेकिन परमार्थ भी हो और केवल परमार्थ ही नहीं व्यवहार का भी ध्यान रखें। इसी से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि आएगी तथा सफलता आपके गले का हार बन जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को ईश्वरीय ज्ञान की शिक्षा अवश्य दें, शिक्षा देना कर्तव्य है, लेकिन अधिकार नहीं रखना है। इससे परिवार में प्रेम बना रहेगा। दो दिनों से भोपालवासी नागरिक राजयोगी बीके राजू के सानिध्य में आध्यात्मिक ज्ञान एवं योग की गहराई का गहन अनुभव कर रहे हैं। इस अवसर पर सेवा केंद्र की निदेशिका बीके डॉ. रीना सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## मान्यता आवेदन के लिए निजी स्कूलों को राहत, आज भी हो सकेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में एकजुट हुए प्रदेशभर के निजी स्कूल संचालकों द्वारा बीते दिनों किए गए धरना-प्रदर्शन के बाद राज्य शिक्षा केंद्र मान्यता आवेदन को लेकर निजी स्कूलों को थोड़ी राहत दी है। अंतिम तिथि निकलने के बाद आरएसके ने एक बार फिर मान्यता आवेदन की तारीख में इजाफा किया है, जिसके अनुसार, अब निजी स्कूल 10 फरवरी तक बिना लेट फीस के मान्यता के लिए आवेदन कर सकेंगे। वहीं लेट फीस के साथ यह आवेदन 14 फरवरी तक भरे जाएंगे। अभी तक करीब 60 फीसदी स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन लॉक किए थे। भोपाल जिले में कुल 1411 स्कूलों में 1153 ने आवेदन की कार्यवाही प्रारंभ की थी। वहीं करीब 258 स्कूलों की ओर से कार्यवाही प्रारंभ भी नहीं की गई थी। 883 स्कूलों ने आवेदन लॉक किए थे। अब तारीख में इजाफा होने के बाद निजी स्कूल 10 फरवरी तक बिना विलंब शुल्क आवेदन कर सकेंगे।

## महाकुंभ से लौटने पर गुफा मंदिर के महंत रामप्रवेशदास का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के प्राचीन गुफा मंदिर के महंत रविवार को महाकुंभ प्रयागराज से भोपाल लौटे। उनका भोपाल रेलवे स्टेशन पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। गुफा मंदिर पहुंचने पर गुफा मंदिर के सभी आचार्य छात्र एवं भक्तों ने गुरु वंदना की। महंत रामप्रवेशदास ने कहा कि यह महाकुंभ प्रयागराज का 144 वर्षों बाद दिव्य योग लेकर आया था। इसमें देश, दुनिया के समस्त संतों का समागम सत्संग और यज्ञ, अनुष्ठान हुए सभी संतों ने विश्व के कल्याण की कामना की। गौ हत्या बंद हो इसके लिए प्रार्थना की। महंत के स्वागत करने वालों में महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, मंदिर के पंडित लेखराज सहित बड़ी संख्या में गुफा मंदिर के पंडित शामिल हुए।



### कहा, मप्र में भी पुजारियों का मानदेय बढ़े

## राजस्थान सरकार के फैसले का अभा पुजारी महासंघ ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के राजस्थान पुजारी सेवक संघ द्वारा लगातार राजस्थान सरकार से पुजारियों का मानदेय बढ़ाए जाने की मांग की जा रही थी। जिसको राजस्थान सरकार द्वारा स्वीकार कर ली गई। पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय सचिव रूपेश मेहता ने बताया कि अखिल भारतीय पुजारी महासंघ देश में पुजारियों के हितों की रक्षा और सहयोग करने वाली अग्रणी संस्था हैं। राजस्थान में भी सरकार से पुजारियों के हितों ओर मांगों को लेकर महासंघ सक्रिय रहा है। उसी क्रम में राजस्थान सरकार द्वारा पुजारियों का मानदेय 5000 से बढ़ाकर 7500 प्रति माह और भगवान की सेवा पूजा, भोग प्रसाद, उत्सव, पोशाक पूजापाठ के लिए 1500 से बढ़ाकर 3000 प्रतिमाह की गई। सरकार के इस निर्णय का अखिल भारतीय पुजारी महासंघ द्वारा स्वागत करते धन्यवाद प्रेषित किया।

इसके तहत मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने मांग की है। जिस तरह राजस्थान सरकार ने पुजारियों के हित में निर्णय लिए हैं। उसी प्रकार मप्र में भी पुजारियों का मानदेय 10000 प्रतिमाह और भगवान की सेवा पूजा, भोग प्रसाद, उत्सव के लिए 3000 प्रतिमाह दिया जाए, जिससे भगवान की सेवा पूजा और अच्छी व्यवस्था से हो सके और पुजारियों का भरण पोषण सम्मानजनक तरीके से हो सके।

### समय पर लोको पायलट ने लगाए ब्रेक

## ऊपर से गुजर गई मालगाड़ी पटरी पर सोता रहा युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन पर रविवार को सुरक्षा को लेकर एक बार फिर लापरवाही सामने आई है। प्लेटफार्म नंबर 2 की मेन लाइन पर एक युवक लेटा रहा और उसके ऊपर से मालगाड़ी गुजर गई। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक बिना डर लेटा नजर आ रहा है। उसके ऊपर से मालगाड़ी गुजर रही है। हालांकि लोको पायलट ने देखकर समय पर इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए जिससे युवक की जान बच गई। इस संबंध में जब जीआरपी पुलिस से जानकारी ली गई तो उन्होंने कोई भी जानकारी देने वाले इस तरह की घटना होने से इनकार कर दिया।



### दहशत का माहौल बना

यह घटना रविवार शाम करीब 7 बजे की बताई जा रही है। प्लेटफार्म पर मौजूद यात्रियों ने जब युवक को ट्रेन के नीचे सोते हुए देखा तो दहशत का माहौल बन गया। किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता था। इस दौरान रेलवे प्रशासन की ओर से कोई त्वरित कार्रवाई नहीं हुई। गनीमत रही कि युवक को कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना का वीडियो सामने आने के बाद रेलवे प्रशासन और जीआरपी पुलिस की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल उठने लगे हैं।

### पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं

इससे पहले भी भोपाल रेलवे स्टेशन पर लापरवाही के कई मामले सामने आ चुके हैं। जानकारी के अनुसार करीब 20-22 दिन पहले भी इसी तरह की घटना सामने आई। तो महज एक दिन पहले, सीहोर रेलवे स्टेशन पर भी एक युवक पटरी पर लेटा मिला था, जिसे जीआरपी पुलिस ने बचाया था। भोपाल जैसे प्रमुख रेलवे स्टेशन पर इस तरह की घटनाएं सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर रही हैं।

### स्नातक प्रथम से तृतीय वर्ष के परीक्षा आवेदन जमा करना शुरू, आवेदन में मोबाइल नंबर, ईमेल जरूरी

## बरकतउल्ला विवि ने डिजिटलाइजेशन पर किया फोकस, मिलेगी डिजिटल डिग्री और मार्कशीट

### आवेदन में दिए गए मोबाइल नंबर से बीयू की गतिविधियों से परिचित कराया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब डिलिटलाइजेशन पर फोकस शुरू कर दिया है। बीयू ने इस बार से परीक्षा आवेदन में विद्यार्थियों को अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी देना अनिवार्य किया गया है। प्रथम से तृतीय वर्ष के परीक्षा आवेदन जमा कराना शुरू कर दिया है। विवि प्रशासन के अनुसार बीयू विद्यार्थियों द्वारा दिए गए ई-मेल आईडी पर डिग्री और अंकसूची भेजने की व्यवस्था कर रहा है। आदवेदन में दिए गए मोबाइल नंबर से विद्यार्थियों से संपर्ककर उन्हें बीयू की गतिविधियों से परिचित कराया जाएगा और उन्हें डिग्री ई-मेल पर भेजने की सूचना एसएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी।

### अब नहीं होगी ऐसी परेशानी

विवि द्वारा समय पर डिग्री नहीं मिलने पर कई बार नौकरी के लिए दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया से वंचित रह जाते हैं। इसके अलावा रिजल्ट जारी होने के बाद विद्यार्थियों को अपनी अंकसूची के लिए भटकना पड़ता है। अब रिजल्ट जारी होने के बाद विद्यार्थियों के ई-मेल पर अंकसूची पहुंच जाएगी।

इतना ही नहीं बीयू प्रशासन के अनुसार अंतिम वर्ष में सफल होने के बाद विद्यार्थियों को डिग्री लेने के लिए आवेदन भी नहीं करना होगा। इसके लिए उन्हें कोई शुल्क भी नहीं देना होगा। उनके द्वारा परीक्षा फार्म में दिए गए ई-मेल पर विवि की डिजिटल डिग्री भेज दी जाएगी।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर आज

**भोपाल।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविरों का आयोजन सोमवार को किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि ये शिविर भोपाल की 66 स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित होंगे। अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को शिविरों का आयोजन किया जाता है। 9 फरवरी को अवकाश होने के कारण 10 फरवरी को ये शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें शासकीय और निजी चिकित्सकों द्वारा भी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में आकर परामर्श दिया जाएगा। शिविरों में पीपल्स मेडिकल कॉलेज, चिरायु मेडिकल कॉलेज, आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज, सागर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, अपोलो सेज, आदि के चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा।

### रविवार शाम तक राजधानी में एयर पॉल्यूशन की स्थिति मॉडरेट स्तर पर

# पॉल्यूशन कंट्रोल: सिंगरौली से ज्यादा प्रदूषित ग्वालियर, पीथमपुर से दो गुना प्रदूषित मंडीदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में रविवार शाम तक एयर पॉल्यूशन की स्थित कंट्रोल में रही है। तीन स्थानों को छोड़कर शेष प्रदेश में एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) मॉडरेट और संतोषजनक स्तर पर रहा है। रविवार शाम तक एमपी पीसीबी के ऑनलाइन मॉनीटरिंग सिस्टम के अनुसार प्रदेशभर में प्रदूषण का स्तर काफी कंट्रोल रहा है। पॉल्यूशन के हालात ऐसे रहे कि प्रदेश में सबसे अधिक एयर पॉल्यूशन से जूझने वाले सिंगरौली जिले में अब ग्वालियर से भी कम प्रदूषण दर्ज हुआ है। सिंगरौली में एक्यूआई (सूर्यकिरण भवन क्षेत्र) 146 और (ट्रॉमा सेंटर क्षेत्र) 184 तक रहा है, जबकि ग्वालियर डीडी नगर में 272 और ग्वालियर सिटी सेंटर में यह 201 पर रहा है। यह पुअर कैटेगरी में हैं। ग्वालियर में प्रदूषण का प्रमुख कारक पीएम- 2.5 रहा है। इसी प्रकार इंदौर जिले के पीथमपुर का एक्यूआई भोपाल के मंडीदीप से लगभग आधा ही रहा है। पीथमपुर में एक्यूआई 136 और मंडीदीप में 239 पर दर्ज हुआ है। मंडीदीप में भी पुअर कैटेगरी में दर्ज हैं। यहां भी पॉल्यूशन का मुख्य कारक पीएम 2.5 ही है।

### टीटी नगर, कलेक्ट्रेट की हवा में ओजोन अधिक



रविवार शाम तक राजधानी में ओवरऑल एअर पॉल्यूशन की स्थित मॉडरेट स्तर पर रही है। लेकिन तीन में से दो इलाकों की हवा में ओजान की मात्रा अधिक रही है। टीटीनगर में एक्यूआई 152 पर रहा, जिसमें पाल्यूशन का मुख्य कारक ओजोन($O_3$) रहा है। कलेक्टोरेट में भी एक्यूआई 116 पर है, जहां ($O_3$) ही पॉल्यूशन का मुख्य कारक रहा है। इसके अलावा पर्यावरण परिसर, अरेरा कॉलोनी में एक्यूआई 132 पर रहा, जहां प्रॉमिनेंट पाल्यूटेंट (प्रदूषण का मुख्य कारक) पीएम 10 रहा है।

### हवाएं तेज होने से हो रहा कंट्रोल

इस मामले में पीसीबी के अधिकारियों का कहना है कि अभी हवाएं 15 से 20 किमी तक की गति से बह रही हैं। इससे हवा में धूल, धुएं के कण ऊपर उठ कर वातावरण में विलय हो जाते हैं। इससे एअर पॉल्यूशन कंट्रोल रहा है। तेज हवाओं के अलावा बारिश के दौरान भी एयर पॉल्यूशन काफी कंट्रोल रहता है।

# पिंक व रेड टेडी बियर के साथ म्यूजिकल टेडी बियर की ज्यादा डिमांड




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टेडी बियर, यह नाम सुनते ही हमारे मन में एक प्यारा, मुलायम और गले लगाने लायक खिलौने की छवि उभर आती है और यही वजह है कि वैलेंटाइन वीक में टेडी बियर डे की खास अहमियत है। जहां राजधानी की मॉल्स और दुकानों पर प्रेमी जोड़े टेडी बियर खरीदते नजर आए तो वहीं फुटपाथों पर भी टेडी बियर खरीदने युवाओं की भीड़ लगी रही।



सेकंड स्टॉप के पास टेडी बियर की खरीदारी करते लोग।

## म्यूजिकल टेडी बियर ज्यादा डिमांडिंग

राजधानी के होल सेल टेडी बियर डिस्ट्रीब्यूटर राहुल ने कहा कि टेडी बियर सभी का फेवरेट है इससे जहां घरों को सजाया जाता है वहीं आज कल तो कार की बैक सीट्स पर टेडी बियर सजाकर रखा जाने लगा है। उन्होंने कहा कि इसके साथ अब तो म्यूजिकल टेडी बियर की भी डिमांड होने लगी है। जिसकी कीमत हजारों में जाती है लेकिन युवा इसे बेहद पसंद करते हैं।

## युवाओं को भी पसंद टेडी बियर

वहीं तुलसी नगर चौराहे पर टेडी बियर शॉप लगाने वाले विकास ने कहा कि टेडी बियर न केवल बच्चों का पसंदीदा खिलौना है, बल्कि बड़ों के लिए भी यह एक स्नेह और सुकून का प्रतीक बन गया है, लेकिन वैलेंटाइन वीक में तो हमारे पास टेडी बियर खरीदने वालों की लाइन लग जाती है और खासकर पिंक और रेड टेडी बियर ज्यादा डिमांडिंग होते हैं।

66वीं पोएट्स वॉक में माया एन्जलो, बशीर बद्र और विष्णु खरे को किया याद

# प्रकृति के बीच अपने पसंदीदा कवियों की कविता सुनने-सुनाने जुटे कवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपनी ख़्वाहिश, अपनी हसरत, को जो मारे वो पापा हैं, जग जग कर जो फिक्र में सबकी रात गुजारे वो पापा हैं, काम काज के झगड़े टंटे आपा धापी झेल के दिन भर, शाम को आकर प्यार से जो बच्चों को दुलारे वो पापा हैं...सुंदर सुहावनी सुबह के बीच जब अनवर मोहम्मद ने उपरोक्त कविता सुनाईं तो सुनने वाले वाह वाह कर उठे। मौका था रविवार सुबह छतनारा समूह द्वारा 66वीं पोएट्स वॉक का, कार्यक्रम में होस्ट की भूमिका में युवा कवि फौजिया खान थीं। उन्होंने रवायत के मुताबिक शायर अभय शुक्ला की गजल से कार्यक्रम की शुरुआत की।



## यात्राओं में लिखी अपनी कविताएं सुनाईं

इसके बाद सैफ अंसारी ने यात्राओं में लिखी अपनी कवितायें सुनायी। विवेक कुमार तिवारी ने प्रेम के ऊपर कवितायें सुनायीं। अनवर मोहम्मद ने पिता के ऊपर कवितायें सुनायीं। राजन ने बशीर बद्र और अहमद फराज के शेर सुनाकर वाहवाही लूटी। निशान्त ने माया एन्जलो की कवितायें सुनायीं। मोहिनी शर्मा ने विष्णु खरे की कविता-हर शहर में एक बदनाम औरत रहती है-सुनायी। उसके बाद गौतम बुद्ध और आम्रपाली प्रसंग की चर्चा हुई। कार्यक्रम के आखिर में निशांत ने कविता के फॉर्म और विचार के सम्बन्ध के बारे में बताया।

9 रचनाओं को मिलाकर तैयार की गई नाटक की स्क्रिप्ट

# 'बेटियां मन्नू की' प्रस्तुति से 25वें भारत रंग महोत्सव का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, मप्र संस्कृति विभाग और भारत भवन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन भारत भवन में आयोजित 25वें भारत रंग महोत्सव की समापन संध्या पर वरिष्ठ रंगकर्मी व रंग निर्देशक देवेन्द्र राज अंकुर के निर्देशन में नाटक बेटियां मन्नू का मंचन हुआ। प्रियदर्शन द्वारा लिखित नाटक की प्रस्तुति हंसाक्षर नई दिल्ली समूह के कलाकारों ने दी। मंचित नाटक लेखिका मन्नू भंडारी के उपन्यास 'आपका बंटी' और उनकी आठ कहानियों को मिला कर गूंथा गया जो एक अभिनव प्रयोग के तौर पर मंच पर दर्शकों के सामने प्रस्तुत हुआ।

## कलाकारों ने संजीदा ढंग से जीवंत की कहानी

नाटक की खास बात यह रही कि सिर्फ 4 कलाकारों ने इन 9 रचनाओं की अलग-अलग स्थितियों को बड़े ही संजीदा ढंग से मंच जीवंत कर दिया। कलाकारों की दमदार प्रस्तुति ने स्त्री के जीवन की उधेड़बुन और परिवार और अपनी इच्छा को चुनने के अंतर्द्वंद्व को बखूबी दर्शाया।



## प्रवेश कर नए किरदार बन जाते हैं

आपका बंटी की शकुन और उसके बेटे के आपसी संवादों के जरिए यह नाटक शुरू होता है जिसमें बंटी अपनी मां से सवाल करता है कि उसे दूसरे पिता के हाथों क्यों परवरिश करने दिया गया। मां और बेटे का संवाद बहुत दिलचस्प है और उतार चढ़ाव लिए हुए है तथा एक विडंबनापूर्ण स्थिति को बयां करता है। इस उपन्यास के किरदार फिर दूसरी कहानियों में प्रवेश कर नए किरदार बन जाते हैं और इस तरह यह नाटक विकसित होता है। नाटक में मन्नू भंडारी की कहानी जीत का चुंबन, यही सच है, एक कमजोर लड़की की कहानी, नई नौकरी, स्त्री बोधिनी और अभिनेता तथा दीवार के अंशों को शामिल कर नाटक आगे बढ़ता है और एक स्वतंत्र रचना का आकार ग्रहण करता है।

## ऐसे जुड़ती चली जाती है कहानी

नाटक की सफलता में कलाकारों का प्रभावी अभिनय देखने को मिला। एक के बाद एक मंच पर आती कहानियों को कलाकारों ने सिर्फ अपने संवाददायगी और सधे हुए अभिनय से प्रभावी बनाया और दर्शकों को अंत तक बांधे रखने में सफलता प्राप्त की। मंच व्यवस्था हो या फिर वेशभूषा सब कुछ बेहद साधारण था, लेकिन लेखक और निर्देशक के तानेबाने ने पूरी कहानी को ऐसा गूंथा कि सभागार के सामने और पूर्वरंग में एलईडी स्क्रीन के सामने बैठे दर्शक प्रस्तुति समाप्ति तक अपनी जगह से टस से मस नहीं हुए।



क्लासिकल नाटक 'ध्रुवस्वामिनी' के साथ रंग अविराम नाट्य समारोह संपन्न

# हिन्दी रंगमंच के 120 वर्षों से ज्यादा के इतिहास के पूर्वार्द्ध का सर्वाधिक चर्चित नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहीद भवन में आयोजित रंग अविराम 5 में रविवार की शाम जयशंकर प्रसाद के कालजयी नाटक 'ध्रुवस्वामिनी' का मंचन हुआ। सुनील राज के निर्देशन में तैयार नाटक ध्रुवस्वामिनी हिन्दी रंगमंच के एक सौ बीस वर्षों से ज्यादा के इतिहास के पूर्वार्द्ध का सर्वाधिक चर्चित, मंचित और प्रतिनिधि रंग-नाटक है, जो बार-बार रंगकर्मियों को नई-नई अभिनय शैली की खोज के लिए प्रेरित करता है।



## नाटक की कहानी

नाटक में भी ध्रुवस्वामिनी जब राजा द्वारा खुद को दूसरे राजा के साथ युद्ध संधि के लिए जाने से इंकार करती है तो राजा-पुरूष इसे स्वीकार नहीं कर पाता और उसे जबरन भेज देता है और जब वो राज्य की और अपनीं रक्षा कर अपने अधिकारों के लिए खड़ी होती है तो धर्म भी उसका साथ देता है और राज्य के साथ वो अपने प्रेम को चुनती।



## स्त्री स्वतंत्रता की आवाज को पुरजोर तरीके से उठाता नाटक

सैकड़ों साल पहले लिखे इस नाटक में स्त्री की स्वतंत्रता की आवाज को पुरजोर तरीके से लेखक जयशंकर प्रसाद ने उठाया है। नाटक की नायिका ध्रुवस्वामिनी का चरित्र आरती विश्वकर्मा ने इतनीं संजीदगी और सच्चाई से प्रस्तुत किया है, लगता है जैसे ये हर युग की स्त्री की कहानी है। कुमार चन्द्रगुप्त की भूमिका में विभाशू खरे सहज और सौम्य लगते हैं, वहीं राजा रामगुप्त की भूमिका में रोहित पटेल किरदार में जान डाल देते हैं और ओशीन श्रीवास्तव कोमा को पूरा न्याय देती हैं।

हताईखेड़ा जलाशय का बर्ड काउंट कार्यक्रम आयोजित

# पक्षियों की 60 प्रजातियां हुईं चिन्हित









हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल बर्ड्स एवं सामान्य वन मंडल भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में हताईखेड़ा जलाशय का बर्ड काउंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जलाशय में पाई जाने वाली स्थानीय तथा प्रवासी पक्षियों की प्रजाति को चिन्हित करना था। कार्यक्रम के दौरान पक्षियों की 60 प्रजातियों को चिन्हित किया गया।

## चिन्हित हुई प्रवासी पक्षियों की प्रजातियां

काउंट के दौरान पेंटेड स्टोर्क, वुल्ली नेक्ड स्टोर्क, पेंटेड स्नाइप, रेड शैंक, लिटिल रिंग प्लोवर, केंटिश प्लोवर, मार्श सैंडपाइपर, ग्रीन सैंडपाइपर, लिटिल स्टिंट, नॉर्थेर्न पिनटेल, गड़वाल, स्पॉट बिल्ड् डक, ब्रह्मिनी शेल्डक आदि पक्षी प्रजातियां चिन्हित हुईं।

एलबीटी की मार्मिक फिल्म देखकर भावुक हुए दर्शक

# कथा रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नजर आई लिटिल बैले की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसी कला संस्थान की यात्रा में संघर्ष और सफलता साथ साथ चलते हैं। दर्शक को केवल मंच प्रस्तुति और पर्दे पर फिल्म की छटा ही नज़र आती है, पर्दे या कैमरे के पीछे की समस्याएं और संकट नज़र नहीं आते। रविवार को 'कथा रंग श्री लिटिल बैले ट्रुप की' में इसे बहुत विश्वसनीय ढंग से दर्शाया गया है। संभवतः इसी मर्म ने भावकों और दर्शकों को भाव विभोर किया।

आयताकार पर्दे को दो भागों में विभक्त कर प्रस्तुत किए नैपथ्य के दृश्यको फिल्म कार ने आयताकार पर्दे को दो भागों में विभक्त करके एक साथ मंच और नैपथ्य के दृश्यों को प्रस्तुत किया। जिससे दर्शक मंच और मंच परे की कैमिस्ट्री को समझ पाते, यह भी कि एक आनंददायी दृश्य के पीछे कितना संघर्ष और तप होता है। संभवतः यह अकेली फिल्म है जो मंच परे की स्थितियों को शाना- ब- शाना दिखाती नज़र आती है।



## ट्रूप की जर्नी, तकनीकी में परिवर्तन दर्शाया

रंग श्री के प्रारंभिक और वैश्विक ख्याति प्राप्त बैले रामायण और अब के नवीनतम बैले जीवनधारा के दृश्यबंधों के केन्द्र में रख कर ट्रूप की जर्नी और उसमें और तकनीकी में आये परिवर्तन की झलक प्रतीकात्मक रूप से दर्शाई। फिल्म प्रदर्शन के बाद फिल्म निर्माता नूतन भाखल, केतन प्रेमानी, निर्देशक - सौरभ दत्ता ने दर्शकों से जीवंत संवाद भी किया साथ ही कई दर्शकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

## तृतीय अखिल भारतीय रूपक महोत्सव कल से 14 फरवरी तक

**भोपाल।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा अखिल भारतीय रूपक महोत्सव का आयोजन 11 फरवरी से 14 फरवरी तक रवीन्द्र भवन में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 11 फरवरी 2025 को प्रातः 10 बजे केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कुलपति प्रो श्रीनिवास बरखेड़ी की अध्यक्षता में होगा।

इस कार्यक्रम में प्रति दिवस 6 से 7 नाट्य प्रस्तुतियां होंगी। जिन्हें उत्तर प्रदेश के लखनऊ एवं मैनपुरी, उत्तराखंड के देवप्रयाग, केरल के गुरुवायुर तथा कालीकट, हिमाचल प्रदेश के बलाहार तथा उना, तमिलनाडु के चेन्नई, महाराष्ट्र के नागपुर, त्रिपुरा के अगरतला, जम्मू, उड़ीसा के पुरी तथा मध्य प्रदेश के भोपाल के नाट्य दल प्रस्तुत करेंगे।

ग्लोबल इनवेस्टर समिट में बेस्ट कई कार्यक्रम आयोजित करेगा

# कई लोग होम स्टे के रूप में देंगे अपने घर, करेंगे अतिथि देवो भवः का पालन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगामी 24 और 25 फरवरी भोपाल में होने ग्लोबल इनवेस्टर समिट को लेकर नागरिकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। नाइन मसाला में हुई पीसी में टीम बेस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि सभी नागरिक इसे उत्सव के रूप में मनाना चाहते है। सबकी मांग है कि ग्लोबल इनवेस्टर समिट राजधानी भोपाल में आयोजित हो जिसके लिए हम मध्यप्रदेश सरकार के धन्यवाद देना चाहते है।

## 10 से ज्यादा लोगों ने अपने घरों में रुकवाने के लिए भरी हामी

बेस्ट से स्पर्श द्विवेदी ने बताया कि भोपाल का समस्त नागरिकों से हमारा आव्हान है कि अतिथि देवो भवः की तर्ज पर इसे हमें मनाना चाहिए और कई लोग अपने घर होम स्टे के रूप में देने के लिए आगे आए हैं, को निवेशकों और विदेशी डेलीगेट्स को भोपाल की मेहमान नवाजी से अवगत करवाना चाहते है। बाकी भी नागरिकों से हमारा निवेदन है कि वो भी आगे आए और इसमें भाग ले। अभी तक 10 से ज्यादा लोगों अपने घरों में रुकवाने के लिए हामी भरी है।

मनभावन गीतों ने बांधा समां




## राज्य संग्रहालय में संगीत संध्या का आयोजन

**भोपाल।** दोस्ताना म्यूजिकल ग्रुप की संगीतमय प्रस्तुति सलामत रहे दोस्ताना हमारा स्टेट म्यूज़ियम ऑडिटोरियम में रविवार को सम्पन्न हुआ। प्रारंभिक प्रार्थना गीत अय्यूब व ग्रुप मेंबर द्वारा हुआ। इसके बाद बड़ी मुश्किल है... खालिद, चल अकेला... गीत को गुप्ता ने बोल दिए। वहीं कार्यक्रम में ये मेरा दीवाना पन है, रुक जा ओ दिल दीवाने, छलकाए जाम, तू ही हक़ीक़त... सहित एक से बढ़कर एक मनभावन गीतों की प्रस्तुति ने समा बांधा।

# निमाड़ी लोक गायन के साथ गौंड जनजातीय गुदुमबाजा एवं नौरता नृत्य की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## जनजातीय संग्रहालय में संभावना गतिविधि का आयोजन

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में आयोजित संभावना गतिविधि में रविवार की शाम लेखपाल धुर्वे एवं साथी, डिण्डोरी द्वारा गौंड जनजातीय गुदुमबाजा, दुर्वा नामदेव एवं साथी, सागर द्वारा नौरता नृत्य एवं रक्षा चौरे एवं साथी, भोपाल द्वारा निमाड़ी गायन की प्रस्तुति दी गई।



### पारम्परिक गीत लाल लाल बैल्या.. की दी प्रस्तुति

निमाड़ी गायन में कलाकारों ने गणेश वंदना माता गिरजा का लाल...,. मां नर्मदा गीत सच्चा मन सी भजन करूंगा..., कृष्ण भजन बंसी वाला संवारा..., पारम्परिक गीत सोना को काटो म्हारी नाक..., मां गंगा गीत थारा चरणन महारो प्रणाम..., पारम्परिक गीत लाल लाल बैल्या.., जैसे कई गीतों की प्रस्तुति दी।



### नवरात्रि पर होता है नौरता नृत्य

विवाह एवं अन्य अनुष्ठानिक अवसरों पर होने वाले गुदुमबाजा नृत्य गौंड जनजाति की उपजाति ढुलिया का पारम्परिक नृत्य है। समुदाय में गुदुम वाद्य वादन की सुदीर्घ परम्परा है। वहीं बुन्देलखण्ड अंचल में नवरात्रि के अवसर पर किया जाने वाला नौरता नृत्य में देवी के स्वरूपों को वर्णित किया।



## दिल्ली के नवनिर्वाचित विधायकों के संबंध में कई विशेष बातें

# करनैल सिंह सबसे अमीर वहीं संजीव सबसे गरीब विधायक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। भाजपा ने बंपर जीत दर्ज करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के 12 साल के शासन का अंत किया। इसी के साथ भाजपा नेतृत्व ने सभी जीते हुए उम्मीदवारों को बधाई दी है। उधर अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि आप एक अच्छे विपक्ष की भूमिका निभाएगी। इस बीच लगातार तीसरी बार दिल्ली में एक भी सीट हासिल न कर पाने वाली कांग्रेस का बयान आना बाकी है। चुनावी नतीजे आने के बाद जीते हुए उम्मीदवारों को लेकर लोगों के मन में कई तरह के सवाल हैं? मसलन दिल्ली को अब जो नेता मिलेंगे, वे सब कितने पढ़े-लिखे हैं? उनकी संपत्ति कितनी है? इनमें कितने नेताओं पर आपराधिक केस दर्ज हैं? इसके अलावा दिल्ली की नई विधानसभा कितनी उम्रदराज होगी?

**सबसे अमीर विजेता 259 करोड़ के मालिक**

> दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। भाजपा ने बंपर जीत दर्ज करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के 12 साल के शासन का अंत किया। इसी के साथ भाजपा नेतृत्व ने सभी जीते हुए उम्मीदवारों को बधाई दी है।

### विधायकों की औसत आयु करीब 52 वर्ष

दिल्ली विधानसभा चुनावों में जो नेता चुनकर आए हैं, उनकी उम्र का दायरा 31 साल से लेकर 73 साल तक है। दिल्ली में चुने गए नवनिर्वाचित विधायकों की औसत आयु करीब 52 वर्ष है। यानी दिल्ली विधानसभा में युवाओं और बुजुर्ग विधायकों का एक अच्छा संगम साबित होने वाली है।



### आप के झा की संपत्ति 14 लाख 47 हजार 331 रुपए



दिल्ली विधानसभा चुनाव में जो प्रत्याशी जीते हैं, उनकी औसत संपत्ति 21.28 करोड़ रुपए है। आम आदमी पार्टी से जीतने वाले संजीव झा इनमें सबसे कम संपत्ति वाले विधायक हैं। उनकी कुल संपत्ति 14 लाख 47 हजार 331 रुपए है। वहीं, 259 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति के साथ शकूर बस्ती से चुने गए करनैल सिंह सबसे अमीर विधायक हैं।

### 31 विधायकों पर मामले दर्ज अमानतुल्लाह पर 19 केस



दिल्ली की नई विधानसभा में इस बार 70 में से 31 विधायक ऐसे हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। यानी करीब 44 फीसदी जनप्रतिनिधि दागी हैं। सबसे ज्यादा 19 मामले ओखला सीट से चुने गए अमानतुल्लाह खान पर दर्ज हैं। वहीं, 18 विधायक ऐसे हैं, जिन पर दो या इससे ज्यादा केस दर्ज हैं।

### 17 पीजी,कई इंजीनियर- डॉक्टर तो राम सिंह केवल 5वीं पास



दिल्ली विधानसभा में इस बार शिक्षा का स्तर काफी बेहतर है। 70 में से 17 विधायक ऐसे हैं, जो कि पोस्ट ग्रेजुएशन कर चुके हैं। वहीं, दिल्ली में इस बार कोई भी जनप्रतिनिधि अनपढ़ नहीं है। विधायकों की शिक्षा का स्तर न्यूनतम पांचवीं पास है। उच्चतम शिक्षा की बात करें तो एक प्रतिनिधि डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं। सबसे पढ़े-लिखे विधायक भाजपा के डॉ. अजय दत्त हैं। सबसे कम-पढ़े लिखे जनप्रतिनिधि राम सिंह नेताजी हैं, जिन्होंने पांचवीं तक पढ़ाई की है।

---

## खबर संक्षेप

### बिस्किट से लेकर फोन टैरिफ महंगे होंगे!

**नई दिल्ली।** आयकर में राहत और कर्ज पर किस्त कम होने की उम्मीदों के विपरीत लोगों को झटका लग सकता है। बिस्किट से लेकर फोन टैरिफ महंगे हो सकते हैं। दोनों क्षेत्रों की कंपनियों ने इस तरह का संकेत दिया है। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने कहा, वर्ष के अंत तक उत्पादों की कीमतों में 4.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी संभव है।



### बेंगलुरु में शीरन के स्ट्रीट शो पर लगी रोक

**बेंगलुरु।** लोकप्रिय ब्रिटिश सिंगर एड शीरन के बेंगलुरु में स्ट्रीट शो पर रोक लगा दी गई है। बेंगलुरु पुलिस ने ब्रिटिश संगीतकार एड शीरन के शहर में होने वाले लाइव स्ट्रीट परफॉरमेंस को रोक दिया। पुलिस का कहना है कि सिंगर-गीतकार ने अनुमति नहीं ली थी। सिंगर के खिलाफ शिकायत पर पुलिस ने शो पर रोक लगाई।



### सीएम फडणवीस की पत्नी का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस मशहूर गायिका हैं। उनके कई गाने रिलीज हो चुके हैं। हाल ही में उनका एक और गाना आया है। गाने का टाइटल है, 'मारो देव बापू सेवालाल'। इस गाने के वीडियो में अमृता बंजारन बनी हैं। उनके इस गाने पर सलमान खान ने भी पोस्ट शेयर किया है।



### पिज्जा ऑर्डर करने पर 4 छात्राएं निलंबित

**पुणे।** महाराष्ट्र के एक हॉस्टल में सोशल वेलफेयर हॉस्टल से चार छात्राओं को केवल इस वजह से हॉस्टल से निकाल दिया गया। उन्होंने ऑनलाइन पिज्जा ऑर्डर किया था। यह पुणे के मोशी स्थित सोशल वेलफेयर हॉस्टल है। हॉस्टल की वार्डन मीनाक्षी नरहरे ने एक माह के लिए निलंबित किया है।



---

## महाकुंभ में फिर भारी भीड़, रात 11 बजे से पैदल चल रहे यात्री

# प्रयागराज से पहले 28 किलोमीटर लंबा जाम लगा, झूंसी से लेकर अलोपी बाग तक 'लॉक'



एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

> प्रयागराज में चल रहे मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अभी महाकुंभ के 17 दिन शेष हैं। हर दिन बढ़ रही भीड़ की वजह से घाटों पर लोगों की संख्या बढ़ गई है और वहीं सड़कों पर जाम की स्थिति बनी हुई है।

प्रयागराज में चल रहे मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अभी महाकुंभ के 17 दिन शेष हैं। हर दिन बढ़ रही भीड़ की वजह से घाटों पर लोगों की संख्या बढ़ गई है और वहीं सड़कों पर जाम की स्थिति बनी हुई है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में एक बार फिर से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। हर दिन लाखों लोग पावन संगम में डुबकी लगा रहे हैं।

मौनी हादसे के बाद कुछ दिन के लिए थम गया। लेकिन अब फिर से भारी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। आज रविवार की छुट्टी के चलते श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ नजर आ रही है। वहीं सड़कों पर भी गाड़ियां जगह-जगह जाम में फंसी हैं। यात्री रात 11 बजे से पैदल चल रहे हैं। प्रयागराज में झूंसी से लेकर अलोपी बाग तक जाम लगा हुआ है। मेले में भारी भीड़ देखी जा रही है। घाटों पर भी भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी है। त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं का आना जारी है।

### घाटों पर पहुंचने के लिए घंटों इंतजार

प्रयागराज में भी लोगों को घाटों तक पहुंचने के लिए घंटों का इंतजार करना पड़ रहा है। भारी भीड़ को देखते हुए पार्किंग स्थल और रूटों पर आपात प्लान लागू कर दिया गया है। अगर बात प्रयागराज आने वाले रूट की करें तो फाफामऊ से प्रयागराज, झूंसी से प्रयागराज, जसरा से प्रयागराज आने वाले रास्तों पर भारी जाम लगा हुआ है।



**प्रयागराज रायबरेली पर लंबा जाम**

कसारी गांव के सामने आवागमन को पुलिस ने रोक दिया है। वहीं दूसरी तरफ प्रयागराज-रायबरेली हाईवे पर नवाबगंज से 12 किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। झूंसी से लेकर अलोपी बाग तक जाम लग गया है। मेले में भारी भीड़ देखी जा रही है। घाटों पर भी भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी है।

### शनिवार को एक करोड़ 22 लाख श्रद्धालुओं ने किया स्नान

27वें दिन शनिवार एक करोड़ 22 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिसके चलते प्रयागराज आने वाली अधिकतर सड़कों पर जाम की स्थिति है। हजारों की तादाद में लोग प्रयागराज के बाहर जाम में फंसे रहे। मेला प्रशासन का दावा है कि ऐसी ही भीड़ रही तो महाकुंभ के समापन तक श्रद्धालुओं की संख्या 60 करोड़ के पार हो सकती है।

### जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने खत्म कराया हठयोग

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को धार देने के लिए हाईकोर्ट में लंबित सिविल वाद के वादी आशुतोष महाराज की खड़ी तपस्या के हठयोग को जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने शनिवार को समाप्त करा दिया। 13 जनवरी से आशुतोष महाराज ने प्रण लिया था।



### मेले में लगी आग, कल्पवासी टेंट जलकर खाक



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। रविवार को सेक्टर 19 में स्थित एक कल्पवासी टेंट में गैस सिलेंडर लीक होने से अचानक आग लग गई।

सूचना पर पहुंची दमक विभाग की टीम ने महज 10 मिनट पर में आग पर काबू पा लिया। इससे घटना में कोई बड़ी जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन पूरा टेंट जलकर राख हो गया। हादसे के पीछे साजिश की जांच जारी है। यह घटना चल रहे महाकुंभ में आग लगने की घटनाओं की श्रृंखला में नवीनतम है, जो 13 जनवरी से शुरू हुआ है और 26 फरवरी तक जारी रहेगा। 7 फरवरी को सेक्टर 18 स्थित इस्कॉन शिविर में आग लग गई, जिससे लगभग 20 टेंट नष्ट हो गए, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ था।

---

## यूबीटी के राउत ने उठाए सवाल

# केंद्र के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर हजारे चुप क्यों?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल की हार से खुश हैं। राउत ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ पिछले कुछ सालों में लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों पर हजारे की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब मोदी के शासन में भ्रष्टाचार हुआ, तब हजारे कहां थे? केजरीवाल की हार पर हजारे खुश हैं। देश को लूटा जा रहा है और धन एक ही उद्योगपति के हाथों में जा रहा है।

ऐसी स्थिति में लोकतंत्र कैसे बरकरार रह सकता है? ऐसे समय में हजारे की चुप्पी के पीछे क्या रहस्य हो सकता है। शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य राउत ने संवाददाताओं से कहा कि महाराष्ट्र और दिल्ली में मतदाता सूची में गड़बड़ी के बारे में एक समान पैटर्न था। हालांकि, हजारे ने ऐसे मुद्दों पर चुप रहने का विकल्प चुना। हरियाणा में भी ऐसी ही शिकायतें की गईं। ये बिहार चुनावों में भी सामने आएंगी।

### हजारे के बयान पर बवाल बोले तब कहां थे?



### भाजपा के सत्ता के आने पर संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन नहीं

नेता संजय राउत ने आरोप लगाया कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से चुनावों में संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया है। राउत ने दावा किया कि जीत जोड़-तोड़ और धनबल के जरिए हासिल की जा रही है। भाजपा ने 70 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीटें जीतकर दिल्ली में आम आदमी पार्टी का शासन समाप्त कर दिया। हारने वालों में प्रमुख नाम नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से केजरीवाल का था।

### आप का ध्यान शराब और पैसे पर...

अरविंद केजरीवाल की हार के बाद अन्ना हजारे ने कहा था कि मैंने उन्हें बहुत समझाया लेकिन उन्होंने समाज के बारे में विचार ही नहीं किया। वे राजनीति में चले गए। उन्होंने कहा कि उनसे मुझे बहुत उम्मीदें थीं। उन्होंने कहा कि ये शराब घोटाले में लिप्त रहे इसलिए उन्हें कम वोट मिले। मैंने पहले भी कहा था कि प्रत्याशी शुद्ध होने चाहिए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की ध्यान शराब नीति और पैसे पर ही टिका हुआ था इसलिए उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा।

---

## राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी रहे आयोजन के मुख्य अतिथि

# मंत्री प्रधान ने लॉन्च की 41 किताबें, पीएम युवा 2.0 से युवा लेखकों को मिली पहचान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में पीएम युवा 2.0 योजना के तहत 41 नई किताबों का विमोचन किया। इस अवसर पर त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी नल्लू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

मंत्री ने उन 41 युवा लेखकों को बधाई दी जिनकी किताबें इस मंच पर लॉन्च हुईं। उन्होंने कहा कि इन युवा लेखकों की रचनात्मकता और लेखन भारतीय साहित्य को समृद्ध बनाएंगे और बौद्धिक चर्चा को एक नई दिशा देंगे।

### युवा लेखकों की रचनात्मकता और लेखन भारतीय साहित्य समृद्ध होगा



### योजना के लिए पीएम को धन्यवाद दिया

मंत्री ने प्रधानमंत्री को पीएम युवा योजना के विजन के लिए धन्यवाद देते हुए इसे राष्ट्रीय आंदोलन का रूप लेने वाली पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना उभरते हुए लेखकों को मार्गदर्शन और मंच प्रदान करती है जिससे वे भारतीय संस्कृति, इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम और भाषा-साहित्य से जुड़ी कहानियों को उजागर कर सकें। भारतीय भाषाओं में किताबों को बढ़ावा देना एक राष्ट्रीय मिशन है।

**भारतीय भाषाओं में साहित्य को बढ़ावा मिलेगा**

उन्होंने कहा कि यह पहल इस मिशन को और गति देगी। उन्होंने नेशनल बुक ट्रस्ट की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था भारतीय भाषाओं में साहित्य को बढ़ावा देने के लिए एक अहम कदम है।

**'द सागा ऑफ कुडोपली' का विमोचन किया**

मंत्री ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायक पर आधारित पुस्तक 'द सागा ऑफ कुडोपली : द अंसंग स्टोरी ऑफ 1857' के हिंदी अनुवाद का विमोचन किया। यह कई भाषाओं में होगी।

---

## ट्यूलिप महोत्सव



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा नई दिल्ली में शांति पथ, चाणक्यपुरी के लॉन में ट्यूलिप महोत्सव आयोजित किया गया। फूलों को निहारते हुए पर्यटक।

---

## जाखड़ के पोते के विवाह समारोह में पीएम व हुड्डा की भेंट

# 'हेलो हुड्डा साहब...पीएम मोदी ने उन्हें आकर मिलने का आमंत्रण भी दिया

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

दिल्ली के चुनाव नतीजों के तुरंत बाद इंटरनेट मीडिया पर एक ऐसा वीडियो तेजी के साथ वायरल हो रहा है, जिसकी हरियाणा की राजनीति में जबरदस्त चर्चा है।

यह वीडियो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का है। दिल्ली के लुटियंस होटल के बताए जा रहे इस वीडियो में पीएम मोदी पूर्व सीएम हुड्डा का हालचाल पूछ रहे हैं। मोदी ने उन्हें आकर मिलने का आमंत्रण भी दिया है। यह वीडियो पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ के पोते जयवीर और रुद्रश्री के विवाह समारोह का बताया जा रहा है। जाखड़ पहले कांग्रेस में थे और उनकी हुड्डा के साथ अच्छी मित्रता है।

**विवाह समारोह का वीडियो वायरल**




### पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु भी मौजूद थे

इस वीडियो में पीएम विवाह समारोह में शामिल लोगों से बारी-बारी मिल रहे हैं और अचानक हुड्डा के पास आकर रुक जाते हैं। हुड्डा के बगल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खड़े नजर आते हैं। सीएम नायब सिंह सैनी और पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु भी इस समारोह में दिखाई दिए। पीएम मोदी हुड्डा से हाथ मिलाते हैं और कहते हैं कि हेलो हुड्डा साहब...अरे वाह...! दूसरी तरफ से आवाज आई, नमस्ते जी। पीएम बोले, कहां हो आजकल...ठीक हो...आइए, कभी भी आइए।

---

## सूचना प्रसारण एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी

# पहले 'वेव्स' समिट की मेजबानी करेगा भारत, वैश्विक कंटेंट हब बनेगा

### यह समिट जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन में आयोजित होगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने वेव्स सलाहकार बोर्ड की एक बैठक की शुक्रवार को अध्यक्षता की थी। इस बैठक में अनिल कपूर, चिरंजीवी और अनुपम खेर जैसे दिग्गज कलाकार भी शामिल हुए थे। भारत में एक मई से 4 मई तक विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट (वेव्स) समिट का आयोजन किया जाएगा। यह समिट मुंबई में जियो वर्ल्ड कंवेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन में आयोजित होगी। रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसकी जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने लिखा कि वेव्स-2025 से भारत दुनिया का रचनात्मक केंद्र बनने की नींव रख रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी के साथ एडवाइजरी बोर्ड की एक प्रेरणादायक बैठक हुई। इसके जरिए भारत वैश्विक कंटेंट हब बनने के लिए तैयार है।

**एक से चार मई तक दिग्गज लेंगे हिस्सा**



### इन दिग्गजों ने भी लिया था हिस्सा

प्रधानमंत्री के साथ बैठक में सुंदर पिचाई, सत्या नडेला, अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, चिरंजीवी, मोहनलाल, रजनीकांत, आमिर खान, एआर रहमान, अक्षय कुमार, रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण, मुकेश अंबानी और आनंद महिंद्रा सहित कई दिग्गजों ने हिस्सा लिया था।

**हम भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र बनाएंगे**

पीएम के साथ बैठक के बाद अभिनेता अनिल कपूर, अनुपम खेर, चिरंजीवी ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर प्रधानमंत्री का आभार भी जताया था। कपूर ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा था, वेव्स के सलाहकार बोर्ड का हिस्सा बनना और योगदान करने का अवसर मिलना सम्मान की बात है। हम भारत को वैश्विक मनोरंजन का केंद्र बनाएंगे।

### सलाहकार बोर्ड के साथ पीएम मोदी ने की थी बैठक

पीएम नरेंद्र मोदी ने इस समिट को लेकर 7 फरवरी को एक बैठक की थी। इस बैठक में कई दिग्गजों ने हिस्सा लिया था। बैठक के बाद पीएम ने एक सोशल मीडिया पोस्ट भी साझा किया था। उस पोस्ट में उन्होंने लिखा था कि मनोरंजन, रचनात्मकता और संस्कृति की दुनिया को एक साथ लाने वाले वैश्विक शिखर सम्मेलन वेव्स के सलाहकार बोर्ड की एक बैठक में हिस्सा लिया।




नासा के वैज्ञानिकों की चेतावनी

# 2032 में धरती पर होगी उथलपुथल! पृथ्वी से टकरा सकता है एस्टेरॉइड, परमाणु बम के जैसा विस्फोट होने की है आशंका

यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ईएसए) के मुताबिक वैज्ञानिकों ने एक ऐसा एस्टेरॉइड खोजा है, जिसके पृथ्वी से टकराने का खतरा है। इस एस्टेरॉइड का नाम 2024 वायआर4 है। 22 दिसंबर 2032 को इसके पृथ्वी से टकराने की 2.2 फीसदी संभावना है।

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

खगोलविदों ने हाल ही में एक ऐसी खोज की है, जो पृथ्वी के लिए किसी बड़े खतरे से कम नहीं है। यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ईएसए) के मुताबिक वैज्ञानिकों ने एक ऐसा एस्टेरॉइड खोजा है, जिसके पृथ्वी से टकराने का खतरा है। इस एस्टेरॉइड का नाम 2024 वायआर4 है।

22 दिसंबर 2032 को इसके पृथ्वी से टकराने की 2.2 फीसदी संभावना है। नए आकलन के बाद इसका जोखिम 1.2 फीसदी बढ़ गया है। खगोलविदों को डर है कि जैसे-जैसे अवलोकन साझा किए जाएंगे, वैसे-वैसे खतरे का प्रतिशत भी बढ़ सकता है। अब तक के अनुमानों में इसकी टकराने की संभावना घटती-बढ़ती रही है।

## नासा और ईएसए करते हैं अध्ययन

एस्टेरॉइड की कक्षा को निर्धारित करने के लिए नासा का सेंटर फॉर नियर-अर्थ ऑब्जेक्ट स्टडीज और यूरोपियन स्पेस एजेंसी का नियर-अर्थ ऑब्जेक्ट कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनईओसीसी) मिलकर काम करते हैं। ये संगठन एस्टेरॉइड की गति, कक्षा और पृथ्वी से निकटता की गणना करने के लिए उन्नत सॉफ्टवेयर नासा के स्काउटव सेंट्री तथा ईएसए के मीरकट और एजीस का उपयोग करते हैं। जब कोई नया एस्टेरॉइड खोजा जाता है, तो वैज्ञानिक उसकी संभावित कक्षाओं का मानचित्रण करते हैं। कुछ कक्षाएं पृथ्वी से टकराने की संभावना दिखाती हैं, जबकि अधिकांश पृथ्वी से दूर चली जाती हैं। शुरुआती गणनाओं में अनिश्चितता अधिक होती है, जिससे टकराव की संभावना अस्थायी रूप से बढ़ सकती है। लेकिन जैसे-जैसे और डेटा इकट्ठा होता है, गणनाएं अधिक सटीक होती जाती हैं और संभावित प्रभाव क्षेत्र सीमित होते जाते हैं।

## बदलती संभावनाएं

जनवरी 29 को इस एस्टेरॉइड के पृथ्वी से टकराने की संभावना 1.3% थी, जो 1 फरवरी को बढ़कर 1.7% हो गई। अगले ही दिन यह घटकर 1.4% रह गई। इसके बाद, 8 फरवरी को यह संभावना 2.3% तक पहुंच गई और फिर 9 फरवरी को 2.2% हो गई। हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं कि टकराव तय है। हालांकि, 2024 वायआर4 को नासा और ईएसए गंभीरता से ले रहे हैं। डेविड फार्नोचिया के अनुसार, टकराने की संभावना बहुत कम है, लेकिन अन्य एस्टेरॉयड की तुलना में अधिक है।

## आकार बड़ी इमारत के बराबर

इस एस्टेरॉइड का व्यास 40-90 मीटर के बराबर और लंबाई लंबाई 130 से 300 फीट के बीच बताई जा रही है। कैलिफोर्निया के पासाडेना में नासा की जेट प्रोपल्शन लैबोरेटरी में सेंटर फॉर नियर अर्थ ऑब्जेक्ट स्टडीज के मैनेजर डॉ. पॉल चोडास का कहना है कि एस्टेरॉइड का आकार एक बड़ी इमारत के बराबर है। अगर एस्टेरॉइड अपनी अनुमानित आकार से बड़ा होता है तो जिस भी जगह यह गिरेगा वहां से 50 किमी दूर तक भयानक नुकसान हो सकता है।

### प्रभाव क्षेत्र में अमेरिका, अफ्रीका, एशिया शामिल

यदि यह एस्टेरॉयड पृथ्वी से टकराता है, तो इसका प्रभाव एक परमाणु बम के विस्फोट जैसा हो सकता है। संभावित प्रभाव क्षेत्र में पूर्वी प्रशांत महासागर, उत्तरी दक्षिण अमेरिका, अटलांटिक महासागर, अफ्रीका, अरब सागर और दक्षिण एशिया शामिल हैं।

### प्रभाव की संभावना बढ़ सकती है

एजेंसी के मुताबिक अगर यह अन्य नियर अर्थ ऑब्जेक्ट के पैटर्न का अनुसरण करता है तो प्रभाव की संभावना बढ़ जाएगी और फिर धीरे-धीरे कम हो जाएगी।

### कुछ हजार वर्षों में गिरते हैं उल्कापिंड

अंतरिक्ष में यह 17 किलोमीटर प्रति सेकंड (38,028 किमी प्रति घंटे) की स्पीड से तैर रहा है। ईएसए के मुताबिक इतने बड़े उल्कापिंड कुछ हजार वर्षों में पृथ्वी पर गिरते रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### इल्तिजा का दावा, उन्हें हिरासत में लिया गया



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने शनिवार को दावा किया कि उन्हें जम्मू के सर्किट हाउस में हिरासत में लिया गया है। यह सब जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस को रद्द करने के लिए किया गया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि यह नया कश्मीर है और इसका असली चेहरा है। चुनी हुई सरकार दिल्ली में लंच आयोजित करने में इतनी व्यस्त है कि उसे मानवाधिकार उल्लंघन के पीड़ितों की चिंता नहीं है।

### बस व ट्रक की टक्कर में 41 लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** मैक्सिको से भयानक सड़क हादसे में करीब 41 लोगों की मौत हो गई है। 48 पैसेंजर्स से भरी बस हाईवे पर ट्रक से भिड़ गई। बस कैनकन से टैबस्को की ओर जा रही थी। हादसे की जानकारी देते हुए ताबास्को के कोमलकाल्को के मेयर ओविडियो पेराल्टा ने दी। मेयर पेराल्टा ने कहा कि ये बस 48 लोगों को ले जा रही थी जिसके बाद ये एक ट्रक से टकरा गई। इसके बाद इस हादसे में दो ड्राइवर समेत 41 लोगों की मौत हो गई।

युद्ध विराम समझौते का हो रहा पालन

## गाजा से पीछे हटी इजराइली सेना, सैनिकों का लौटना शुरू



एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल-हमास युद्ध विराम समझौते के तहत इजराइल सैनिक गाजा के आबादी वाले इलाकों से पीछे हटेंगे और फिलिस्तीनियों को इजराइल बलों की तरफ से निरीक्षण किए बिना, नेत्ज़ारिम से होकर गुजरने वाली एक केंद्रीय सड़क से उत्तर की ओर जाने की अनुमति दी जाएगी।

रविवार को एक इजराइल अधिकारी ने कहा कि इजराइल सेना ने गाजा के एक महत्वपूर्ण गलियारे से हटना शुरू कर दिया है, जो हमास के साथ युद्ध विराम समझौते का हिस्सा है। इजराइल ने युद्ध विराम के हिस्से के रूप में नेत्ज़ारिम गलियारे से अपनी सेना हटाने पर सहमति जताई, यह एक भूमि पट्टी है जो उत्तरी गाजा को दक्षिणी से विभाजित करती है।

### नेतन्याहू बोले दूसरे चरण के लिए बैठक करेंगे

इजराइल पीएम बेंजामिन नेतन्याहू कतर में एक प्रतिनिधिमंडल भेज रहे थे, जो दोनों पक्षों के बीच बातचीत में एक प्रमुख मध्यस्थ था, लेकिन इस मिशन में निम्न-स्तरीय अधिकारी शामिल थे, जिससे अटकलें लगाई जा रही थीं कि इससे युद्धविराम को आगे बढ़ाने में कोई सफलता नहीं मिलेगी। नेतन्याहू की तरफ से इस सप्ताह सौदे के दूसरे चरण पर प्रमुख कैबिनेट मंत्रियों की बैठक बुलाने की उम्मीद है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह कब होगी।

### फौरन बंधकों को रिहा करें

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बात को दोहराते हुए ये कहा है कि, हमास को अब सभी बंधकों को रिहा करना होगा। 490 दिनों तक बंधन में रहने के बाद एली और ऑर ओहद अपने देश इजराइल में अपने घर पहुंच गए हैं। अब अमेरिकी विदेश मंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया है कि, हमास को अब सभी बंधकों को तुरंत रिहा करना होगा। इजराइल ने इस बात की पुष्टि की है कि, हमास ने बातचीत के बाद तीन बंधकों को रिहा कर दिया है। इजराइल के डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शनिवार को यह जानकारी दी थी कि, तीनों बंधकों, ओहद बेन अमी, एली शराबी और ऑर लेवी को रेड क्रॉस को सौंप दिया गया था, जहां से उन्हें इजराइल पहुंचाया गया।

एआई पर कुछ खास देशों का वर्चस्व तोड़ने पर बनेगी रणनीति, भारत की भूमिका अहम

पीएम मोदी आज तीन दिवसीय फ्रांस दौरे पर होंगे रवाना

# पेरिस में होने जा रही एआई समिट की मैक्रों संग मोदी करेंगे सह-अध्यक्षता

*पेरिस में होने वाली एआई समिट में दुनिया भर के लीडर्स और टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स एआई की गाइडलाइन तैयार करेंगे। वे सभी एआई के बेहतर इस्तेमाल और खतरों को नियंत्रित करने पर चर्चा होगी। इससे पहले यह समिट 2023 में ब्रिटेन और 2024 में साउथ कोरिया में हो चुकी है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी आज से तीन दिवसीय फ्रांस दौरे पर रवाना होंगे। पीएम मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के विशेष निमंत्रण पर 10 फरवरी फ्रांस पहुंचेंगे और 12 फरवरी तक विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरे पर पीएम खासतौर पर 11 फरवरी को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पेरिस में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे।

इस समिट में दुनिया भर के लीडर्स और टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स कुछ खास देशों का एआई में वर्चस्व तोड़ने के लिए एआई की गाइडलाइन तैयार करेंगे जिसमें भारत अहम भूमिका अदा करेगा। वे सभी एआई के बेहतर इस्तेमाल और खतरों को नियंत्रित करने पर चर्चा होगी। इससे पहले यह समिट 2023 में ब्रिटेन और 2024 में साउथ कोरिया में हो चुकी है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि यह तीसरा उच्च-स्तरीय एआई शिखर सम्मेलन है। इससे पहले 2023 में यूके और 2024 में दक्षिण कोरिया में इसी तरह के सम्मेलन आयोजित किए गए थे।

एआई के इस्तेमाल और खतरों को नियंत्रित करने पर बनाएंगे गाइडलाइन

## कई देशों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय संबंधों और वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा


फाइल फोटो

### 12 से 13 फरवरी को यूएस दौरा

*विक्रम मिसरी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर पीएम मोदी 12 और 13 फरवरी को अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। यह यात्रा दोनों देशों के आपसी हित के सभी क्षेत्रों में नए अवसरों को शामिल करने में महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रतिबंधित और प्रतिनिधिमंडल स्तर दोनों प्रारूपों में द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। यात्रा के दौरान अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ लोगों के पीएम मोदी से मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के नए प्रशासन के कार्यभार संभालने के बमुश्किल तीन सप्ताह के भीतर पीएम को अमेरिका की यात्रा के लिए आमंत्रित किया गया है, जो भारत-अमेरिका साझेदारी के महत्व और द्विपक्षीय समर्थन को भी दर्शाता है।*

### लीडर्स डिक्लेरेशन स्वीकार किया जाएगा

मिसरी ने बताया कि इस शिखर सम्मेलन के माध्यम से भारत और फ्रांस के बीच टेक्नोलॉजी क्षेत्र में सहयोग को और मजबूती मिलेगी। यह सम्मेलन पूरी दुनिया को एआई के मामले पर एक मंच पर एकजुटता से एकत्रित होने का अवसर प्रदान करता है। हमें उम्मीद है कि सम्मेलन के अंत में लीडर्स डिक्लेरेशन (घोषणापत्र) को स्वीकार किया जाएगा। विक्रम मिस्त्री ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी 10 फरवरी की शाम को पेरिस पहुंचेंगे। इसी दिन शाम को पीएम मोदी शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य देशों के प्रमुखों और अन्य प्रमुख नेताओं के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा आयोजित एक रात्रिभोज में हिस्सा लेंगे। इस रात्रिभोज का उद्देश्य देशों के प्रमुखों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करना है। यह रात्रिभोज फ्रांस के राष्ट्रपति के आवास मशहूर एलिसी पैलेस में होगा, जहां टेक क्षेत्र के कई सीईओ भी मौजूद होंगे।

### 80 देशों के अधिकारी व सीईओ आएंगे

*बता दें कि तीसरी एआई समिट में अमेरिका से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और चीन से राष्ट्रपति शी जिनपिंग का एक विशेष दूत भी इस बैठक शामिल होगा। वहीं, यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो, ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सैम ऑल्टमैन, और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई समेत 80 देशों के अधिकारी और सीईओ भी हिस्सा लेंगे। यह समिट ऐसे वक्त में हो रही है जब कई लोग एआई की अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में खुद को स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। यह खेल के नियमों को तय करने के बारे में है। एआई को कानून के दायरे में लाना जरूरी है।*

मस्क ने अमेरिकी पेमेंट सिस्टम पर उठाए सवाल

## हर साल 100 बिलियन डॉलर की धोखाधड़ी का लगाया बड़ा आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिसिएंसी (डीओजीई) विभाग का गठन किया है। इस विभाग के प्रमुख टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क हैं।

मस्क ने अमेरिकी सरकार के पेमेंट सिस्टम पर आपत्ति जताई है। दरअसल, मस्क ने दावा किया है कि सरकारी पेमेंट सिस्टम में भारी गड़बड़ियां और 100 अरब डॉलर से ज्यादा की संभावित धोखाधड़ी हर साल हो रही है। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने लिखा कि वित्त विभाग और सरकारी दक्षता विभाग ने मिलकर सरकारी भुगतान की निगरानी के लिए नए नियम तय किए हैं। अब से नए नियम के तहत की सभी सरकारी भुगतान होंगे। सरकारी भुगतानों के लिए 'भुगतान वर्गीकरण कोड' होगा।

### हर हफ्ते हो रहा घोटाला

*एलन मस्क ने यह भी दावा किया कि अमेरिका में हर साल करीब 100 अरब डॉलर ऐसे लोगों को दिए जा रहे हैं, जिनके पास सोशल सिक्योरिटी नंबर (एसएसएन) नहीं है। उन्होंने कहा कि बेहद संदेहजनक है। इस संबंध में उन्होंने वित्त विभाग के अधिकारियों से भी पूछा कि कितना हिस्सा पक्का धोखाधड़ी हो सकती है।*

एशिया का सबसे बड़ा एयर शो आज बेंगलुरु में

## पहली बार 'एयरो इंडिया' में हिस्सा लेंगे सुखाई एसयू-57, एफ-35 लड़ाकू विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


सुखाई एसयू-57

'एयरो इंडिया' प्रदर्शनी में पहली बार दुनिया के दो सबसे उन्नत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान- रूसी सुखोई एसयू-57 और अमेरिकी एफ-35 लाइटनिंग 2- भाग लेंगे, जो 'स्टेल्थ' (रडार से बचने) क्षमताओं से सुसज्जित हैं। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। एशिया के सबसे बड़े एयर शो के रूप में इसका 15वां संस्करण 10-14 फरवरी तक बेंगलुरु के येलहांका स्थित वायुसेना अड्डे पर आयोजित किया जाएगा। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 42,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में आयोजित और 150 विदेशी कंपनियों सहित 900 से अधिक प्रदर्शकों की भागीदारी के साथ यह आयोजन अब तक का सबसे बड़ा 'एयरो इंडिया' होगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह प्रदर्शनी वैश्विक रक्षा सहयोग और तकनीकी की उन्नति में एक मील का पत्थर है, जो विमानन के शौकीनों और रक्षा विशेषज्ञों को इन अत्याधुनिक युद्धक विमानों को देखने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। इस संस्करण का व्यापक विषय है - 'एक अरब अवसरों का मार्ग'। बयान में कहा गया है कि इतिहास में पहली बार, एयरो इंडिया 2025 में दुनिया के दो सबसे उन्नत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान - रूसी सुखोई एसयू-57 और अमेरिकी एफ-35 लाइटनिंग 2 - भाग लेंगे। सुखोई एसयू-57 विमान का वर्णन करते हुए कहा गया है कि रूस का प्रमुख स्टेल्थ बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान उत्कृष्ट हवाई श्रेष्ठता और हमला क्षमताओं के लिए डिजाइन किया गया है।

घातक प्रकोप: निपाह जैसा खतरनाक

## पहली बार मनुष्य में मिला कैंप हिल वायरस, संक्रमण की चिंता



एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका में पहली बार कैंप हिल वायरस की पहचान हुई है। यह वायरस छछूंदरों से मनुष्यों में फैल सकता है, जिससे वैज्ञानिकों में चिंताएं बढ़ गईं हैं। इसे हेनिपावायरस परिवार से माना जा रहा है, जो जूनोटिक वायरस है। यह चमगादड़ों व छछूंदरों का प्राकृतिक मेजबान है। हेनिपावायरस में अत्यधिक खतरनाक निपाह वायरस शामिल है, जिसने दक्षिण-पूर्व एशिया में घातक प्रकोप पैदा किया है।

जबकि कैंप हिल वायरस मनुष्यों में कभी दर्ज नहीं किया गया है। लेकिन एक नए, इंसानी भौगोलिक क्षेत्र में इसकी उपस्थिति एक बड़े खतरे की चेतावनी है। यह सांस लेने में दिक्कत, मस्तिष्क की सूजन, दौरे और कोमा का कारण बन सकता है। यह प्रायः गंभीर श्वसन रोग और इंसेफेलाइटिस का कारण बनता हैं और उच्च मृत्यु दर से जुड़ा है। वैज्ञानिक इस पर नजर रखे हुए हैं।

### मनुष्यों में फैल सकता है संक्रमण

न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय और सिटी कॉलेज का न्यूयॉर्क के शोधकर्ताओं ने एक क्षेत्र विशेष में वायरस की उपस्थिति की पुष्टि की है। हेनिपावायरस प्रजातियों की सीमा को पार कर सकता है और मनुष्यों सहित विभिन्न स्तनधारियों को संक्रमित कर सकता है। लैंग्या वायरस,कैंप हिल का सबसे करीबी ज्ञात वायरस है जिसने मनुष्यों को संक्रमित किया है। यह चीन में छछूंदर से लोगों में फैला। इसकी वजह से लोगों में बुखार, थकान और यकृत की शिथिलता जैसे लक्षण पैदा हुए। दो सबसे उल्लेखनीय हेनिपावायरस हेंड्रा और निपाह वायरस हैं।

### न्यूयॉर्क के चिड़ियाघरों में 15 पक्षियों की मौत

न्यूयॉर्क शहर के दो चिड़ियाघरों में एवियन फ्लू से कम से कम तीन और संभवतः 15 पक्षियों की मौत हो गई हैं। मामले में वन्यजीव संरक्षण सोसायटी ने कहा कि क्वींस चिड़ियाघर में तीन बत्तखें वायरस के संक्रमण के बाद मर गईं, और ब्रोंक्स चिड़ियाघर में संभावित संपर्क के बाद मरने वाले तीन बत्तखों और नौ जंगली पक्षियों पर परीक्षण किया जा रहा हैं। एहतियात के तौर पर, पिछले दो हफ्तों में, हमने संवेदनशील पक्षी प्रजातियों को अपने पार्कों में संरक्षित क्षेत्रों में भेज दिया है।

## 11 से 14 फरवरी तक ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट- इन्वेस्ट कर्नाटक 2025 का आयोजन

कई केंद्रीय मंत्री सम्मेलन में शामिल होंगे

# 10 लाख करोड़ के निवेश में से 70% को पूरा करने का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 11 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट- इन्वेस्ट कर्नाटक 2025 का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन 11 से 14 फरवरी तक चलेगा। इसका उद्देश्य कर्नाटक में बड़े पैमाने पर निवेश और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना है। कर्नाटक के उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने बताया कि इस आयोजन के दौरान 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिलने की उम्मीद है जिसमें से कम से कम 70% निवेश को साकार करने का लक्ष्य रखा गया है।

कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत करेंगे जबकि सीएम सिद्धारमैया 11 फरवरी को शाम 4 बजे उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस अवसर पर सिंगल विंडो सिस्टम की शुरुआत करेंगे जिससे निवेशकों को आवश्यक अनुमतियां और सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी। इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी, एचडी कुमारस्वामी, शोभा करंदलाजे और सोमन्ना जैसे कई केंद्रीय मंत्री भी शामिल होंगे। इसके अलावा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समापन समारोह में भाग लेंगे।



## 200 एकड़ में स्टार्टअप पार्क विकसित होगा

### नए औद्योगिक पार्क स्थापित होंगे

मंत्री पाटिल ने बताया कि सम्मेलन के दौरान विभिन्न उद्योगों के लिए नए औद्योगिक पार्कों की स्थापना की जाएगी। इनमें कोलार जिले के सिनिवासपुरा में एडवांस्ड फार्मा पार्क, विजयपुरा में सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट और फूड पार्क, चित्रदुर्ग में ड्रोन पार्क, जंगमणकोटे में डीप-टेक पार्क, हनुमंथपुर (दबासपेट के पास) में मेगा लॉजिस्टिक्स पार्क और चिक्कबल्लापुर व धारवाड़ में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्लस्टर शामिल हैं। इसके अलावा, हुबली एयरपोर्ट के पास 200 एकड़ में एक स्टार्टअप पार्क विकसित किया जाएगा जहां 400 से अधिक स्टार्टअप को जगह मिलेगी और विजयपुरा के तिदागुंडी में 1,200 एकड़ में सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग और एग्रो-टेक पार्क स्थापित किया जाएगा।

### 60 से अधिक स्टार्टअप तकनीकों का प्रदर्शन करेंगे

इस आयोजन में 60 से अधिक स्टार्टअप और प्रमुख उद्योगपति अपने नए इनोवेशन और तकनीकों का प्रदर्शन करेंगे। इनमें ऑटोनॉमस सिस्टम, कार्बन नैनोट्यूब, मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) और अत्याधुनिक रोबोटिक्स जैसी तकनीकें शामिल हैं। इस कार्यक्रम में 19 देशों के निवेशक भाग लेंगे जिनके लिए 9 विशेष देश-विशिष्ट पवेलियन बनाए गए हैं। इस दौरान 10 से अधिक सत्रों में सस्टेनेबल इकोनॉमिक ग्रोथ, कर्नाटक की ग्लोबल सप्लाई चेन में भूमिका, नवीकरणीय ऊर्जा और हेल्थकेयर जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

# ला लिगा : एमबापे और अल्वारेज ने दागे गोल, एटलेटिको और रियल का मैच ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

काइलियान एमबापे के गोल की मदद से रियल मैड्रिड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग में एटलेटिको मैड्रिड को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया और अंक तालिका के शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा।

जूलियन अल्वारेज ने 35वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर एटलेटिको को 1-0 की बढ़त दिलाई लेकिन एमबापे ने 50वें मिनट में गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया जो अंत तक बराबर रहा। इस ड्रॉ के बाद रियल मैड्रिड की टीम 23 मैच में 50 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार है। एटलेटिको इतने ही मुकाबलों में 49 अंक के साथ दूसरे पायदान पर है। रियल मैड्रिड की टीम अब मंगलवार को चैंपियन्स लीग नॉकआउट दौर प्ले हाफ के पहले चरण में मैनचेस्टर सिटी से उसके मैदान पर खेलेगी।



## जीता बिलबाओ

अन्य मुकाबलों में एथलेटिक बिलबाओ ने गिरोना को 3-0 से जबकि सेल्टा विगो ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रीयाल बेटिस को 3-2 से हराया। विलारीयाल ने लास पालमास को 2-1 से शिकस्त दी।

## एफए कप के पांचवें दौर में पहुंचा मैनचेस्टर सिटी

**लंदन।** रियल मैड्रिड के खिलाफ चैंपियन्स लीग प्ले ऑफ से पहले मैनचेस्टर सिटी को एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट में तीसरे टीयर की टीम लेटन ओरिएंट के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए जूझना पड़ा। शनिवार को मैनचेस्टर सिटी ने ओरिएंट को 2-1 से हराकर एफए कप के पांचवें दौर में जगह बनाई। ओरिएंट की टीम स्टीफन ओर्टेगा के 16वें मिनट में दागे आत्मघाती गोल से मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी लेकिन दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी अब्दुकोदिर खुसानोव और केविन डि ब्रून ने गोल दागकर चार बार के गत प्रीमियर लीग चैंपियन सिटी की जीत सुनिश्चित की। सिटी की टीम मंगलवार को चैंपियन्स लीग के दो चरण के प्ले ऑफ के पहले चरण में मैड्रिड की मेजबानी करेगी।



## न्यूकासल ने बर्मिंघम को हराया

न्यूकासल ने भी बर्मिंघम को 3-2 से हराकर एफए कप के अगले दौर में प्रवेश किया लेकिन आठ बार के चैंपियन चेल्सी की टीम पांचवें मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद ब्राइटन के खिलाफ 1-2 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। बोर्नेमाउथ ने भी एवर्टन को 2-0 से हराकर एफए कप के पांचवें दौर में जगह बनाई जबकि इपस्विच ने कोवेंट्री को 4-1 से शिकस्त दी। फुलहम ने विगान को 2-1 से हराया जबकि लीड्स की टीम मिलवाल के खिलाफ 0-2 की शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

## खबर संक्षेप




### एमआई केपटाउन पहली बार बनी एसए20 चैंपियन

**जोहानिसबर्ग।** पिछली दो बार आखिरी स्थान पर रही एमआई केपटाउन ने राशिद खान की कप्तानी में तीसरे सत्र में चमत्कारिक प्रदर्शन करते हुए दो बार की चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को वांडरर्स पर खेले गए फाइनल में बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर 76 रन से हराकर एसए 20 खिताब अपने नाम किया। पूरा स्टेडियम अपने स्थानीय नायक 'रबाडा रबाडा' के शोर से गूंज उठा जिन्होंने 3.4 ओवर में 25 रन देकर चार विकेट लिए। वहीं ट्रेंट बोल्ट ने चार ओवर में सिर्फ नौ रन देकर दो विकेट लिए। जीत के लिए 182 रन का पीछा करते हुए सनराइजर्स 105 रन पर आउट हो गए।

### यूपी वारियर्स की कप्तान बनीं दीप्ति

**नई दिल्ली।** यूपी वारियर्स ने रविवार को अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को डब्लूपीएल 2025 के लिए कप्तान नियुक्त किया क्योंकि नियमित कप्तान एलिसा हीली पैर की चोट के कारण लीग से बाहर हो गई हैं। वारियर्स को उम्मीद है कि दीप्ति डब्लूपीएल 2024 में अपने शानदार प्रदर्शन को दोहराएगी जिसमें उसने आठ पारियों में 136.57 के स्ट्राइक रेट और 98.33 की औसत से 295 रन बनाए थे। दीप्ति ने अपनी ऑफ स्पिन से 7.23 की इकॉनमी रेट से 10 विकेट भी लिए थे। 27 वर्षीय दीप्ति को कप्तानी का भी अनुभव है, उन्होंने घरेलू मैचों में बंगाल और पूर्वी क्षेत्र का नेतृत्व किया है।



### द.अफ्रीका ने नोर्किया की जगह बॉश को चुना

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने इस महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रविवार को चोटिल तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया की जगह कोर्बिन बॉश को टीम में शामिल किया। पिछल महीने पीठ की चोट के दोबारा उभरने के कारण नोर्किया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से बाहर हो गए।पिछले साल दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले बॉश ने सिर्फ एक एकदिवसीय मुकाबला खेला है जिसमें उन्होंने नाबाद 40 रन बनाने के अलावा एक विकेट भी चटकाया।

### इंग्लैंड की महिला हॉकी टीम पहुंची ओडिशा

**भुवनेश्वर।** इंग्लैंड की महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के भारत चरण के मैचों में भाग लेने के लिए रविवार को भुवनेश्वर पहुंची। विश्व रैंकिंग में सातवें पायदान पर काबिज टीम 15 फरवरी को यहां कलिंगा स्टेडियम में मेजबान भारत और 25 फरवरी को शीर्ष रैंकिंग की टीम नीदरलैंड से भिड़ेगी। टीम के सदस्यों का यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर ओडिशा खेल विभाग और हॉकी इंडिया ने जोरदार स्वागत किया।



## तीसरा और अंतिम वनडे 12 को अहमदाबाद में खेला जाएगा

# रोहित का 32वां शतक, भारत ने जीती श्रृंखला, इंग्लैंड को चार विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| कटक

भारत ने रविवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। कप्तान रोहित शर्मा ने 119 रन की विस्फोटकीय शतकीय पारी खेली। हिटमैन ने शुभमन गिल (60 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी की। रोहित ने 32वां सैकड़ा पूरा कर सुकून की सांस ली जो उनके चेहरे पर साफ दिख रहा था। इसके लिए उन्होंने 76 गेंद खेली जिसमें सात छक्के और नौ चौके जड़े थे।

भारत ने इंग्लैंड को 49.5 ओवर में 304 रन पर समेट दिया। फिर भारत ने रोहित की 12 चौके और सात छक्के जड़ित 90 गेंद की पारी से यह लक्ष्य 44.3 ओवर में छह विकेट पर 308 रन बनाकर हासिल कर लिया। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह जीत भारत के लिए मनोबल बढ़ाने वाली होगी। रोहित ने श्रेयस अय्यर (44 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 70 रन की भागीदारी निभाई।

### 16 महीने बाद जड़ा शतक

भारतीय कप्तान की पारी का अंत 30वें ओवर में लियाम लिविंगस्टोन की गेंद को ऊंचा खेलने की कोशिश में मिडविकेट पर आदिल राशिद को कैच देकर हुआ। रोहित ने वनडे में 16 महीने बाद शतक जमाया है। इससे पहले उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप में 11 अक्टूबर 2023 को अफगानिस्तान के खिलाफ दिल्ली में 131 रनों की पारी खेली थी।




### भारत के स्कोरर

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 18426 |
| विराट कोहली | 13906 |
| सौरव गांगुली | 11363 |
| *रोहित शर्मा* | *10894* |
| राहुल द्रविड़ | 10889 |

### सबसे ज्यादा छक्के

| छक्के | खिलाड़ी |
|---|---|
| 351 | शाहिद अफरीदी |
| *342* | *रोहित शर्मा** |
| 331 | क्रिस गेल |
| 270 | सनथ जयसूर्या |
| 229 | एमएस धोनी |

### सर्वाधिक शतक लगाने वाले तीसरे भारतीय

रोहित इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित का यह 49वां अंतरराष्ट्रीय शतक है। इस सूची में सचिन तेंदुलकर 100 शतकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि विराट कोहली 81 शतकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का जडेजा बो चक्रवर्ती | 26 | 29 | 2 | 1 |
| बेन डकेट का पंड्या बो जडेजा | 65 | 56 | 10 | 0 |
| जो रूट का कोहली बो जडेजा | 69 | 72 | 6 | 0 |
| हैरी ब्रुक का गिल बो राणा | 31 | 52 | 3 | 1 |
| बटलर का गिल बो पंड्या | 34 | 35 | 2 | 0 |
| लिविंगस्टोन रन आउट | 41 | 32 | 2 | 2 |
| ओवरटन का गिल बो जडेजा | 06 | 10 | 0 | 0 |
| एटकिन्सन का कोहली बो शमी | 03 | 07 | 0 | 0 |
| आदिल राशिद रन आउट | 14 | 05 | 3 | 0 |
| मार्क वुड रन आउट | 00 | 01 | 0 | 0 |
| साकिब महमूद नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 15, कुल : 49.5 ओवर में 304/10
गेंदबाजी : शमी 7.5-0-66-1, हर्षित राणा 9-0-62-1, पंड्या 7-0-53-1, चक्रवर्ती 10-0-54-1, जडेजा 10-1-35-3, अक्षर 6-0-32-0.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का चमीरा बो मैथ्यूज | 17 | 13 | 2 | 0 |
| रोहित का राशिद बो लिविंगस्टोन | 119 | 90 | 12 | 7 |
| शुभमन गिल बो ओवरटन | 60 | 52 | 9 | 1 |
| कोहली का सॉल्ट बो राशिद | 05 | 08 | 1 | 0 |
| श्रेयस अय्यर रन आउट | 44 | 47 | 3 | 1 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 41 | 43 | 4 | 0 |
| राहुल का सॉल्ट बो ओवरटन | 10 | 14 | 1 | 0 |
| पंड्या का ओवरटन बो एटकिन्सन | 10 | 06 | 2 | 0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 11 | 07 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 44.3 ओवर में 308/6
गेंदबाजी : महमूद 6-0-36-0, एटकिन्सन 7-0-65-1, मार्क वुड 8-0-57-0, राशिद 10-0-78-1, ओवरटन 5-0-27-2, लिविंगस्टोन 7-0-29-1, जो रूट 1.3-0-15-0.

### वरुण ने डेब्यू में रचा इतिहास

वरुण चक्रवर्ती को वनडे में डेब्यू का मौका मिला और इसके साथ ही उन्होंने इतिहास रच दिया। 33 साल 164 दिन की उम्र में वरुण चक्रवर्ती ने टीम इंडिया के लिए वनडे डेब्यू किया और इसके साथ ही वह भारतीय टीम के लिए 1974 के बाद वनडे फॉर्मेट में डेब्यू करने वाले टीम इंडिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। भारत के लिए 36 साल 138 दिन की उम्र में विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर ने 1974 में इंग्लैंड के सामने लीड्स के मैदान में डेब्यू किया था।

### भारत की 7वीं सीरीज जीत

दूसरे वनडे में जीत के साथ भारत ने इंग्लैंड पर घर में लगातार सातवीं वनडे सीरीज जीत ली है। इसके अलावा विश्व कप 2023 के बाद से वनडे में यह इंग्लैंड की लगातार चौथी हार है। वहीं, पिछले 10 वर्षों में भारत के खिलाफ सफेद गेंद प्रारूप में यह इंग्लैंड की 10 मैचों में से नौवीं शिकस्त है। 300+ स्कोर करने के बाद इंग्लैंड को 28वीं बार हार का सामना करना पड़ा है। इस टीम ने 99 दफा वनडे में 300 से ज्यादा स्कोर खड़ा किया है।

## कंगारुओं की लगातार चौथी जीत और श्रीलंका की लगातार चौथी हार

# ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को नौ विकेट से हराकर 2-0 से किया क्लीनस्वीप




एजेंसी ▶▶| गॉल

ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरा टेस्ट नौ विकेट से जीतकर दो मैच की श्रृंखला में श्रीलंका का 2-0 से सूपड़ा साफ किया। श्रीलंका के 75 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्नस लाबुशेन (नाबाद 26) ने चौथे दिन लंच से 15 मिनट पहले संन्यास ले रहे दिमुथ करुणारत्ने की गेंद को मिड विकेट पर एक रन के लिए खेलकर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 75 रन पर पहुंचाकर टीम को जीत दिलाई। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 27 रन बनाकर नाबाद रहे।

ऑस्ट्रेलिया ने 2011 के बाद श्रीलंका में पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीती है। टीम ने तब रिकी पोंटिंग की अगुआई में श्रीलंका को 1-0 से हराया था। ऑस्ट्रेलिया को 2016 में स्टीव स्मिथ की कप्तानी में श्रीलंका में 3-0 से क्लीनस्वीप का सामना करना पड़ा जबकि 2022 में श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ रही। पैट कमिंस की जगह कप्तानी कर रहे स्मिथ ने इस तरह श्रृंखला जीतकर राहत की सांस ली होगी। स्मिथ का टेस्ट क्रिकेट में 200वां कैच किया। उनसे पहले सिर्फ चार खिलाड़ियों जाक कैलिस, महेला जयवर्धने, राहुल द्रविड़ और जो रूट ने यह उपलब्धि हासिल की है।

### करुणारत्ने ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने रविवार को श्रीलंका के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने की जमकर सराहना की, जिन्होंने गॉल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने 100वें टेस्ट के साथ ही अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया। करुणारत्ने ने अपने विदाई टेस्ट में 36 और 14 रन की पारी खेली। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, 'दिमुथ का करियर बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने खेल के पारंपरिक प्रारूप में एक बल्लेबाज के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और 100 टेस्ट खेलने वाले अपने देश के सातवें खिलाड़ी बने।' छत्तीस साल के करुणारत्ने ने टेस्ट में लगभग 40 की औसत से 7222 रन बनाए हैं।



## रानी सूर्यमुखी देवी चैंपियनशिप

# चैंपियन छत्तीसगढ़ का ओडिशा के खिलाफ अजेय रिकॉर्ड कायम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया फ्लड लाइट टी -20 क्रिकेट चैंपियनशिप की डिफेंडर टीम छग स्टेट क्रिकेट संघ ने टूर्नामेंट के पहले दिन शनिवार को एक बार फिर गत वर्ष की उपविजेता ओडिसा क्रिकेट एसोसिएशन को हराकर टीम के खिलाफ अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा है।

अजय मंडल की कप्तानी में छत्तीसगढ़ ने ओडिशा को 6 विकेट से हराकर जीत दर्ज की है। बल्लेबाज आशीष डहरिया (57) और प्रतीक यादव (44) इस जीत के हीरो रहे। वहीं इससे पहले खेले गए मैच में महाराष्ट्र इलेवन को विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ने 57 रनों के बड़े अंतर से चित कर दिया।

सीएससीएस से खिताबी हार का बदला लेने उतरी ओडिशा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। लेकिन कप्तान की उम्मीद के उलट ओडिशा के बल्लेबाज सीएससीएस के गेंदबाजों केंद्र सामने ढेर होते चले गए। टीम 117 रन पर सिमट गई।

सीएससीएस की ओर से मयंक यादव (4 विकेट) और शुभम सिंह ने 3 विकेट लिए। 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएससीएस 6 विकेट से जीत दर्ज की। अपनी घातक गेंदबाजी से प्रतिद्वंद्वी टीम को पीछे धकेलने वाले मयंक यादव प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

### 57 रन से जीता विदर्भ

महाराष्ट्र इलेवन के खिलाफ विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ने 20 ओवर में सिर्फ 3 विकेट खोकर 197 रन का बड़ा स्कोर सेट किया। 194 रनों के स्कोर का पीछा करने उतरे महाराष्ट्र इलेवन टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 140 रन ही बना सकी। विजेता टीम के बल्लेबाज जगजोत ससन को उनकी आतिशी बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## फिलिप्स के शतक से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 78 रन से रौंदा

**लाहौर।** ग्लेन फिलिप्स के पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में पाकिस्तान को 78 रन से हरा दिया। फिलिप्स ने 74 गेंद में छह चौकों और सात छक्कों से 74 गेंद में नाबाद 106 रन की पारी खेलकर चैंपियन्स ट्रॉफी की अपनी पुख्ता तैयारियों का नजारा पेश किया। उनकी पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने छह विकेट पर 330 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। डेरिल मिचेल (81) और केन विलियमसन (58) ने भी न्यूजीलैंड के लिए अर्धशतक जड़े। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने तीन विकेट चटकाए लेकिन उन्होंने 10 ओवर में 88 रन लुटाए। अबरार अहमद ने 21 रन देकर दो विकेट हासिल किए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 47.5 ओवर में 252 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की तरफ से मिचेल सेंटनर ने 41 जबकि मैट हेनरी ने 53 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए।



# नीरू ढांडा ने शूटिंग के मुकाबले में जीता गोल्ड

## नेशनल गेम्स में एक स्वर्ण के साथ पदक तालिका में मप्र टॉप 4 राज्यों में बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

उत्तराखंड में चल रहे नेशनल गेम्स 2025 में 14वें दिन मध्य प्रदेश की नीरू ढांडा ने शूटिंग स्पर्धा के शॉटगन विमेंस ट्रैप मुकाबले में स्वर्ण पदक आपने नाम किया। वहीं दिल्ली की कीर्ति ने रजत तो कांस्य पदक हरियाणा की आशिमा ने जीता।

इस उपलब्धि पर खेल मंत्री विश्वास सारंग ने नीरू ढांडा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा, यह उपलब्धि पूरे मध्यप्रदेश को गौरवान्वित कर रही है। आपका समर्पण और दृढ़ निश्चय युवा निशानेबाज़ों के लिए प्रेरणा बना रहेगा। मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सचिव दिग्विजय सिंह और संचालक खेल रवि कुमार गुप्ताने भी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

### आज के महत्वपूर्ण मुकाबले

मध्य प्रदेश के खिलाड़ी कल शूटिंग (शॉटगन), फेंसिंग, जिमनास्टिक, एथलेटिक्स, मॉडर्न पेंटाथलान, जूडो, और रेसलिंग में पदक के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगे।



## टूर्नामेंट 11 से 16 फरवरी तक चीन के किंगदाओ में खेला जाएगा

# सिंधू चोट के कारण एशियन चैंपियनशिप से हटीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण चीन में होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। इससे देश की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक का रंग सुधारने की संभावनाओं को बड़ा झटका लगा है। यह टूर्नामेंट 11 से 16 फरवरी तक किंगदाओ में खेला जाएगा।

भारतीय खिलाड़ी अभी गुवाहाटी में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रहे हैं। सिंधू के अलावा शिविर में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय के साथ-साथ सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष युगल जोड़ी भी हिस्सा ले रही है। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी उस भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसने टूर्नामेंट के पिछले सत्र में कांस्य पदक जीता था। सिंधू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मैं भारी मन से यह बता रही हूं कि मैं बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं करूंगी। चार फरवरी को गुवाहाटी में ट्रेनिंग के दौरान मुझे अपनी पैर की मांसपेशियों में दर्द महसूस हुआ। अपने देश के लिए पट्टी लगाकर खेलने के प्रयास करने के बावजूद एमआरआई से पता चला है कि मुझे शुरुआत में जितना लगा था चोट के ठीक होने में उससे अधिक समय लगेगा।'



### चोटों से जूझते हो गए तीन साल

सिंधू बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में अपना पहला महिला एकल स्वर्ण पदक जीतने के बाद से चोटों से जूझ रही हैं। इस स्टार खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया था जिसके कारण वह 2022 में विश्व चैंपियनशिप और विश्व टूर फाइनल सहित सभी शेष प्रतियोगिताओं से बाहर हो गईं थी।

### भारत को मिला कठिन ग्रुप

बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारत को उपविजेता दक्षिण कोरिया और मकाऊ के साथ कठिन ग्रुप डी में रखा गया है। भारत अपना अभियान 12 फरवरी को मकाऊ के खिलाफ शुरू करेगा जिसके बाद 13 फरवरी को दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा मुकाबला होगा। सिंधू ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह टीम की हौसलाअफजाई करेंगी।



# 'सनम तेरी कसम' ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** कुछ फिल्में री-रिलीज के दौरान अच्छा प्रदर्शन भी कर रही हैं। इस साल 'सनम तेरी कसम' पर दर्शक टूट पड़े हैं। मूल रूप से साल 2016 में रिलीज हुई इस फिल्म ने तब टोटल कमाई जितनी की थी, उतनी री-रिलीज के दौरान सिर्फ दो दिनों में कर डाली है। सनम तेरी कसम को 7 फरवरी को सिनेमाघरों में एक बार फिर रिलीज किया गया। पहले दिन इसने करीब चार करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन इसने करीब पांच करोड़ रुपए का कारोबार किया है। रिपोर्ट के मुताबिक दो दिनों में फिल्म की कमाई करीब 9.50 करोड़ रुपए रही है। यह इसके ऑरिजनल लाइफटाइम कलेक्शन से ज्यादा है।

लाइफ Style



# प्राजक्ता

## माता-पिता को तोड़नी पड़ी थी उनकी गुल्लक

अभिनेत्री और यूट्यूबर प्राजक्ता कोली ने अपने बचपन की एक इमोशनल याद साझा की है। उन्होंने बताया कि एक बार उनके माता-पिता ने उनकी गुल्लक तोड़ी है। उन्होंने कहा कि पैसों की कमी के कारण माता पिता ने उनकी गुल्लक फोड़ी थी। हालांकि, उस दौरान वे छोटी बच्ची थीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्राजक्ता ने कहा, मुझे याद है जब मैं 12 साल की थी, मैं अपने स्कूल या ट्यूशन से घर आई और मम्मी पापा ने मुझे प्यार से बैठाया। मुझे याद है उन्होंने कहा, 'आबू, हम इस महीने थोड़ा संघर्ष कर रहे हैं। इसलिए हमें आपका गुल्लक तोड़ना होगा।' मैंने कहा, 'ठीक है'। उन्होंने कहा, 'कोई बात नहीं, हम आपके लिए एक नया गुल्लक लाएंगे।' प्राजक्ता के पिता मनोज कोली ने कहा, 'हां...उस समय मैं एक मल्टी-लेवल मार्केटिंग कंपनी में काम कर रहा था। उस समय भारत में एक नया चलन था। उस समय, 1999-2000 में, मैंने उस कंपनी में बहुत सारा पैसा लगाया, लगभग 11 लाख, मेरी सारी बचत और कंपनी दिवालिया हो गई। उसके बाद मैं खाली हो गया...उस समय मैंने टैक्सी चलाई, कुछ भी काम नहीं कर रहा था, मेरे पास घर के महीने भर के खर्च के लिए पैसे नहीं थे। मैंने रिश्तेदारों और दोस्तों से मदद लेने की पूरी कोशिश की, लेकिन नहीं मिली। मेरा आखिरी विकल्प अपना गुल्लक तोड़ना था और उस पैसे से हमें उस महीने के खर्च में मदद मिली। मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि हम प्राजक्ता के सहयोग से अपने परिवार को चलाने में मदद की शुरुआत तब से हुई।'

हॉलीवुड मसाला



# 'जुरासिक वर्ल्ड...' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो काफी धमाकेदार है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि डायनासोर का धरती पर अंत होने वाला है। अब इंसानी जीवन को बचाने के लिए जिंदा डायनासोर के डीएनए की जरूरत है। इसे निकालने के लिए स्कारलेट जॉनसन और टीम के पास आखिरी मौका है। यह फिल्म 2 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी। साल 2022 में 'जुरासिक वर्ल्ड: डोमिनियन' में हुई घटनाओं के पांच साल बाद की कहानी 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' में दिखाई गई है।

# एड शीरन को परफॉर्म करते हुए पुलिस ने रोका



**मुंबई।** एड शीरन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें पुलिस उनका माइक बंद करते हुए दिख रही है। ये वीडियो देख फैंस भड़क गए। उनका कहना है कि ये निराशानजनक है। बता दें कि एड शीरन का बेंगलुरु में लाइव कॉन्सर्ट है। इससे पहले उन्होंने स्ट्रीट पर जैमिंग की। ब्रिटिश सिंगर एड शीरन इस वक्त भारत में हैं। 'शेप ऑफ यू' और 'परफेक्ट' जैसे गानों के लिए फेमस सिंगर के कुछ वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वो बेंगलुरु के चर्च स्ट्रीट पर अचानक एक जैमिंग सेशन में शामिल हुए। उन्होंने गान शुरू किया, पर तुरंत ही वहां पुलिस आ गई और माइक बंद कर दिया, प्रोग्राम रोक दिया। ये वीडियो देख सिंगर के फैंस भड़क रहे हैं और पुलिस के इस रवैये को गलत बता रहे हैं।

एक ने लिखा, 'इस तरह के उत्साह को कम होते देखना निराशाजनक है।' एक और फैन ने कॉमेंट किया, 'फैंस के लिए एड शीरन संग एक सामने से एक पल था, जिसे छीन लिया गया।'



# मेहंदी से लिखवाया कुछ ऐसा कि हो गया विवाद

**मुंबई।** सारा अली खान अभी सिंगल हैं। 29 साल की एक्ट्रेस ने अपने पुराने इंटरव्यूज में कहा है कि वह 31-31 साल तक शादी करना चाहेंगी और दो बच्चों की मां भी बनेंगी। हालांकि, अभी उसमें वक्त है। मगर उसके पहले इन्होंने कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिसे देख हर कोई हैरान रह गया। लोगों को लगा कि एक्ट्रेस की शादी हो गई है। वह जिस तरह से सजी-धजी नजर आईं, उसमें वह एकदम नई-नवेली दुल्हन लग रही हैं। हालांकि, कुछ की नजर उनकी मेहंदी पर अटक गई। फोटोज में सारा अली खान के हाथों में मेहंदी भी रची हुई है। जिसे उन्होंने फ्लॉन्ट किया है। इसमें बाएं हाथ पर त्रिशूल और ओम लिखा हुआ है। वहीं, दाहिने हाथ पर 'जय भोलेनाथ' लिखा हुआ है। एक ने लिखा, 'हाथ पर भगवान की फोटो नहीं होना चाहिए। ये गलत है।



# अल्लू को नहीं पसंद बॉलीवुड शब्द...

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-2 द रूल' की कमाई को आसमान की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में हिंदी फैंस का भी हाथ रहा है। क्योंकि, फिल्म के तमिल वर्जन के बाद सबसे ज्यादा कमाई हिंदी वर्जन ने ही की थी। सिनेमाघरों में रिकॉर्ड तोड़ कमाई करने के बाद अब अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-2' नेटफ्लिक्स पर जलवा दिखा रही है। फिल्म की तमिल वर्जन के बाद सबसे शानदार कमाई हिंदी वर्जन से ही हुई थी। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि अल्लू अर्जुन को बॉलीवुड शब्द ही पसंद नहीं है। इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि वह उत्तर भारत की फिल्म इंडस्ट्री से नफरत करते हैं। असल में उन्होंने एक इवेंट में बताया कि उन्हें 'बॉलीवुड' शब्द नहीं पसंद, इसकी जगह वह 'हिंदी सिनेमा' कहना पसंद करते हैं।




# राज कपूर के लेकर शाहरुख खान तक ये हैं हिंदी सिनेमा के रोमांटिक हीरो...



**मुंबई।** वैलेंटाइन वीक के खास मौके पर हिंदी सिनेमा के उन अभिनेताओं की याद आती है, जिन्होंने अपने अभिनय और आकर्षण से दर्शकों के दिलों में एक स्थायी जगह बनाई है। रोमांटिक हीरो की भूमिका निभाने वाले इन अभिनेताओं ने अपने अंदाज और मासूमियत से न सिर्फ सिनेमा जगत को, बल्कि दर्शकों पर भी गहरी छाप छोड़ी। आइए जानते हैं कुछ ऐसे प्रमुख रोमांटिक हीरो के बारे में जिन्होंने हिंदी सिनेमा में खास मुकाम हासिल किया।

***दिलीप कुमार :*** दिलीप कुमार हिंदी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार थे। पर्दे पर वह भी रोमांटिक अंदाज दिखा चुके हैं। 'मुगल-ए-आजम' और 'नया दौर' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी ने उन्हें रोमांटिक हीरो की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है।

***राज कपूर :*** राज कपूर अपनी रोमांटिक किरदारों की वजह से खूब मशहूर हुए। उनकी फिल्में 'आवारा' और 'श्री 420' में रोमांस और सामाजिक संदेशों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। वह अपने समय के सबसे बड़े रोमांटिक नायक थे, जिनकी फिल्मों में प्यार के अलावा जीवन के गहरे मायने भी नजर आते थे।

***राजेश खन्ना :*** राजेश खन्ना के बिना ये सूची अधूरी है। अपने रोमांटिक अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। बड़ी संख्या महिलाएं उन्हें पसंद करती थीं। 'अराधना' और 'सच्चा झूठा' समेत दर्जनों फिल्मों में वह अपने रोमांस का जादू बड़े पर्दे पर चलाते नजर आए।

***देव आनंद :*** देव आनंद का नाम आते ही रोमांस, दिलकश अंदाज और आकर्षक छवि सामने आ जाती है। बड़े पर्दे पर वह कई फिल्मों में रोमांटिक किरदार निभा चुके हैं। करियर के पीक पर देव आनंद की महिला प्रशंसक काफी ज्यादा हुआ करती थीं।

***ऋषि कपूर :*** भारतीय सिनेमा के रोमांटिक अभिनेताओं में ऋषि कपूर का नाम भी शामिल है। अपनी पहले ही फिल्म 'बॉबी' से उन्होंने धमाल मचा दिया था। 'चांदनी' और 'बोल राधा बोल' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी नटखट और आकर्षक भूमिका से रोमांस की दुनिया में अपना एक विशेष स्थान बनाया। उनकी मुस्कान और मासूमियत दर्शकों को दिलों में बसा हुआ है।

***शाहरुख खान :*** शाहरुख खान को रोमांटिक फिल्मों का 'किंग' कहा जाता है। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'कुछ कुछ होता है' जैसी फिल्मों में उनकी रोमांटिक भूमिकाएं देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी लोकप्रिय बना दिया। उनके अभिनय में जो सहजता और प्यार की भावना दिखती है, वह उन्हें आज भी दर्शकों का पसंदीदा बनाती है।

***सलमान खान :*** सलमान खान ने रोमांटिक फिल्मों में अपनी अनूठी पहचान बनाई है। 'मैंने प्यार किया' और 'हम दिल दे चुके सनम' जैसी फिल्मों में उनका रोमांटिक अंदाज आज भी दर्शकों के दिलों में बसा हुआ है।

# 'आई एम नॉट एन एक्टर' का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की आगामी फिल्म 'आई एम नॉट एन एक्टर' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर मार्च में कैलिफोर्निया में 'सिनेक्वेस्ट फिल्म फेस्टिवल 2025' में होने वाला है। फिल्म के निर्देशक ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर साझा करते हुए इस फिल्म को कलाकारों के लिए प्रशंसा बताया।

उन्होंने लिखा, 'एक्टिंग की कला और क्राफ्ट के लिए एक प्रशंसा साथ ही, एक अभिनेता के जीवन के लिए भी।' आदित्य कृपलानी द्वारा निर्देशित यह हिंदी-अंग्रेजी ड्रामा पूरी तरह से मुंबई अभिनेता की कहानी है, जो वीडियो कॉल के माध्यम से एक रिटायर्ड, उदास फ्रैंकफर्ट बैंकर को सलाह देता है। नवाजुद्दीन को आखिरी बार फिल्म 'रौतू का राज' में नारायणी शास्त्री, राजेश कुमार और अतुल तिवारी के साथ मुख्य भूमिकाओं में देखा गया था। अब वह इस फिल्म में नजर आने वाले हैं।




## वैलेंटाइन वीक में देखी जा सकती हैं कुछ बढ़िया लव स्टोरी फिल्में

# हिंदी सिनेमा की सुपरहिट प्रेम कहानियां, जो आज भी हैं यादगार

*नई दिल्ली। फरवरी का महीना! सर्दियों की विदाई और गर्मियों की आमद वाले इस मौसम को गुलाबी मौसम कहा जाता है। इसी में पड़ता है वैलेंटाइन वीक। सात दिनों में प्रेम दीवाने प्यार को जी लेने को उतावले रहते हैं। अब जब कथित मोहब्बत वाला महीना चल ही रहा है तो क्यों न सिनेमा की दुनिया की कुछ बढ़िया लव स्टोरी फिल्मों का भी जिक्र किया जाए।*

**'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' (1995) :** बॉलीवुड की लव स्टोरी फिल्मों का जिक्र हो और 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का जिक्र न हो, ऐसा कैसे हो सकता है भला? हिंदी सिनेमा के रोमांस किंग और काजोल की जोड़ी वाली यह फिल्म ब्लॉकस्टर साबित हुई। 90 के दशक की इस फिल्म को आज भी दर्शक उतनी ही दिलचस्पी से देखते हैं।

**'हम दिल दे चुके सनम' (1999) :** सलमान खान और ऐश्वर्या राय की जोड़ी इस फिल्म में नजर आई। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस फिल्म का सेट, कहानी और स्टारकास्ट से लेकर म्यूजिक तक, सबकुछ नंबर वन रहा। सलमान और ऐश्वर्या की जोड़ी को पसंद करने वाले दर्शकों को लिए तो यह एक धरोहर सरीखी है। फिल्म में दोनों के बीच रोमांस देखने को मिला।

**मोहब्बतें (2000) :** आदित्य चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म के टाइटल की तरह ही इसमें प्यार वाले इमोशंस हैं। इसमें अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय अहम रोल में हैं। इनके अलावा



उदय चोपड़ा, जुगल हंसराज, जिमी शेरगिल, शमिता शेट्टी, किम शर्मा और प्रीति झिंगियानी जैसे सितारे हैं। दो पीढ़ियों के वैचारिक अंतर को भी फिल्म में बखूबी दिखाया गया है।

***देवदास (2002) :*** संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी यह फिल्म शरतचंद्र चटोपाध्याय के उपन्यास 'देवदास' पर आधारित है। इसमें शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित लीड रोल में हैं। इसमें देव और पारो की प्रेम कहानी को दिखाया गया है। इससे पहले 1936 मे 'देवदास' बन चुकी है। 1936 की फिल्म कुंदनलाल सहगल द्वारा अभिनीत थी, जबकी 1955 मे रिलीज हुई 'देवदास' मे दिलीप कुमार ने लीड रोल किया था।

***वीर जारा (2004) :*** यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहरुख खान और प्रीति जिंटा लीड रोल में हैं। दो अलग-अलग मुल्कों के लोगों के बीच प्यार करने वालों की स्थिति को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। फिल्म में भारतीय पायलट वीर (शाहरुख खान) को पाकिस्तानी लड़की जारा (प्रीति जिंटा) से मोहब्बत हो जाती है। वीर को जब पाकिस्तानी जेल में बंदी बनाया जाता है, तो जारा उसे मृत मान लेती है और भारत आकर उसके गांव के लोगों की सेवा करती है। 22 साल बाद सामया सिद्दीकी (रानी मुखर्जी) वीर का केस लड़ती है। जारा को सच्चाई पता चलती है।

**जब वी मेट (2007) :** शाहिद कपूर और करीना कपूर अभिनीत और इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म का जवाब नहीं। यह ऐसी फिल्म है, जिसके दूसरे पार्ट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और अक्सर इम्तियाज अली से सीक्वल बनाने की गुजारिश करते हैं। करीना कपूर ने चुलबुली गीत का किरदार अदा किया है। फिल्म के गाने भी धमाल हैं। फिल्म की कहानी आदित्य (शाहिद कपूर) और गीत (करीना कपूर) की है। एक बिजनेसमैन का बेटा आदित्य बेवजह ट्रेन में चढ़ जाता है और खुदकुशी करना चाहता है। ट्रेन में उसकी मुलाकात जिंदादिल गीत से होती है। आदित्य को जिंदगी के प्रति नया नजरिया मिलता है।

**रॉकस्टार (2011) :** रणबीर कपूर, नरगिस फाखरी, अदिति राव हैदरी जैसे सितारों से सजी यह फिल्म भी इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान ने रचा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930